सूर्योदय : 6:53
सूर्यास्त : 5:21
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-187 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 29 दिसम्बर 2024
26 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन

- बेटी ने दी मुखाग्नि
- राहुल गांधी शव यात्रा में दिखे साथ
- राष्ट्रपति व पीएम मोदी सहित कई नेता रहे मौजूद











**नई दिल्ली।** आर्थिक सुधारों के जनक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। मनमोहन सिंह की बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई अन्य हस्तियों ने सिंह को अंतिम विदाई दी। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता ''जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा'' और ''मनमोहन सिंह अमर रहें'' नारे लगाते रहे। सिंह का पार्थिव शरीर जिस वाहन में रखा गया, उसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, मनमोहन सिंह के परिवार के कुछ सदस्य और कांग्रेस के कुछ नेता भी बैठे थे। अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय '24 अकबर रोड' में रखा गया था जहां सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# डल्लेवाल को अस्पताल ले जाएं या कार्रवाई का सामना करें

- सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव और डीजीपी को दी चेतावनी
- पंजाब सरकार के पास 31 दिसंबर तक का समय



> पंजाब सरकार ने डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा कि उसे प्रदर्शनकारी किसानों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने डल्लेवाल को घेर लिया है और वे उन्हें अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने पीठ से कहा कि विशेषज्ञों की एक टीम ने विरोध स्थल का दौरा किया और डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती होने एवं चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए मनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, ''उन्होंने (डल्लेवाल ने आईवी) ड्रिप समेत किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता लेने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि इससे आंदोलन का उद्देश्य कमजोर हो जाएगा।

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने के लिए मनाने के सिलसिले में पंजाब सरकार को 31 दिसंबर तक का समय दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने एक अभूतपूर्व सुनवाई करते हुए स्थिति को बिगड़ने देने तथा डल्लेवाल को चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने के उसके पूर्व निर्देशों का पालन नहीं करने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। इससे नाराज पीठ ने पंजाब सरकार को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जो किसान नेता डल्लेवाल को अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे, वे आत्महत्या के लिए उकसाने का आपराधिक कृत्य कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार को स्थिति के अनुसार केंद्र से साजो-सामान संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता लेने की अनुमति दी और उम्मीद जताई कि राज्य सरकार डल्लेवाल को अस्पताल स्थानांतरित करने के उसके निर्देश का पालन करेगी। पीठ ने कहा कि डल्लेवाल अपने साथियों के दबाव'' में हैं और जो किसान नेता उन्हें अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे, वे उनके शुभचिंतक नहीं लगते।

## न्यूज डायरी

### मॉरीशस में झुका रहेगा आधा ध्वज



**नई दिल्ली।** मॉरीशस ने घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में शनिवार को सूर्यास्त तक सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में उसका राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में निजी क्षेत्र से भी झंडे को आधा झुका कर फहराने का आग्रह किया। मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल ने दिल्ली आकर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सरकार ने मनमोहन का अपमान किया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री का सरासर अपमान किया है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह भी कहा कि सरकार को देश के इस महान सपूत और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया था। वह 92 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ निगमबोध घाट पर किया गया।

### ईडी ने की छापेमारी

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत शनिवार को राज्य के कांग्रेस विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुल सात परिसरों की तलाशी ली जा रही है। इनमें रायपुर स्थित लखमा का आवास और सुकमा जिले में उनके बेटे हरीश लखमा के परिसर के अलावा कुछ संबंधित व्यक्तियों के परिसर भी शामिल हैं। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने आरोप लगाया कि ये छापे शहरी निकाय और पंचायत चुनावों से पहले विपक्षी पार्टी के नेताओं को परेशान करने की भाजपा की साजिश का हिस्सा हैं।

# सीएम योगी ने अमित शाह, नड्डा और राजनाथ से की मुलाकात

- महाकुंभ का दिया आमंत्रण



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात की और प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के लिए उन्हें आमंत्रित किया। सीएम योगी ने समस्त महानुभावों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुंभ 2025 के लोगो वाला प्रतीक चिन्ह, कलश, महाकुंभ से जुड़ा साहित्य और नव वर्ष का टेबल कैलेंडर व डायरी भेंट की।

इन सभी विशिष्टजनों को 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के लिए आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी स्वयं शनिवार को दिल्ली में थे। उन्होंने सबसे पहले मिजोरम के राज्यपाल जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह से यूपी सदन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें आमंत्रित किया। इसके बाद उन्होंने पूर्व राष्ट्पति रामनाथ कोविंद से भी उनके सरकारी आवास पर भेंट कर उन्हें महाकुंभ 2025 में आने का निमंत्रण दिया। इसके बाद सीएम योगी गृहमंत्री अमित शाह और फिर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे।

# गहलोत सरकार में बने नौ जिले और तीन संभाग खत्म

- भजनलाल कैबिनेट का अहम फैसला



**जयपुर।** अब राजस्थान में होंगे सात संभाग और 41 जिले, भजनलाल सरकार के फैसले पर कांग्रेस नेताओं ने क्या कहा जयपुर सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारी कल्याण के साथ-साथ युवाओं के हित, प्रदेश में सुशासन और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण फैसले किए गए। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कैबिनेट ने पिछली सरकार के समय में गठित जिलों और संभागों का पुनः निर्धारण किया है, जिसके बाद अब प्रदेश में कुल सात संभाग और 41 जिले होंगे। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी वर्ष में प्रदेश में 17 नवीन जिले और तीन नवीन संभाग बनाने का निर्णय लिया था, जिसके क्रम में राजस्व विभाग द्वारा दिनांक पांच अगस्त 2023 को अधिसूचना जारी कर जिलों और संभागों का सृजन किया गया था। तीन नए जिलों की घोषणा विधानसभा चुनाव 2023 की आचार संहिता से एक दिन पहले की गई, जिनकी अधिसूचना भी जारी नहीं हो सकी थी।

पटेल ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने नवीन जिलों एवं संभागों का गठन पूरी तरह से राजनीतिक लाभ लेने के लिए किया। इसमें वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता, प्रशासनिक आवश्यकता, कानून व्यवस्था, सांस्कृतिक सामंजस्य आदि किसी भी महत्वपूर्ण बिन्दु को ध्यान में नहीं रखा गया। नए जिलों के लिए पिछली सरकार ने कार्यालयों में न तो आवश्यक पद सृजित किए और न ही कार्यालय भवन बनवाए।

# प्लेन क्रैश के लिए पुतिन ने मांगी माफी

## कजाखस्तान के अकताउ के पास क्रैश हुआ था विमान, 38 लोगों की हुई थी मौत

- रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने गिराया था विमान

> क्रेमलिन के बयान में कहा गया, अजरबैजान का यात्री विमान अपनी तय उड़ान पर था और बार-बार ग्रोज्नी हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान ग्रोज्नी, मोजडोक और व्लादिकावकाज पर यूक्रेनी ड्रोन हमले हो रहे थे और रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने इन हमलों को विफल किया। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने आज अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव को एक पत्र भेजकर इस हादसे के लिए माफी मांगी। क्रेमलिन के बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए माफी मांगी और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। क्रेमलिन के सूत्रों ने बताया कि पुतिन ने अलीयेव से फोन पर भी बात की और इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की।



**मॉस्को।** रूस ने शनिवार को माना कि उसके वायु रक्षा बलों ने यूक्रेन के ड्रोन हमलों को विफल करने के प्रयास में अजरबैजान एयरलाइंस के विमान को मार गिराया। क्रेमलिन ने कहा कि विमान रूस के ग्रोज्नी हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास कर रहा था, तभी रूस के कई क्षेत्रों में यूक्रेनी ड्रोन हमले हो रहे थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस हादसे को लेकर माफी मांगी है। कजाखस्तान के अक्तौ में बुधवार की दोपहर करीब 12.30 बजे अजरबैजान एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इसमें 38 लोगों की जान चली गई थी। विमान में चालक दल के पांच सदस्यों सहित 62 लोग सवार थे। यात्री अजरबैजान, रूस, कजाखस्तान और किरगिस्तान के नागरिक थे। विमान अजरबैजान की राजधानी बाकू से उड़ान भरने के बाद रूस के दक्षिणी क्षेत्र ग्रोज्नी की ओर जा रहा था। लेकिन विमान एक धमाके के साथ कजाखस्तान के अक्तौ शहर के पास गिर गया था। क्रेमलिन ने इस बात को कबूल किया है कि रूसी वायु रक्षा बल यूक्रेन के सिलसिलेवार ड्रोन हमलों को विफल करने का प्रयास कर रहे थे, उसी समय विमान रूस के ग्रोज्नी में उतरने का प्रयास कर रहा था। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को पहले संकेत मिले थे कि विमान को रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने गिराया है। हालांकि, उन्होंने इस पर और टिप्पणी करने से मना कर दिया। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति के प्रवक्ता एंड्री यरमाक ने कहा कि इस घटना के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश से पीएम ने की मुलाकात

- विश्व शतरंज विजेता बनने पर बधाई दी



**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश से मुलाकात की और उन्हें विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने के लिए बधाई दी। इस दौरान गुकेश के माता-पिता भी मौजूद रहे। बता दें कि, इसी महीने गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें और अंतिम दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम किया था। लिरेन को हराकर वह सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। 18 वर्ष की उम्र में उन्होंने इतिहास रच दिया। पीएम आवास में हुई इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा - शतरंज चैंपियन और भारत के गौरव डी गुकेश के साथ शानदार बातचीत हुई। मैं पिछले कुछ सालों से उनके साथ निकटता से बातचीत कर रहा हूं, और उनके बारे में जो बात मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह है उनका दृढ़ संकल्प और समर्पण। उनका आत्मविश्वास वाकई प्रेरणादायक है। दरअसल, मुझे कुछ साल पहले उनका एक वीडियो याद है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनेंगे - एक भविष्यवाणी जो अब उनके अपने प्रयासों की बदौलत सच साबित हुई है।

# संभल में जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी का निर्माण, कराया गया भूमि पूजन

- वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एएसपी ने रखी आधारशिला
- सुरक्षा के घेरे में डाली गयी नींव
- पुलिस चौकी का नाम होगा सत्यव्रत



**संभल।** संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट है। अब जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण शुरू हो गया है। शुक्रवार को मस्जिद के पास खाली मैदान पर खोदाई करवाई गई। अब शनिवार सुबह में निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र की मौजूदगी में पंडित शोभित शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया। 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल से सतर्क हुए पुलिस-प्रशासन ने जामा मस्जिद के नजदीक पुलिस चौकी बनाने का निर्णय लिया। यह पुलिस चौकी जामा मस्जिद के सामने स्थित मैदान में बनाई जा रही है। शुक्रवार को एएसपी के नेतृत्व में पुलिस चौकी के लिए जमीन की पैमाइश की गई। नगर पालिका की टीम ने नींव खोदाई शुरू की। संभल के जामा मस्जिद के पास निर्माणाधीन पुलिस चौकी का नाम सत्यव्रत पुलिस चौकी रखा जा सकता है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने बताया कि संभल के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यह नाम प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बनाई जा रही है। सत्यव्रत नाम संभल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के सम्मान को दर्शाता है। हाल के दिनों में क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत यह चौकी भी तैयार की जा रही है। इसी दौरान कुछ लोगों ने पहुंचकर अपनी पुश्तैनी जमीन होने का दावा किया। एसडीएम ने दावे को खारिज कर दिया है। जिस जमीन पर पुलिस चौकी का निर्माण हो रहा है वो जामा मस्जिद के नाम वक्फ जमीन में बनाया जाना है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा है।

# महिला सम्मान योजना पर बवाल उपराज्यपाल ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने महिला सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं की निजी जानकारी एकत्र करने वाले निजी व्यक्तियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।



उनके कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा उसकी योजना को रोकना चाहती है और उसे फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में हार का डर है। वहीं उपराज्यपाल ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव इस मामले को मुख्य निर्वाचन कार्यालय के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में ला सकते हैं, क्योंकि इस तरह का प्रचार-प्रसार चुनाव से पहले हो रहा है। जांच का आदेश कांग्रेस नेता और नयी दिल्ली विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार संदीप दीक्षित की शिकायत के आधार पर दिया गया, जिन्होंने हाल ही में राज निवास में सक्सेना से मुलाकात की थी। मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को संबोधित एक पत्र में उपराज्यपाल के प्रमुख सचिव ने कहा उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को गैर-सरकारी लोगों द्वारा व्यक्तिगत विवरण और फॉर्म एकत्र करने के मामले में संभागीय आयुक्त के माध्यम से जांच कराने की इच्छा व्यक्त की है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 16 घंटे से फंसे इंडिगो के 100 यात्री

- फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी यात्रियों का हाल बेहाल



**नई दिल्ली।** मुंबई से इस्तांबुल जाने वाले कम से कम 100 यात्री छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। तकनीकी खराबी की वजह से इंडिगो की फ्लाइट रवाना नहीं हो पा रही है। पिछले 16 घंटों से यात्री एयरपोर्ट पर फ्लाइट रवाना होने का इंतजार कर रहे हैं। इंडिगो फ्लाइट नंबर 6 ई17 को आज सुबह इस्तांबुल के लिए रवाना होना था। एयरलाइन ने जानकारी दी है कि वैकल्पिक फ्लाइट से यात्रियों को इस्तांबुल भेजा जाएगा। उड़ान रात 11 बजे रवाना होगी। एयरलाइन कंपनी ने इस घटना को लेकर यात्रियों से माफी मांगी। एयरलाइन ने कहा, हमें खेद है कि हमारी उड़ान 6ई17, जो मूल रूप से मुंबई से इस्तांबुल के लिए संचालित होने वाली थी, तकनीकी समस्याओं के कारण विलंबित हो गई। दुर्भाग्य से समस्या को ठीक करने और गंतव्य तक विमान को भेजने के हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, हमें अंततः उड़ान रद्द करनी पड़ी। सूत्रों ने बताया कि उड़ान में कम से कम तीन बार देरी हुई। यात्रियों को विमान में चढ़ने और उतरने के लिए कहा गया. लेकिन बाद में उन्हें विमान के अंतिम प्रस्थान समय के बारे में सूचित नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि कई यात्रियों ने हवाई अड्डे पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही यह मांग की कि एयरलाइन या तो रिफंड जारी करे या वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करे। एक्स एक यूजर सोनम सैगल ने लिखा, मेरा भाई इंडिगो और उनके कर्मचारियों के बेहद गैर-पेशेवर व्यवहार के कारण 12 घंटे से अधिक समय से मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसा हुआ है। उसकी इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट थी, जो पहले तो विलंबित हो गई, फिर उसे दो बार विमान में चढ़ने और उतरने के लिए मजबूर किया गया।

# 3.89 लाख की लूट का पुलिस ने किया खुलासा घटना में शामिल चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली पुलिस ने एनएच 730 पर हुई 3.89 लाख की लूट का खुलासा किया है। पुलिस ने घटना में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई नगदी मोबाइल और घटना में प्रयोग की गई मारुति वैन भी बरामद हुई है। पकड़े गए बदमाशों का एक साथी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। दुबग्गा मंडी लखनऊ के आढ़ती हर्षित राय का मुनीम मो. अर्शलान गुरुवार को राजपुर मंडी वसूली करने आया था। हर्षित का अदरक का व्यापार है मुनीम के अनुसार उसने राजपुर मंडी में दो व्यापारियों से 3.89 लाख रुपए वसूले और पैसे लेकर ऑटो से एलआरपी जा रहा था। एलआरपी से उसे लखनऊ के लिए बस पकड़नी थी। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि मुनीम जब ऑटो से एनएच 730 पर फनमाल के पास पहुंचा तभी उसको पहले से खड़े मारुति वैन सवार पांच बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने उससे नगदी भरा बैग लूट लिया और रामापुर की तरफ भाग गए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने में सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी की अगुवाई में दो पुलिस टीमों को लगाया गया। एक टीम शहर कोतवाल अम्बर सिंह की अगवाई में काम कर रही थी। जबकि दूसरी टीम क्राइम ब्रांच प्रभारी आलोक कुमार सिंह की अगुवाई में काम कर रही थी। पुलिस ने जल्द ही बदमाशों की पहचान कर ली। शनिवार की सुबह उनकी लोकेशन रामापुर तिराहे के पास मिली। पुलिस ने घेराबंदी करके चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनका एक साथी भागने में सफल रहा पकड़े गए बदमाशों की पहचान अंकित गौतम निवासी राजाजीपुरम, आकाश वर्मा निवासी राजापुर, शादाब निवासी राजापुर और मिथुन सिंह निवासी पक्का तालाब खीरी टाउन के रूप में हुई। जबकि मौके से भाग जाने वाले बदमाश की पहचान मुन्ना निवासी खत्रीटोला खीरी टाउन के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के पास से लूटी गई नगदी में से 2,72,700 रुपए बरामद किए हैं। घटना में प्रयोग की गई मारुति वैन भी बरामद हुई है। पकड़े गए बदमाशों में से अंकित, आकाश और मिथुन का आपराधिक इतिहास है।



# स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह की शोक सभा आयोजित कर सैकड़ो कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** जिला कांग्रेस भवन लखीमपुर मुख्यालय पर कार्यवाहक अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी यह अगुआई में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री विद्वान एवं अर्थशास्त्री भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाले स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह की शोक सभा आयोजित कर उन्हें सैकड़ो कांग्रेस जनों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की प्रमुख रूप से पंकज शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि भारत को आर्थिक मजबूती देने वाले प्रधानमंत्री सादगी का जीवन जीने वाले आज हमारे बीच से चले गए देश उन्हें कभी भुला नहीं पाएगा चर्चा की। चर्चा के उपरांत 2 मिनट का मौन रहकर के उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को



मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक अमन गिरि के चाचा धर्मेंद्र गिरि मोंटी के मकान पर भी चलने लगे हथौड़े

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा विधायक अमन गिरि के चाचा धर्मेंद्र गिरि मोंटी के मकान पर हथौड़े भी चलने लगे। हालांकि प्रशासन से पहले खुद गिरि परिवार ने तोड़फोड़ का अभियान शुरू किया है। उधर उनके पास के मकानों के लोग भी अपने आप छज्जा आदि तोड़ने में जुट गए हैं प्रशासन ने भाजपा विधायक अमन गिरि के पैतृक आवास और आसपास के सात मकानों पर लाल निशान लगाए थे। किसी के मकान का 1.90 फिट तो किसी का 3 फिट का मकान ध्वस्तीकरण के दायरे में आ रहा था प्रशासन का कहना है कि ये सभी मकान वीआईपी रोड के किनारे आ रहे हैं। इस रोड के चौड़ीकरण के लिए भवनों का ध्वस्तीकरण होगा। शनिवार को भी बुलडोजर गरजता रहा।

## दो युवतियों को लखीमपुर जाने के लिए कोई संसाधन न मिलने पर डायल 112 पीआरवी लखीमपुर छोड़ने पहुंची

**लखीमपुर-खीरी।** मैगलगंज कस्बे में शुक्रवार शाम बाहर से आईं दो युवतियों को लखीमपुर जाने के लिए कोई संसाधन न मिलने पर डायल 112 पीआरवी लखीमपुर छोड़ने पहुंची। थाने की महिला आरक्षी की मौजूदगी में दोनों युवतियों को 50 किलोमीटर दूर लखीमपुर छोड़ा गया। दोनों युवतियां किसी प्राइवेट कंपनी के उत्पाद का प्रचार प्रसार करने के लिए मैगलगंज आईं थीं जिनमें एक मध्य प्रदेश की व दूसरी फरधान क्षेत्र की रहने वाली हैं। शुक्रवार शाम मैगलगंज कस्बे के मुख्य चौराहे पर दो युवतियां लखीमपुर जाने के लिए पहुंची थीं, लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण मैगलगंज से लखीमपुर तक के लिए इस रूट पर कोई वाहन नहीं मिला। संसाधन न मिलने पर परेशान युवतियों ने चौराहे पर मौजूद लोगों से लखीमपुर जाने के लिए साधन की जानकारी की तो लोगों ने लखीमपुर जाने का कोई साधन न होने की बात बताई। दोनों युवतियां बाहर की थीं उनका मैगलगंज क्षेत्र में कोई परिचित भी नहीं था जिससे परेशान होकर युवतियों ने अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुए डायल 112 पर कॉल कर मदद मांगी। कुछ ही देर में डायल 112 पीआरवी मौके पर पहुंच गई। युवतियों ने डायल 112 पुलिस को लखीमपुर तक छोड़ने की बात कही लेकिन पीआरवी पर महिला आरक्षी न होने के कारण डायल 112 पुलिसकर्मी ने इस इवेंट के लिए मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक को जानकारी दी।

# पैसा जारी होने के बावजूद नाले की नई दीवार नहीं बना रहा ठेकेदार

पुरानी दीवार के ऊपर ही ईंटों के रद्दे लगाकर नाले का करा रहा है निर्माण

**लखीमपुर-खीरी।** सिंगाही नगर पंचायत में लाखों की लागत से बन रहे नाले में ठेकेदार नाले की एक साइड की दीवार नई नहीं बना रहा है। वह उस तरफ की पुरानी दीवार के ऊपर ही ईंटों के रद्दे लगाकर नाला निर्माण करा रहा है। इससे यहां के लोगों में रोष है। सिंगाही के वार्ड नंबर दो मोहल्ला कोरियाना में देशराज सिंह के घर से पीपल चौराहे पर मेवालाल के घर तक 4.28 लाख की लागत से नाला बनाया जा रहा है। इसमें ठेकेदार नाले की एक साइड की पुरानी दीवार बगैर हटाए उसी के ऊपर ईंटों के दो रद्दे लगाकर नाला निर्माण करा रहा है। इसे लेकर मोहल्ले के लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि पूरा नाला दुबारा बनाने के लिए पैसा जारी होने के बावजूद पैसा बचाने के लिए एक साइड की दीवार पुरानी रखी जा रही है।

## वार्षिक समारोह में डॉ.कुमार विश्वास देंगे अपनी प्रस्तुति

**सहारनपुर।** चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज के कोर ग्रुप की बैठक में आगामी 22 मार्च को संस्था का वार्षिक समारोह समन्वय 2025 की तैयारियों की समीक्षा की गई, जिसमें विश्व प्रसिद्ध डॉक्टर कुमार विश्वास 'अपने-अपने राम' पर अपनी प्रस्तुति देंगे। बैठक में कम्बल वितरण व दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने का भी निर्णय लिया गया।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित होटल के सभागार में आयोजित बैठक में संस्था के अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी व महासचिव अमित चौधरी ने संस्था के वर्ष 2025 के कैलेण्डर का विमोचन किया, तत्पश्चात सहारनपुर क्लब के नवनिर्वाचित सचिव हेमन्त जोशी, सहसचिव जोधवीर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य माईदयाल सिंह मित्तल व अमित जौली को बुके व संस्था का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने बताया कि कल (आज) कन्वीनर संजय अरोड़ा के नेतृत्व में हरि मंदिर में कम्बल वितरण किया जायेगा, जबकि नीरज मिड्ढा के नेतृत्व में आगमी 1 जनवरी को सर्दियों में धुंध के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर राकेश कैमिकल तिराहे पर लगाए जायेगें।

# आगरा पुलिस ने लाखों रुपए के गांजे के साथ 2 तस्कर दबोचे



**आगरा।** नया साल आते आते आगरा पुलिस अपराधियों के प्रति सख्त नजर आ रही है। पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये गांजा ओडिशा से तस्करी को लाया गया था।

जानकारी अनुसार, सिकंदरा थाना क्षेत्र के गांव अरसेना में पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद छापा मारा। यहां से पुलिस द्वारा दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से 155 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे लोग गांजे की खेप ओडिशा से लाते हैं। इसके बाद बाइक से गांव-गांव जाकर छोटे सप्लायरों को माल पहुंचाने का काम करते हैं।

वही डीसीपी सूरज राय ने बताया कि थाना सिकंदरा पुलिस ने अरसेना गांव से करीब डेढ़ कुंतल गांजा बरामद किया है। ये गांजा तस्करी कर ओडिशा से आगरा लाया गया था। उन्होंने पकड़े गए गांजे की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए बताई है। पुलिस ने मौके से दो गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। डीसीपी राय ने बताया कि तस्कर एक जगह गांजा एकत्रित करते थे। ये लोग बाइक से गांजे की तस्करी करते थे।

## आगरा में तेज बारिश के बाद गिरा पारा, देर रात हुई बारिश से मौसम हुआ सर्द

**आगरा।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात जमकर हुई बारिश का असर आगरा तक देखा जा रहा है। शनिवार सुबह से ही आगरा और आसपास के इलाकों में आसमान में बादल छा गए। वही देर शाम आगरा में सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। बारिश से बचने के लिए लोग आनन-फानन में घर की ओर जाते भी दिखे। तेज बारिश के कारण बाजार भी बंद होते दिखे। एमजी रोड जैसी व्यस्त सड़क पर भी अवगवन ठप पड़ गया। देर शाम ही टूंडला और फिरोजाबाद में भी बारिश शुरू हो गई थी। दरअसल दिसंबर समाप्त होने को है पर महानगर में ठंड देखने को नहीं मिली।

जानकारी अनुसार शुक्रवार रात मथुरा, अलीगढ़, हाथरस में भी बारिश अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया था। लोगों में इस बात की भी चर्चा रही कि दिसंबर माह में इतनी तेज बारिश का अनुमान नहीं था। वैसे मौसम विभाग ने पहले ही बारिश को लेकर 'अलर्ट' जारी कर दिया था। बारिश के कारण ठंड भी काफी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने कल के लिए भी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया था।

मौसम विभाग के ओर से जारी अलर्ट में अगले तीन दिनों तक राज्य के पश्चिमी इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसको देखते हुए विभाग के ओर से पश्चिमी यूपी में येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग की ओर से जारी अलर्ट में यूपी के करीब 50 जिलों में बारिश का अनुमान जताया गया है।

हालांकि विभाग के ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि 31 दिसंबर और एक जनवरी को बारिश का अनुमान नहीं है. लेकिन 30 दिसंबर के बाद राज्य में तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना है। इस वजह से कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। अलर्ट में कहा गया है कि कुछ जिलों में बहुत घना कोहरा छाया रहेगा।

# जिलाधिकारी ने की जनपद में पर्यटन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिये कि विभाग एवं कार्यदाई संस्था जनप्रतिनिधियों से निरंतर संपर्क में रहें। भविष्य में स्वीकृत होने वाली परियोजनाओं में स्थानीय जनता एवं संबंधित जनप्रतिनिधि से विचार विमर्श किया जाए। निर्माणाधीन परियोजनाओं का जनप्रतिनिधियों के साथ भ्रमण कर उनके सुझाव को कार्य में शामिल किया जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विधायक नगर राजीव गुंबर, विधायक मुकेश चौधरी, विधायक देवेंद्र निम की उपस्थिति में जनपद में पर्यटन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में 03 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माणाधीन 27 परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने



बैठक में कार्यदाई संस्था सीएलडीएफ के अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई।

बैठक में नकुड़ क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर भवन पार्क का पर्यटन विकास, रामपुर क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर अघ्याना एवं शिव मंदिर बुड्ढाखेड़ा का सौंदर्यीकरण, गंगोह क्षेत्र अंतर्गत बालाजी धाम ककराली सरोवर में हॉल, शौचालय, इंटरलॉकिंग कार्य, महादेव शिव मंदिर बेहट का पर्यटन विकास कार्य, देवबंद स्थित सिद्धपीठ मंकेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास, देवबंद स्थित राधा वल्लभ मंदिर का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण, बाबा लालदास मार्ग पर फुलवारी आश्रम का पर्यटन विकास, जड़ौदा पांडा स्थित जूड़ मंदिर का पर्यटन विकास, मुंडी खेड़ी में स्थित गुरु प्रहलाद दास जी की तपोस्थली शिव मंदिर एवं तालाब का सौंदर्यीकरण, गंगोह में ककराली स्थित सरोवर का समेकित विकास व सौंदर्यकरण, बनखंडी महादेव मंदिर सरसावा एवं नकुड़ का पर्यटन विकास, देवबंद स्थित बाला सुंदरी मंदिर का सौंदर्यकरण, नकुड़ में स्थित संत गुरु प्यारे महाराज जी के स्थल का सौंदर्यकरण के किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

इसके साथ बैठक में शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में टीएफसी, पार्किंग, ऑपन ऐयर थिएटर, राही पर्यटन आवास गृह, लैण्डस्केपिंग, फुटपाथ, म्यूरल्स स्कल्पचर्स वाटर फाउण्डेशन, शक्तिपीठ में प्रवेश द्वार काम्पलेक्स, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, साइनेज की स्थापना, पर्यटन सुविधाओं का सृजन, शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में 51 शक्तिपीठों पर आधारित थीम पार्क के किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की।

## चोरी की दो बाईकों समेत दो शातिर चोर दबोचे

**सहारनपुर।** थाना गागलहेडी पुलिस ने दो शातिर चोरो को दबोचकर उनके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की दो बाईक बरामद कर ली तथा दोनों आरोपियो का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना गागलहेड़ी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि वादी विकास पुत्र इसन पाल निवासी चोटली शाहबुदीनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर लेने के संबंध में थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्ष लोकेश कुमार शहनवाज अहमद व प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गागलहेड़ी बहेड़ी गुर्जर मार्ग पर चैकिंग के दौरान दो बाईको पर आ रहे चार व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया, तो वह मौके से फरार होने लगे। पुलिस ने घेरा बंदी कर दो बदमाशों अक्षय कुमार पुत्र जगपाल निवासी ग्राम कोलकी थाना गागलहेडी व अंशुल पुत्र गोपीचन्द निवासी बहेडी गुर्जर थाना गागलहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

# युवक को कार में जिंदा जलाने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने कार में युवक को जिंदा जलाने वाले एक हत्यारोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पैट्रोल केन व मृतक की चांदी की चेन बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।



पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि विगत् 23 दिसम्बर को थाना देहात कोतवाली पुलिस ने बिजोपुरा नहर पुल के पास जली हुई कार और उसमें एक शव को बरामद किया था। पुलिस विवेचना में मृतक की पहचान 32 वर्षीय सोनू पुत्र नन्हा निवासी पुराना मिढ्ढा थाना सदर बाजार, हाल निवासी हबीबगढ़ थाना देहात कोतवाली के रूप में हुयी थी। जिसके संबंध में मृतक के मामा व वादी गुलजार पुत्र कल्लू निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी ने थाना देहात कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसका भांजा सोनू विगत् 22 दिसम्बर से गायब है, जिसे आखिरी बार 22 दिसम्बर को डॉ.मुबारिक पुत्र शमीम अहमद निवासी गांव असारा थाना रमाला जनपद बागपत, हाल निवासी हबीबगढ़ थाना कोतवाली के साथ देखा गया था, जिस पर पुलिस ने डॉ.मुबारिक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि आज थाना देहात कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी चन्द्रसैन सैनी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील कुमार शर्मा व उपनिरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में बीजोपुरा यमुना नहर की पटरी के पास से नामजद आरोपी मुबारिक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मृतक सोनू की चांदी की चेन, पैट्रोल की केन, घटना में प्रयुक्त कार व अन्य सुबूत जुटा लिये। एसपी सिटी श्री मांगलिक ने बताया कि पूछताछ में हत्यारोपी मुबारिक ने खुलासा किया कि वह अमीर बनने और अपने बैंक लोन व बीमा के पैसे हासिल करने के लिए यह साजिश रच रहा था।

# मिर्जा गालिब की 227 वीं जयंती पर आगरा में बज़्म ए ग़ालिब का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मिर्जा गालिब की 227 वीं जयंती पर ग्रैंड होटल आगरा में बज़्म ए ग़ालिब का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि थे रक्षा संपदा अधिकारी दीपक मोहन एवं विशिष्ट अतिथि थे ए डी जे कुंदन मोहन। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्र की विख्यात विद्वान मनमोहन सिंह को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद प्रथम सत्र समाप्ति की घोषणा हुई और फिर द्वितीय सत्र मिर्जा गालिब को समर्पित, प्रारंभ किया गया




आयोजन का शुभारंभ मिर्ज़ा ग़ालिब की तस्वीर के सम्मुख शमा रोशन कर अरुण डंग ,कुंदन मोहन, दीपक मोहन, ललिता, विनोद महेश्वरी आदि ने किया। अरुण डंग ने स्वागत करते हुए कहा ,कि बेशक आगरा में शासकीय स्तर पर ग़ालिब का कोई स्मारक ना हो किंतु वह हमेशा यहां के शायरों, कवियों और गायको के स्वर में जिंदा है और जिंदा रहेंगे।

मनमोहन सिंह के बारे में बताते हुए अरुण ने कहा उन्हें भी शेरो शायरी से मोहब्बत थी और अपने कार्यकाल में कई शेरों को वो कोट करते थे जिसमें से खास था हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद जो नहीं जानते वफ़ा क्या है।

उन्होंने कहा कि वे एक बहुत छोटे से गांव से थे ,जो आज भी गांव ही है ,लेकिन अपनी मेधा और संकल्प शक्ति से वह उच्चतम पद तक पहुंचे। उनका व्यक्तित्व एक गंभीर व्यक्तित्व था जैसा राजनीति में नहीं मिलता और भी अजातशत्रु थे।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक सुधीर नारायण ने और उनके साथ कीर्तिका नारायण, श्रेया शर्मा, प्रीति, राधा तोमर ,खुशी, देशदीप,अमन, रिंकू और हर्षित पाठक ने मिर्ज़ा ग़ालिब की कई लोकप्रिय गजलों को प्रस्तुत किया। प्रारंभ हुआ हज़ारों ख्वाहिशें ऐसी की हर ख्वाहिश पे दम निकले इस ग़ज़ल से, कृतिका के स्वर थे नुक्ताचीं है गमें दिल। श्रेया ने सुनाया ना कुछ था कुछ तो खुदा था और फिर सभी ने समवेत स्वर में प्रस्तुत किया ,कोई उम्मीद वर नहीं आती कोई सूरत नजर नहीं आती।

सुशील सरित ने संचालन करते हुए कहा एहसास ए तबस्सुम ग़ालिब है ख्वाबों का इशारा ग़ालिब है दुनिया में दूसरी दुनिया का भरपूर नज़ारा र ग़ालिब है।

# व्यापार मण्डल ने गरीबों को किये कम्बल वितरित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री व श्री गीता मंदिर समिति बेरी बाग के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ राजकुमार गाबा की पुण्यतिथि पर गरीब एवं निसहाय लोगों को भीषण सर्दी से बचाने के लिए कंबल वितरित किए गए।

स्थानीय बेरीबाग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के महानगर कोषाध्यक्ष साहिब गाबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक राजीव गुंबर ने स्व.राजकुमार गाबा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गीता मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू कराया था और आज उनके बेटे साहिल गाबा और गीता मंदिर की कार्यकारिणी के अथक प्रयासों से जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण हो गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री सुमित मलिक, जिलाध्यक्ष जयवीर राणा, महानगर अध्यक्ष मुकुन्द मनोहर गोयल, महानगर महामंत्री इंजी.अजय शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में डॉ.राजकुमार गाबा ने लगातार कई माह तक गरीबों के लिए मुफ्त भोजन के पैकेट तथा जिलाधिकारी के अनुरोध पर चिकित्सकों को पीपी किट भी मुहैया करायी थी। इस अवसर पर साहिल गाबा, शैलेंद्र भूषण गुप्ता, राजकुमार अरोड़ा, अमित मदान, दिव्य लोक त्यागी, प्रवीण गाबा, प्रेम छोक्रा, सुरेंद्र क्वात्रा, सुशील गाबा, दीपक रहेजा, रोमी आहूजा, मंगल गांधी, पॅ अनिल कोदण्ड, अरुण पंडित, पंडित उद्दव कोदंड, संजय बाठला, सुभाष सचदेवा, राजीव गुलाटी, मनीष गांधी, संजय मोहन गुप्ता, अंकित जैन, रविन्द्र मिगलानी, संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# परियोजनाओं की 12 बार विजीट कर चुकी है गुणवत्ता परिषद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि. सहारनपुर (एसएससीएल) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की एक बैठक पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्ण हो चुकी व निर्माणाधीन परियोजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की गयी और कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को कहा गया। स्मार्ट सिटी चेयरमैन/मंडलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में बिना किसी स्वागत सम्बोधन, बिना कोई स्वागत पुष्प प्रदान किये बहुत सादगी के साथ बैठक की शुरुआत हुई। यहां तक कि जलपान से भी परहेज रखा गया। स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी बोर्ड को अवगत कराया कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय की संस्था भारतीय गुणवत्ता परिषद को एसएससीएल की परियोजनाओं के लिए तीसरा पक्ष के रुप में एजेंसी नामित किया गया है। उक्त एजेंसी द्वारा अभी तक 12 बार विभिन्न परियोजनाओं पर 80 विजीट किये जा चुके है।

स्मार्ट सिटी चेयरमैन डॉ. यशोद द्वारा जिन परियोजनाओं की विजिट यशोद ने हैबीटेट सेंटर व कन्वेशन हाल सहित राजस्व देने वाली परियोजनाओं से रेवेन्यू मॉडल विकसित करने पर जोर दिया।



रिपोर्ट के उपरांत कार्यदायी संस्थाओं से अनुपालन आख्या प्राप्त नहीं हुई है, उन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी दस दिन के भीतर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अन्यथा की स्थिति में कार्य का भुगतान रोकने की चेतावनी दी गयी। बोर्ड को यह भी अवगत कराया गया कि एसएससीएल द्वारा समय से कार्य पूर्ण न करने के कारण 16 परियोजनाओं से सम्बद्ध कार्यदायी एजेंसियों एवं ठेकेदारों पर हर्जाना लगाया जा चुका है। चेयरमैन डॉ. कार्यदायी संस्थाओं ने जनवरी 2025 तक महाड़ी के तालाब, एनीमल बर्थ सेंटर तथा मल्हीपुर रोड से अम्बेडकर चौक पिंजौरा तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा करने का विश्वास दिलाया। जबकि हैबीटेट सेंटर, स्मार्ट गैराज, वूमन हॉस्टल, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, कम्पनी बाग, स्मार्ट शौचालय, तथा ताहरपुर से शमशान तक सड़क निर्माण का कार्य मार्च 2025 तक पूरा करने का आश्वासन भी कार्यदायी संस्थाओं ने दिया।

## जीएनएम छात्राओं ने किया पोषण कार्यक्रम का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में अध्ययनरत जीएनएम प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्राओं ने शनिवार को पांच ग्रुप में पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न पोषण आवश्यकताओं के अनुरूप खाद्य पदार्थ बनाए और उनके बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने कम कार्बोहाइड्रेट आहार (खिचड़ी, सलाद, पनीर पकोड़ा), कम प्रोटीन आहार (मसूर दाल, सलाद, पुलाव), गुर्दे की पथरी के रोगी के लिये (लौकी का हलवा, चपाती, गोभी की पराठे), एनीमिक रोगी के लिए आहार (पालक पकोड़े, चुकंदर का रस) और मधुमेह रोगियों के लिए आहार बनाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलने वाले अलग अलग तत्वों जैसे प्रोटीन, वसा, विटामिन आदि की जानकारी भी दी। यह कार्यक्रम पोषण प्रभारी शिक्षिकाओं विनीता प्रजापति, निधि राय, सिमरन, हर्षिता और गरिमा पांडेय के मार्गदर्शन में हुआ।

## सपा के द्वारा किया गया पीडीए जन पंचायत आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां में समाजवादी पार्टी में शनिवार पाली ब्लॉक के सेक्टर एक नेवास भगवानपुर गांव में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस जन पंचायत के जरिए समाजवादी पार्टी पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यक समाज को साधने की कोशिश की। इस दौरान समाजवादी पार्टी से सहजनवां विधानसभा के विधायक पूर्व विधायक यशपाल सिंह रावत ने कहा कि पार्टी द्वारा समाजवादी जन पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से केंद्र व प्रदेश की जन विरोधी नीतियों जनता को रुबरु कराया जा रहा वर्तमान सरकार में महंगाई चरम पर है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सभी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। नौजवान नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष मनीष कमांडो जिला उपाध्यक्ष गिरीश यादव राष्ट्रीय सचिव बाबा साहब अंबेडकर मास्टर दुर्गेश कुमार गौतम प्रदेश सचिव मुरारी मौर्य मोहम्मद मेराज खान मोहम्मद अली गणेश निषाद संजय गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

## फॉर्मर रजिस्ट्रेशन का तीव्र गति से अभियान जारी



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** तहसील जालौन क्षेत्र के हर गांव में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री तथा गोल्डन कार्ड बनाने का कार्यक्रम राजस्व विभाग तथा विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में एस डीएम जालौन विनय कुमार मौर्य, तहसीलदार श्रीष कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी जालौन द्वारा स्वयं गांव में कैंप लगा कर रजिस्ट्रेशन कार्य कराया गया। एसडीएम जालौन ने ग्राम हरकोटी में कैंप लगा कर ग्रामीणों को योजना के लाभों से अवगत कराया। योजना के अंतर्गत किसान आधार, आधार से जुड़े मोबाइल नंबर और खतौनी के द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्रेशन नजदीकी सहज जनसेवा केंद्र या विभागीय कैंप जिसमें पंचायत सहायक और लेखपाल उपस्थित रहते हैं द्वारा करा सकते हैं। एसडीएम द्वारा बताया गया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना की धनराशि रजिस्ट्रेशन करा चुके किसानों को दिया जाना संभव होगा। एसडीएम द्वारा सभी से अपील की गई कि सभी इस योजना में पंजीकरण कर लाभ प्राप्त करें।

## विशाल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता ने व्यापारी कल्याण के लिए सतत समर्पित रहने की घोषणा की है। हाल ही में जिला मुख्यालय पर आयोजित विशाल व्यापारी सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल एवं महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अनीता जायसवाल के आतिथ्य में पूरे जनपद से बहुत बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सहभागिता की थी। इस समारोह में जनपद के समस्त नगरों की इकाइयों व जनपद की मुख्य, महिला व युवा इकाईयों की घोषणा की गई। संजीव सिपौल्या एवं प्रदीप द्विवेदी को जिला महामंत्री एवं प्रभंजन गर्ग व बलवीर सोनी को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, देवांशु अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष, प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज को जिला मंत्री मनोनीत किया गया।

# शिक्षा के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ रही छात्राएं

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए इमामबाड़ा मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की नवागत प्रधानाचार्य आयशा हक ने 25 नवंबर को चार्ज ग्रहण किया। उसके बाद से लगातार कॉलेज की व्यवस्थाओं को बेहतर करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। साफ सफाई पर विशेष फोकस रहता है क्योंकि स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। प्रधानाचार्य आयशा हक छात्राओं को शिक्षा के साथ अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया जा रहा है। अनुशासन शिक्षा की पहली सीढ़ी है जिस पर चढ़कर आदमी बुलंदियों को छूता है। शनिवार दोपहर 1 बजे इमामबाड़ा मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य आयशा हक ने स्कूल के टीचरों के साथ जरूरतमंद छात्राओं को लाल स्वेटर व स्कूल ड्रेस वितरित किया गया। मीडिया से बात करते हुए प्रधानाचार्य आयशा हक ने बताया कि आज क्लास 1 से लेकर 12 तक के छात्राओं को लाल स्वेटर और क्लास एक से छः तक के छात्राओं को स्कूल ड्रेस वितरित किए गए हैं, जिसमें



जरूरतमंद छात्राओं में वितरित किया स्वेटर व स्कूल ड्रेस

लगभग 250 छात्राओं को लाल स्वेटर और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराया गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले 10 से 15 दोनो से लगातार छात्राओं को स्कूल ड्रेस और स्वेटर में आने के लिए कहा जा रहा था इसी बीच छात्राओं से लाल स्वेटर और स्कूल ड्रेस में ना आने की वजह पता की गई तो छात्राओं का दर्द छलका और उन्होंने अपनी परेशानियों को साझा किया। इस समस्या के समाधान के लिए मियां साहब की धर्मपत्नी श्रीमती गजाला शाह से चर्चा की गई। उनके मशवरे के बाद पाया गया कि ऐसी जरूरतमंद छात्राओं को स्कूल की तरफ से लाल स्वेटर और ड्रेस उपलब्ध कराया जाए जिससे यूनिफॉर्म कोड का पालन हो और छात्राओं को शिक्षा के साथ अनुशासित ढंग से स्कूल में प्रवेश हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधक तंत्र ने अपने खुद के फंड से इन छात्राओं को लाल स्वेटर और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराया जा रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य आयशा हक के इस प्रयास की चहुँओर चर्चा हो रही है क्योंकि इमामबाड़ा मुस्लिम इंटर कॉलेज एक अल्पसंख्यक मरकज है जहां पर हर जरूरतमंद लोगों को शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि छात्राएं शिक्षा हासिल करके अपने मुस्तकबिल और अपने परिवार को बेहतर बनाएं। इस मौके पर वार्ड नंबर 62 माया बाजार के पार्षद समद गुफरान भी मौजूद रहे।

## पिता पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज कन्नौज।** नाली के कूड़े के विवाद को लेकर पड़ोस के ही लोगों ने युवक के साथ अभद्रता शुरू कर दी विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके पुत्र से भी मारपीट कर है जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी अब्दुल सत्तार पुत्र अब्दुल जब्बार ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहां है शनिवार की दोपहर 3:30 बजे उसके पड़ोस के ही 04 लोग उसके दरवाजे पर आए और नाली के विवाद को लेकर उससे अभद्रता व मारपीट करने लगे तथा बीच बचाव में आए उसके पुत्र कैफ भी मारपीट की साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डीएम की अध्यक्षता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, विशाख जी. की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शैक्षिक योजनाओं, विद्यालय के प्रबंधन, बुनियादी ढांचे और छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता सुधारने से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के समग्र विकास और सरकार की शिक्षा नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। बैठक का संचालन प्रधानाचार्य खुशीराम द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यालय की प्रगति, विकास एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए विद्यालय के बुनियादी ढ़ांचे की स्थिति, शिक्षकों-छात्रों की शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यालय में विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं समेत वित्तीय एवं प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 1162 विद्यार्थी हैं एवं कक्षा 01 से 12 तक की कक्षाएं संचालित हैं। प्रधानाचार्य ने रामघाट रोड से विद्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर पुलिया निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया।

## देश के वित्तीय वास्तुकार को शत-शत नमन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डा. मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि का सिलसिला थम नहीं रहा। दिल्ली से लेकर भारत के सुदूर गांवों तक लोग उन्हें अपने अपने तरीके से याद कर रहे हैं। गांवों में लोग उन्हें मनरेगा के लिए याद कर रहे हैं तो देश की बेहतर अर्थ व्यवस्था के लिए भी उन्हें याद किया जा रहा है। एक वक्त ऐसा भी आया जब पूरी दुनिया मंदी की चपेट में थी। डाक्टर मनमोहन सिंह भारत के प्रधानमंत्री थे। उनकी आर्थिक नीतियों के चलते देश पर वैश्विक आर्थिक चोट का जरा भी असर नहीं पड़ा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री नर्वदेश्वर डाक्टर मनमोहन सिंह के वित्तीय प्रवंधन की सराहना करते हुए कहा कि डाक्टर मनमोहन सिंह जी का निधन देश की बड़ी क्षति है। निसंदेह यह देश के एक विद्वान अर्थशास्त्री का निधन है। वे कहते हैं कि बतौर वित्त मंत्री और 2009-2014 के मध्य जब वे प्रधानमंत्री थे, उनका स्नेहिल आशीर्वाद मुझे भी प्राप्त होता रहा। उनकी सरलता, सहजता को मैंने नजदीक से देखा जबकि उनकी योग्यता का यह देश तो पहले से ही कायल था।

वित्त मंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की शुरुआत उन्होंने 24 जुलाई 1991 से, जब वे वित्त मंत्री थे ने अपने पहले बजट भाषण के जरिये ही लाइसेंस राज,सार्वजनिक एरिया का एकाधिकार, विश्व बाजार से भारत के अलगाव को समाप्त कर दिया, बजटीय घाटे को कम किया। उन्होंने इस देश को अन्य तमाम योजनाओं की सौगात दी। इस देश के वित्तीय वास्तुकार को शत शत नमन।

## शमशाबाद में कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के कस्बा शमसाबाद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वसीउर्रहमान के आवास पर कांग्रेस पार्टी से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के पति प्रमुख समाजसेवी खुशहाल मियां ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री विश्व विख्यात अर्थशास्त्री चरित्रवान राजनीति के योद्धा डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस नेता और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के पति प्रमुख समाजसेवी खुशहाल मियां वसीउर रहमान खान उर्फ भैया खान वरिष्ठ कार्यकर्ता हसीन खान वरिष्ठ कार्यकर्ता मास्टर मसूद खान युवा नेता वहीं खान जहीन खान सलमान मुनीरी कामिल खान मुफ्ती यासीन जमाई व मुफ्ती जफर अहमद कासमी व अन्य कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षकों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा शिक्षक संघ : विद्या सागर मिश्र

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद जालौन की बैठक शिक्षक भवन स्टेशन रोड उरई में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्र ने कहा शिक्षको का शोषण बर्दाश्त नही होगा चाहे कितना बड़ा आंदोलन करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षको को प्रतिकूल प्रविष्टि, स्थायी वेतन बृद्धि, और अस्थाई वेतन बृद्धि देकर शिक्षको का मानसिक शोषण किया जा रहा है। दो बर्ष बीत जाने पर उसका कोई हल नही हुआ है। यदि शीघ्र बहाल नही होन के कारण शिक्षको में रोष ब्यास है। यह समस्या शीघ्र हल नही हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की होगी। संगठन हमेशा शिक्षक हित में संघर्ष करता रहेगा। बैठक में जिलामंत्री नरेश निरंजन ने कहा संगठन शिक्षक के हर दुख सुख के साथ है। आप सब संगठित रहें और संगठन की आबाज पर एकत्रित हों। बैठक में जिला संयुक्त मंत्री उपवन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सोम त्रिपाठी, उपाध्यक्ष युद्धबीर कन्थरिया उपाध्यक्ष मनीष समाधिया ,संगठन मंत्री रामशरण निरजन, संगठन मंत्री



अरुण निरजन, प्रचार मंत्री लक्ष्मण सेंगर, प्रचार मंत्री अजय निरजन, प्रचार मंत्री प्रेमचंद निरजन अकाउंटेंट सुनील श्रीवास्तव तहसील प्रभारी डकोर निर्दोष दुबेदि तहसील प्रभारी जालौन ब्रजेन्द्र दूरबार तहसील प्रभारी माधोगढ़ पंकज सिंह तहसील प्रभारी कालपी प्रभाकांत कुलश्रेष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष जालौन लालजी पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष कुंठोद संजय कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष महेवा योगेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कदौरा महेंद्र वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष कोंच शैलेन्द्र बबेले,ब्लॉक मंत्री कोंच दिनेश नामदेव, ब्लॉक मंत्री रामपुरा अरबिंद कुमार वर्मा ब्लॉक मंत्री महेबा संजय सचान, मंत्री नदीगांव अखिलेश ब्यास, ब्लॉक मंत्री कदौरा तालिब बेग, शिक्षमित्र संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने भी सम्बोधित किया।

## रूलआउट नाईट क्रिकेट का टांडा कोतवाल ने किया उद्घाटन

**टाण्डा (अम्बेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता।** जलवा क्रिकेट क्लब रसूलपुर मुबारकपुर में आयोजित रूल आउट नाईट क्रिकेट के मुख्य अतिथि कोतवाली टाण्डा के प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी व विशिष्ट अतिथि श्री मृत्युंजय सिंह डिप्टी स्पोर्ट ऑफिसर, आई सी एस कोच के डी सिंह बाबू स्टेडियम का टूर्नामेंट आयोजक व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जलवा क्रिकेट क्लब सीजन 2 के रूल आउट नाईट क्रिकेट क्लब का शुभारंभ 26 दिसम्बर के होने के बाद 27 दिसम्बर को टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि कोतवाली टाण्डा के प्रभारी श्री दीपक सिंह रघुवंशी व विशिष्ट अतिथि श्री मृत्युंजय सिंह डिप्टी स्पोर्ट ऑफिसर, आई सी एस कोच के डी सिंह बाबू स्टेडियम रहे ।इस दौरान बरियावन और मगहर संतकबीर नगर की टीम स्टार क्लब का जोरदार मैच हुआ जिसमें मगहर की टीम ने बरियावन की टीम को पराजित कर जीत का परचम लहराया। इस दौरान मेराज मास्टर ,इश्तियाक अहमद, अरशद, दिलदार, कौसेन ,फहीम, साहिल ,महेंद्र प्रधान, मो0 शबीर, मो0 फहीम , सहित सभी कार्यकर्ताओं ने आये हुए मुख्यातिथि महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# किसानों ने महापंचायत कर मांगे ना माने जाने पर बड़ा आंदोलन करने की दी धमकी

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** भारतीय कृषक एसोसिएशन की पंचायत फर्रुखाबाद शहर स्थित मोहल्ला नुनहाई में किशन कुमार अग्निहोत्री, प्रदेश सचिव के निवास पर प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस महापंचायत का संचालन राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला द्वारा किया गया।

पंचायत में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि एम0एस0पी0 खरीद की गारन्टी को लेकर खनौरी स्थित शम्भू बॉर्डर पर 30 दिन से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य बराबर गिर रहा है।ब्लडप्रेशर चिन्ताजनक स्थिति पर पहुँच चुका हैं। इसके लिये किसान यूनियन के प्रत्येक संगठनों को आगे कीरणनीति पर विचार करना आवश्यक हैं। सरकार एमएसपी पर



झुकने को तैयार नही हैं। जनपद फर्रुखाबाद के कस्वा कायमगंज में लगे अधिकांश मीटर रीडिंग अधिक दे रहे हैं। ऐसा जब मालूम हुआ कि अब उपभोगताओं को एक हजार रुपए जमा करके चेक मीटर लगे है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने कहा अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों की बजह से आमजन मानस घर के अन्दर भी सुरक्षित नहीं हैं घर के अन्दर सुरक्षित रहने के लिये अपराधियों भ्रष्टाचारियों पर सरकार का अंकुश कतई नही हैं। तहसील हो या थाना भ्रष्टाचारियों के अड्डे बन चुके हैं किसानो का काम पैसा लेकर भी भ्रष्टाचारी नहीं कर रहे हैं। पुलिस अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। पैसा लेकर अपराधियों को खुली छूट मिल जाती है। शिकायत करता पर बी0एन0एस0 की धारा में कार्यवाही की जाती है और खुलेआम लूटखसोट हो रही है।प्राइवेट खाद विक्रेता खाद की अधिक कीमत बसूल कर रहे हैं जाँच कर कार्यवाही की जाये।किसान अन्न का दाता हैं। पूरे देश का पेट भरता हैं आर्थिक रुप से मजबूत करना सरकार का कर्तव्य हैं। गन्ना किसानों को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिये गन्ने की कीमत 450 रु प्रति कुन्टल की जावे व समय पर भुगतान किया जावे। शासन द्वारा कहा गया था कि सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द करवायी जाये जोकि लेखपाल पटवारी एवं कृषि विभाग द्वारा होनी थी वह नहीं की जा रही हैं। जिसके कारण किसानो को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ सकता हैं। जनहित में भारतीय कृषक एसोसिएशन की सभी मांगों को जल्द ही पूरा किया जाए अन्यथा कि स्थिति में भारतीय कृषक एसोसिएशन जनपद में एक बड़ा आंदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा नदीगांव कस्बे में धूमधाम के साथ निकाली गई। डीजे पर बज रहे भजनों पर भक्तजन झूमते नाचते हुए चल रहे थे। यात्रा मार्ग में जगह जगह लोगों ने स्वागत किया, कई जगह भक्तों ने जलपान की भी व्यवस्था यात्रा में चल रहे श्याम प्रेमियों के लिए की थी। पूजा अर्चना के पश्चात स्वामीजी मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों की संख्या में लोग हाथों में बाबा खाटू श्याम का निशान झंडा थाम कर चल रहे थे। कस्बे का भ्रमण कर निशान यात्रा किला मैदान पहुंची जहां भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। यात्रा में अंशुल दीक्षित, माताप्रसाद जारौलिया, अनुज अवस्थी, अवनीश अग्रवाल, उमाकांत त्रिपाठी, हेमंत यादव, नंदलाल चौरसिया, विक्की बजाज, बंटी सविता, गौरव अग्रवाल, शुभम, नितिन सोनी, छोटू, सचिन मिश्रा, ठाकुर, सत्यम गौर, हनी, आनंद चौरसिया आदि मुख्य व्यवस्थापक रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। देर शाम भजन संध्या में भजन गायक अरुण मधुकर उरई एवं गायिका भावना भदौरिया ग्वालियर ने एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी।

# अभियंताओं, जूनियर इंजीनियरों और कर्मचारियों पर उत्पीड़न की कार्यवाही से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और शीर्ष प्रबंधन पर यह आरोप लगाया है कि बड़े पैमाने पर बिजली कर्मचारियों , जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं पर उत्पीड़न की कार्यवाही कर कार्पोरेशन प्रबंधन ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण उत्पन्न कर रहा है। संघर्ष समिति ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसा लगता है पावर कार्पोरेशन प्रबंधन महाकुंभ के पहले प्रदेश की बिजली व्यवस्था पटरी से उतार देने हेतु आतुर है किंतु बिजली कर्मी इस साजिश को सफल नहीं होने देंगे। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों इ. पुष्पेन्द्र सिंह, इस्माइल ख़ान, इ. जितेन्द्र कुमार गुप्त, इ. सौरभ श्रीवास्तव, इ. अमित आनंद, श्री अखिलेश गुप्ता, प्रभुनाथ प्रसाद, संगम मौर्य, संदीप श्रीवास्तव एवं विजय बहादुर सिंह ने बताया कि विगत कुछ दिनों में जब से बिजली कर्मियों ने निजीकरण के निर्णय का मुखर विरोध करना शुरू किया है, प्रबन्धन बड़े पैमाने पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही करने पर उतारू हो गया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों में ही एक मुश्त समाधान योजना की आड़ लेकर 01 अधीक्षण अभियंता, 12 अधिशासी अभियंताओं, 05 सहायक अभियंताओं, 30 जूनियर इंजीनियरों कुल 48 लोगों को निलम्बित किया गया है। इस दौरान 129 लाइन मैंन और 85 मीटर रीडर जो संविदा पर काम कर रहे थे, उन्हें जबरन हटा दिया गया है तथा दर्जनों अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों को चार्ज शीट दी गई है। संघर्ष समिति ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां ऊर्जा निगमों में भय का वातावरण बनाकर निजीकरण की योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश माना जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि प्रयागराज में कुछ ही दिनों के बाद महाकुंभ प्रारंभ होने जा रहा है जिस पर सारे विश्व की निगाहें लगी हुई है। प्रदेश के बिजली कर्मचारी महाकुंभ के दौरान प्रदेश की बिजली व्यवस्था में अपना श्रेष्ठतम योगदान देने के लिए कृत संकल्प है। ऐसे में पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक जिनके कार्यक्षेत्र में महाकुंभ होने वाला है, का यह टकराव का रवैया बेहद अनुचित और चौंकाने वाला है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारियों ने प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की आपूर्ति 30618 मेगावॉट का कीर्तिमान बनाकर प्रदेश का नाम सारे देश में रौशन किया। बिजली व्यवस्था में निरन्तर सुधार हेतु मा मुख्यमंत्री जी बिजली कर्मियों को धन्यवाद देते रहे है, ऐसी परिस्थितियों में बिजली कर्मियों पर मनमाने ढंग से उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों का क्या औचित्य है? संघर्ष समिति ने एक बार फिर कहा कि बिजली कर्मचारियों को मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी पर पूरा विश्वास है। संघर्ष समिति ने मा0 मुख्यमंत्री जी से प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की है जिससे बिजली कर्मचारियों का अनावश्यक उत्पीड़न समाप्त हो और वे पूरे मनोयोग से बिजली व्यवस्था के सुधार में पूर्ववत लगे रह सकें।

## डीएम ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए दो एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी विशाख जी ने कलैक्ट्रेट से दो एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा महाकुंभ-2025 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भेजी गई एलईडी वैन लोगों को मेले की जानकारी और इसकी महत्ता के बारे में अवगत कराएगी। एक माह तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में भ्रमण करने वाली एलईडी वैन स्क्रीन के माध्यम से महाकुंभ-2025 से जुड़े आध्यात्मिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पहलुओं को प्रदर्शित करेगी। जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि सूचना विभाग द्वारा की गई इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को महाकुंभ-2025 की महिमा एवं महत्व के बारे में जानकारी कराते हुए मेले में सहभागिता के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार को निर्देशित किया कि दोनों एलईडी वैन के माध्यम से जिले की नगरी, कस्बाई एवं देहाती क्षेत्र को आच्छादित करते हुए कुंभ में की गई व्यापक स्तर की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने बताया कि सूचना निदेशालय द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप प्रयागराज महाकुंभ में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित कराने एवं महाकुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए जिले के लिए दो एलईडी वैन आवंटित की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होना है, जिसमें 13 जनवरी पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी मकर संक्रांति, 29 जनवरी मौनी अमावस्या, 03 फरवरी बसंत पंचमी, 12 फरवरी माघ पूर्णिमा एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन महास्नान है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 13 जनवरी से आरंभ होने वाले महाकुंभ के अवसर पर संगम के पवित्र तीर्थ में स्नान कर पुण्य अर्जित करें।




## सेवा और रोजगार के समन्वय का क्षेत्र है नर्सिंग

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत शनिवार को 'नर्सिंग में सेवा और रोजगार के विभिन्न अवसर' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी प्राची यादव ने नर्सिंग सेवा और रोजगार के समन्वय का क्षेत्र है और इसमें आगे बढ़ने की अनेक संभावनाएं हैं। प्राची यादव ने कहा कि नर्सिंग एक महान पेशा है जिसमें समर्पण, करुणा और उच्च गुणवत्ता वाली रोगी देखभाल के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में कुशल नर्सों की मांग पहले से कहीं अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2035 तक वैश्विक स्तर पर 12.9 मिलियन नर्सों की जरूरत होगी। यह जरूरत नर्सों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करती है। उन्होंने परंपरागत नर्सिंग पेशे के साथ हीनर्सिंग में उभरते रुझान के बारे में भी बताया।

## महिला से जबरन वाहन मे बिठाया की मारपीट

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना जैतपुर अंतर्गत जलालपुर रामगढ़ रोड पर पैदल जा रही महिला को आधादर्जन लोगों ने खींच कर जबरदस्ती चारपहिया वाहन में बिठा लिया और उस के साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने तीन ज्ञात समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के सोहगुपुर घोसियाना निवासिनी साजिदा खातून ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते बुधवार की शाम वह थाना जैतपुर से एसआईआर कापी लेने आयी थी और वापस घर जाते समय जब वह गोविंद पुर प्राइमरी पाठशाला के पास पहुंची तो रामगढ जलालपुर रोड पर रामगढ की तरफ से आई एक सफेद रंग की कार रुकी और उस में बैठे चार पांच लोगों ने गाड़ी के अंदर खींच लिया और मारे पीटे और चाकू से हाथ व पैर पर वार भी किया। पीड़िता ने बताया उसमें बैठे लोगों में से दो को वह पहचानती है। जिन में एक अनीश पुत्र वकील थाना कंधरापुर जिला आजमगढ व सुहेब पुत्र इम्तियाज निवासी सोहगुपुर शामिल थे ये दोनों रवि मौर्या से कह रहे थे कि मारो मर जाये। पीड़िता ने बताया कि उक्त लोगों ने मेरे मुंह पर कपड़ा रख दिया और उसे अस्पताल में होश आया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अनीस,सुहेब, रवि मौर्य व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जैतपुर वंदना अग्रहरि ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## डॉक्टरों की टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण का निरीक्षण

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉक्टरों की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र खंनुआं में छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आवश्यक दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया। आंगनबाड़ी केंद्र खनुआं में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ. रणधीर निरंजन, डॉ. रेनू पांडे, जमशेद, अमरजीत आदि की टीम पहुंची। जहां टीम ने एक सैंकड़ा से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम ने छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों की लंबाई, लंबाई के अनुसार वजन, पोषक आहर, नाक, कान, गला, तालु, खुजली, बुखार, जुकाम आदि की जाच की। टीम ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को पोषक आहार अवश्य दें। आंगनबाड़ी केंद्र पर मिलने वाले पोषक आहार को बच्चों को खिलाएं।

# मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सर्किल मिल्कीपुर के तीनों थानों इनायतनगर, कुमारगंज व खंडासा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जंहा कुल 40 शिकायती प्रार्थना पत्र फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए।05शिकायतों का निस्तारण मौके पर अधिकारियों द्वारा कर दिया गया शेष में निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की टीम भेजी गई है। थाना इनायतनगर में क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी व निरीक्षक अमर बहादुर सिंह ने लोगो की शिकायतों को सुना जहां कुल 14 लोगो ने अपनी शिकायते प्रस्तुत की।तीन शिकायतों का निस्तारण टीम भेज कर कराया गया।कदनपुर की रूपन पाण्डेय ने अपनी निजी भूमि पर विपक्षी के हस्तक्षेप को रोकने व कब्जा दिलाने की मांग की।कदनपुर के जगन्नाथ ने शिकायत की कि गांव के महावीर खड़ंजा लगाने में अवरोध उत्पन्न करते है जिसे रोके जाने की मांग की।खिहारन के सभाराज ने चकमार्ग संख्या 645 से अबैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की।सफदर भारी के अदौराम ने चकमार्ग संख्या 204 से अतिक्रमण हटाने की मांग की शिकायत में आरोप है कि धारा 67 की कार्यवाही व 2022 में ही बेदखली का आदेश होने के बाद भी अतिक्रमण नही हटाया गया। थाना कुमारगंज में नायब तहसीलदार राम प्रकाश मिश्र व उप निरीक्षक एसपी सिंह ने शिकायतों की सुनवाई की जंहा 08 लोगो ने शिकायतें प्रस्तुत की जिनमे एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।कुमारगंज में बवां की शांती ने उसके बैनामे की भूमि के बगल से निकलने वाले नाले की पैमाइश की मांग की। कस्बा कुमारगंज के प्रमोद ने पैतृक भूमि पर चाचा द्वारा हिस्सा नही दिया जा रहा ।प्रमोद ने हिस्सा दिलाये जाने की मांग की।अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया।

# रुदौली के अब्दुल वदूद को एनपीसी उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली -अयोध्या।** मवई निवासी अब्दुल वदूद को राष्ट्रीय तैयारी समिति के उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह समिति विदेशों में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, फेस्टिवल्स, सेमिनारों, और युवाओं से संबंधित अन्य आयोजनों के लिए भारत की ओर से प्रतिनिधि भेजने का काम करती है। अब्दुल वदूद का चयन इस समिति में उनकी मेहनत और संघर्ष के कारण हुआ है, जिससे उन्होंने विदेशों में भारत का नाम रोशन करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।अब्दुल वदूद, जो रुदौली विधानसभा क्षेत्र के हुनहुना गांव के मो. याहिया के सुपुत्र हैं, हमेशा से ही परिश्रमी और संघर्षशील रहे हैं। उनके कठिन परिश्रम और कार्यों के प्रति लगन ने उन्हें एनपीसी की



कार्यकारिणी में सदस्य बनने का अवसर प्रदान किया। एनपीसी का उद्देश्यअब्दुल वदूद ने बताया कि राष्ट्रीय तैयारी समिति का मुख्य उद्देश्य देश के युवा प्रतिभाओं को विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार करना है। समिति का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं को मंच देना है, जैसे कि आईटी, खेल, शिक्षा, विज्ञान, मीडिया, सोशल मीडिया, कला, संस्कृति, और स्टार्टअप्स से जुड़ी पहलें। इस तरह, भारत के योग्य और कौशल से भरपूर युवा विभिन्न देशों में जाकर भारतीय संस्कृति और राष्ट्र का गौरव बढ़ा सकते हैं। अब्दुल वदूद ने यह भी बताया कि रूस में स्थित विश्व युवा महोत्सव निदेशालय द्वारा एनपीसी भारत में युवाओं के विकास के लिए काम करता है। यह समिति, रूस के वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल निदेशालय के साथ मिलकर विभिन्न युवा विकास कार्यक्रमों को लागू करती है। उनकी इस सफलता पर भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, एनपीसी भारत के चेयरमैन वरुण कश्यप, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, एनपीसी सेक्रेटरी उदय सूद, एनपीसी राज्य प्रमुख उत्तर प्रदेश अनुभव द्विवेदी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमनदीप सिंह सहित भाजपा और भाजयुमो के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें बधाई दी और आभार जताया।

## तहसीलदार ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** गरीबों को ठंड से बचने के लिए मिल्कीपुर तहसील प्रशासन ने गांव गांव जाकर सरकारी कंबल का वितरण कराया। तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह ने तेंधा गांव में भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य बब्लू पासी के द्वार पर कैंप लगाकर गरीब लोगों को 60 कंबल वितरण किया , गांव के गीता देवी,विजय शंकर, ललिता देवी, प्रेमा देवी,गीता, रुकसाना,हसीना बानो सहित अन्य को कंबल दिया गया । कम्बल पाकर लोगो के चेहरे खिल गए व तहसील प्रशासन को धन्यवाद दिया। इसके अलावा लेखपालो ने अपने अपने क्षेत्र में पात्रों को कंबल वितरित किया।तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा मिल्कीपुर तहसील के लिए पर्याप्त मात्रा में कंबल उपलब्ध कराया गया है।

## एयरपोर्ट की तर्ज पर अयोध्या में एक अत्याधुनिक बस अड्डा बनेगाः दया शंकर सिंह

**अयोध्या।** परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। 14 जनवरी के बाद अयोध्या में डबल डेकर बसों की शुरुआत होगी, जिससे श्रद्धालु अयोध्या भ्रमण का आनंद डबल डेकर बसों में ले सकेंगे। इसके अलावा, कुंभ मेला के मद्देनजर डिमांड के अनुसार अयोध्या में अतिरिक्त बसें लगाई जाएंगी।

आगे, एयरपोर्ट की तर्ज पर अयोध्या में एक अत्याधुनिक बस अड्डा बनेगा, जिसका टेंडर पहले ही हो चुका है। इस बस अड्डे की लागत 200 करोड़ रुपए होगी और शिलान्यास 14 जनवरी के बाद किया जाएगा। इसके साथ ही, अयोध्या से लखनऊ, प्रयागराज, काशी और गोरखपुर के लिए शटल सेवा भी शुरू की जाएगी।इसके अलावा, वन नेशन, वन इलेक्शन पर बोलते हुए दयाशंकर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस निर्णय की सराहना की।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोतवाली तिलहर में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शनिवार को थाना तिलहर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की। डीएम ने प्राप्त प्रार्थना पत्र का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को संवेदनशील होकर निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े। शिकायत निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवादों की शिकायतों को पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को बार-बार शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने गत थाना समाधान दिवस की निस्तारित शिकायतों की भी समीक्षा की एवं शिकायत रजिस्टर भी देखा। उन्होने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृति न होने पाए।

# अनट्रेंड डॉक्टर ने ली एक शिक्षामित्र की जाँच, परिजनों ने मचाया हंगामा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लापरवाह अनट्रेंड डाक्टरों द्वारा आपरेशन के दौरान महिला शिक्षिका की दर्दनाक मौत। परिजनों ने अस्पताल के खिलाफ थाने में दी तहरीर, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला पीएम हाउस भेजा। मामला थाना जैदपुर के ग्राम अब्दुल्लापुर के रहने वाली प्राथमिक विद्यालय लसोरवा में तैनात कलावती (शिक्षा मित्र ) का पित्ताशय की पथरी का आपरेशन सिटी हास्पिटल लक्ष्बर बजहा बाराबंकी के लिए 27 दिसम्बर को गई थी हास्पिटल के अनट्रेंड डाक्टरों द्वारा दूरबीन विधि से आपरेशन के दौरान कलावती की मृत्यु हो गई मृत्यु के लगभग 2 घंटे बाद तक मृतका के पति को दूर से दिखाकर भृमित करते रहे कि इलाज चल रहा है इस दौरान मृतका के पति से 25000 रुपयों की मांग भी हास्पिटल के कर्मचारियों द्वारा की गई जबकि हास्पिटल में आपरेशन आयुष्मान कार्ड योजना के तहत मृतका का आपरेशन हो रहा था कलावती भूमिहीन थी जिनके 4 बेटियां व 1 बेटा है जिसमें बेटियां कृमशः - निधी उम्र 25 वर्ष, शालू सिंह उम्र 21 वर्ष , अनुरिचा सिंह उम्र 18 वर्ष, रोली सिंह उम्र 15 वर्ष व बेटा रुद्र प्रताप सिंह उम्र 9 वर्ष है भूमिहीन कलावती अपने परिवार में अकेले ही कमाने वाली महिला थी ऐसे में कलावती की मृत्यु का समाचार सुनकर पांचों बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है मृतका के पति ने कोतवाली सफदरगंज में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है

## डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी लोगो की फरियाद

**बाराबंकी।** जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन, मौके पर कुल 76 प्रार्थना पत्र निस्तारित। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना घुंघटेर व थाना बड्डूपुर में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना घुंघटेर में जनसुनवाई के दौरान कुल 5 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर ही 2 प्रार्थना पत्र निस्तारित व थाना बड्डूपुर में जनसुनवाई के दौरान कुल 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर ही 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।

## जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजन

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बाराबंकी में स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा डबल बॉयज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमे 16 टीम ने भाग लिया तथा सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल भावना एवं कौशल का परिचय दिया। टूर्नामेंट का उद्घाट्न संस्थान के अकादमिक हेड डॉ ऐ के मिश्रा ने किया उन्होंने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना को रखने पर ज़ोर दिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सईद अफरीदी और आरिफ की जोड़ी एवं समीर खान और राज किशोर यादव की जोड़ी के बीच खेला गया जिसमे सईद अफरीदी और आरिफ ने समीर खान एवं राज किशोर यादव के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टूनामेंट का ख़िताब अपने नाम किया।

## घर की खिड़की से करती थी नशे का कारोबार, पुलिस ने 3 महिला तस्करो को किया गिरफ्तार,



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नशा का कारोबार करने वाले पूरा परिवार पहुचा जेल। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर तस्करो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी जिले की थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली 03 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार महिलाओं के कब्जे से 75 लाख रुपए कीमत की 750 ग्राम अवैध स्मैक व 5170 रुपए की नकदी भी बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉक्टर अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में आज दिनांक 28- दिसंबर 2024 को थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से मादक पदार्थो की तस्करी करने वाली 03 महिला तस्करो मीना पत्नी जय प्रकाश पाठक उर्फ किन्नी, रोशनी पत्नी शिवम पाठक व कुमारी शिवानी पुत्री जय प्रकाश पाठक निवासिनी कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को कोटवा सड़क से गिरफ्तार किया गया है। जामातलाशी में अभियुक्ताओं के कब्जे से कुल 750 ग्राम अवैध स्मैक व 5,170/- रुपये बरामद होने पर थाना रामसनेहीघाट पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# मुठभेड़ में पुलिस ने चार चोरो को किया गिरफ्तार

## परतावल में हाजी ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की घटना को दिया था अंजाम



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा पुलिस ने परतावल में हाजी ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुठभेड़ में एक चोर को गोली लगी है। आरोपियों के पास दो किलों के करीब चांदी दस ग्राम सोना पांच हजार नगदी बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकरी के अनुसार अंतरराज्यीय चोर गिरोह के बदमाशों से श्यामदेउरवा पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक घायल हो गया। जबकि तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया पुलिस ने गिरोह से हाजी ज्वेलर्स परतावल में हुए चोरी का कुछ सामान भी बरामद कर लिया। सभी आरोपियों के विरुद्ध कई थानों में मुकदमा दर्ज है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोर गिरोह के कुछ सदस्य चोरी के फिराक में है श्यामदेउरवा थाना के चौपरिया नहर के पास सूचना पर पुलिस कार्रवाई शुरू किया। एसपी के निर्देश पर श्यामदेउरवा, पनियरा, भिटौली, नौतनवा के थाना पुलिस के साथ जिले की स्वाट व एसओजी टीम ने बदमाशों का घेरना शुरू किया। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया पुलिस की जवाबी कार्यवाई में एक चोर को पैर में गोली लगी जबकि तीन चोरों को पुलिस ने पकड़ लिया। घायल चोर को पुलिस ने इजाल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल ले गई जहां डॉक्टरों ने शुरुआती इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल चोर की पहचान यूपी के शाजहापुर जिले के निगोही थाने के एक ही गांव के है।

### चोरी के खुलासा के लिए सात टीमों का हुआ था गठन

परतावल निवासी हाजी मुर्तुजा हुसैन उर्फ रिंकू की परतावल चौक के पनियरा रोड पर हाजी ज्वेलर्स (आभूषण) की दुकान में चोरो को दबोचने के लिए एसपी सोमेन्द्र मीणा ने सात टीमों का गठन किया था। इसके अलावा एफएसएल टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जुटा लिये थे। घटना की सूचना पर एसपी समेत मौके पर पुलिस के आला अफसर भी पहुंचे थे। मामले की जांच करते हुए टीम ने घटना के समय के घटना स्थल, मुख्य मार्गों व परतावल के बाहर निकलने वाले हर रास्ते के सीसीटीवी फुटेज चेकक किया चोरों ने हाजी ज्वेलर्स में लगे सीसीटीवी का डीवीआर उठा ले गए थे हाजी ज्वेलर्स के बगल में मौजूद किराने की दुकान का सीसीटीवी का फुटेज चोरी की घटना के पर्दाफाश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# चीनी मिल भूमि की पैमाइश कराकर खाली कराने के निर्देशः जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दि0 किसान सहकारी चीनी मिल लि0 तिलहर का चीनी उत्पाद, गन्ना अनलोडिंग, बॉयलर आदि का निरीक्षण किया तथा गन्ना लाने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। चीनी मिल प्रशासक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चीनी मिल के गेस्ट हाउस में चीनी मिल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक की पुष्टि की गई तथा गन्ना कार्यालय के समीप कृषकों की सुविधा हेतु प्रतीक्षालय का निर्माण, जर्जर कार्यालयों के पुनः निर्माण एवं चीनी मिल के आमदनी बढ़ाने हेतु चीनी मिल भूमि को को संरक्षित करने तथा निगोही तिलहर मार्ग की जमीन पर दुकानों के निर्माण कराने सहित आदि बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने गन्ना कृषकों की सुविधा हेतु सदस्यों की सहमति से प्रतीक्षालय, कार्यालय एवं बाउंड्री वॉल निर्माण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतीक्षालय, कार्यालय बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य के लिए डीपीआर तैयार कराई जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी तिलहर जीत सिंह राय को निर्देश दिए कि चीनी मिल भूमि की पैमाइश कर खाली कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सदस्यों की मांग पर चीनी मिल के टेक्निकल कार्मिकों को 300 रूपए एवं नॉन टेक्निकल कार्मिकों को 275 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी पर सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों से कहा कि चीनी मिल में गन्ना साफ सुथरा लाने हेतु कृषकों को बताएं। उन्होंने सभी से कहा कि सबको मिलकर चीनी मिल एवं किसानों के हित में मिलकर कार्य करना है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तिलहर, जिला गन्ना अधिकारी एवं चीनी मिल प्रबंधन चीनी मिल सहित प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## बिहार लोक सेवा आयोग में संदीप का हुआ चयन

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा के सबया निवासी संदीप कुमार चौधरी ने बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में सफलता पाई है। संदीप का चयन प्रवक्ता पद के लिए हुआ है। बिहार लोक सेवा आयोग ने यह परीक्षा 22 जुलाई 2024 को आयोजित की थी। संदीप ने स्नातक परमहंस पाल महाविद्यालय गुरली, परास्नातक व बीएड की डिग्री गोरखपुर विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। संदीप हमेशा से ही पढ़ाई में अव्वल रहे हैं। संदीप के पिता भान चौधरी मेहनत मजदूरी कर घर का खर्च चलाते हैं और माता शांति देवी गृहिणी हैं। संदीप ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। संदीप के इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है।

# खैराबाद पुरूष टीम सेमीफाइनल व बिहार महिला टीम फाइनल में पहुंची



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा नगर में आयोजित ठाकुर शिवकुमार सिंह स्मारक आठ दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन शनिवार को महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज के ग्राउंड पर पुरुष वर्ग में एक क्वार्टर फाइनल तथा महिला वर्ग में एक सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। पहले मुकाबले में मॉर्डन फुटबॉल क्लब खैराबाद की टीम ने ट्राईब्रेकर में टाउन क्लब पडरौना को 5-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तो वहीं महिला वर्ग में बिहार की टीम ने नेपाल की टीम को 5-4 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फुटबॉल मुकाबले का शुभारंभ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक शैलेष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद मॉर्डन फुटबॉल क्लब खैराबाद व टाउन क्लब पडरौना के बीच 80 मिनट का मुकाबला खेला गया। मैच के शुरुआती 12 वें मिनट में ही पडरौना के खिलाड़ी जर्सी नंबर छह साहिल ने शानदार मैदानी गोल मार अपने टीम का खाता खोला। इसके कुछ ही देर बाद 19 वें मिनट में एक बार फिर पडरौना के ही खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 सुहैल ने भी शानदार गोल मार कर टीम के स्कोर को 2-0 कर दिया। मध्यांतर तक खैराबाद टीम के खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रहे। मध्यांतर बाद शुरू हुए मुकाबले में खैराबाद के खिलाड़ी शुरू से ही अटैकिंग मोड में खेल खेलना प्रारंभ किये। जिसमें खैराबाद के विदेशी खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 व्हील ने 68 वें मिनट में शानदार गोल मार कर अपनी टीम का खाता खोला। इसके तुरंत बाद ही एक बार फिर विदेशी खिलाड़ी जर्सी नंबर 9 मलोंडा ने भी शानदार गोल मार कर टीम के स्कोर को बराबरी पर पहुंचा दिया। इसके बाद मुकाबले का आखिरी समय तक दोनों ही टीमों के तरफ से किसी भी खिलाड़ी ने गोल नहीं किया और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

## कुंभ मेले को लेकर इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा सख्त, पुलिस ने कसी कमर

**महराजगंज।** कुंभ मेले के मद्देनजर इंडो-नेपाल सीमा और आसपास के सभी सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने महराजगंज ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के साथ समन्वय बनाकर नियमित पेट्रोलिंग करें। इसके साथ ही सीमा पर मौजूद पगडंडियों की पहचान कर उन पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीमा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ चौपाल व गोष्ठियां आयोजित कर स्थानीय लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध व्यक्तियों और बाहरी लोगों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, लोकल इंटेलिजेंस यूनिट व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक नहीं होने से मरीज परेशान

# एक फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा अस्पताल

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल विकास खंड के अंतर्गत ठूठीबारी ग्राम सभा के टोला धमौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्वास्थ्य सेवा बदहाल हो गया है। डाक्टर की तैनाती नहीं होने के कारण मरीजों को भटकना पड़ता हैं। बताते चले कि अस्पताल पर तैनात डॉक्टर ओम प्रकाश द्वारा 19 दिसंबर इस्तीफ़ा दे दिए जिसके बाद से यहां किसी दूसरे डाक्टर की तैनाती नहीं हुई। जिसके बाद सीएचसी की जिम्मेदारी एक फार्मासिस्ट के भरोसे है। आलम यह है कि दूर दराज से पैदल, रिक्सा, बाइक से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीज डाक्टर के अभाव में इलाज के लिए परेशान हो रहे है। सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ सुविधा को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा ठूठीबारी के टोला धरमौली में सीएचसी केंद्र का निर्माण कराया गया है। जहां सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच कर अपनी बीमारियों का इलाज करा स्वास्थ सुविधा का लाभ ले रहे है। इस अस्पताल के संचालन होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग छोटी मोटी बिमारियों का इलाज कराना बेहद सरल व सुविधा जनक हो गया है। मौजूदा समय में सीएचसी में एक फार्मासिस्ट सतीश शंकर वर्मा, लैब टेक्नीशियन समीर उपाध्याय, स्वीपर उदयभान, होरिल वार्ड ब्वाय, लक्ष्मीना स्वीपर, सहित कुल पांच स्टाफ तैनात है।

जब अस्पताल शुरू हुआ यह संख्या नौ थी। यहां शुरू से ही स्टाफ की कमी है। फार्मासिस्ट वर्मा ने बताया कि विगत एक हफ्ते से मौसम का मिजाज बदलने से सर्दी, जुकाम, खांसी, डायरिया, बुखार सहित खुजली सहित वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। मौके पर मौजूद




ग्रामीण इंदर प्रसाद यादव, पप्पू साहनी राम नारायण सिंह, नर्मदा देवी, यशोदा देवी, मीरा देवी, अर्जुन यादव, रामलाल साहनी, गोबरी चौधरी, सुरेश चौधरी, युसूफ खान, गणेश प्रसाद, पृथ्वी गुप्त आदि लोगो ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में मरीज के अस्पताल पहुंच रहे है। पर डाक्टर की तैनाती ना होने से वापस लौट प्राइवेट क्लिनिक अपना इलाज करवा रहे है। जिससे उनकी जेब ढीली हो रही है।

**बिना बाउंड्री वाल अस्पताल, सुरक्षा से मजाक**

ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा अस्पताल तो बना दिया गया है। बाउंड्री वाल नहीं लगा ना ही गेट लगाया गया। जिससे कुत्ते, बिल्ली, बकरी सहित पशु बे रोक टोक घुस जाते है।अस्पताल की बाउंड्री विहीन होने की वजह से सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी सुरक्षित नहीं है।

**कोट......**

सीएचसी में डाक्टर का ना होने का मामला संज्ञान में है अगले सप्ताह में तीन दिन डाक्टर की व्यवस्था किया गया है जल्दी ही परमानेंट डॉक्टर की तैनाती कर दी जाएगी।स्वास्थ सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

अवधनामा
लखनऊ, रविवार, 29 दिसम्बर 2024



# टीकाकरण के लिए बुलावा पर्ची का वितरण जरूरी : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा

## भनवापुर के चौखड़ा में आयोजित टीकाकरण शिविर में ग्रामीणों को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा ने ग्राम चौखड़ा में आयोजित टीकाकरण शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएनएम निधि, आशा सीता तथा आंगनबाड़ी सुनीता उपस्थित मिली तथा 17 बच्चों समेत 9 गर्भवती को सेवा दी जा चुकी थी।

अधीक्षक ने सत्र पर उपस्थित नितिन, अर्चित, श्रेया, प्राची, क्रांति आदि के अभिभावक व कुसुम, रीना, सुमन, रोशनी, प्रीति आदि गर्भवती महिलाओं से एएनएम के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की विषय में जानकारी ली। डॉ.ओझा ने एएनएम तथा आशा बहू को गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने की बात की, जिसे जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सके तथा कहा कि आशा बहू के गांव में सभी गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत दी जाने वाली निःशुल्क अल्ट्रासाउंड एवं अन्य सुविधाएं के लिए आम जनमन को जागरूक करे। डॉ ओझा ने एएनएम तथा आशा बहू को टीकाकरण के एक दिन पूर्व डियू लिस्ट तैयार करते हुए बुलावा पर्ची का वितरण करने के लिए निर्देशित किया।

## पुस्तकालय भवन के निर्माण हेतु अपने सांसद- निधि से रुपया 62,19000/ किया स्वीकृत

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कलेक्ट्रेट में पुस्तकालय भवन के निर्माण हेतु राज्यसभा सांसद बृजलाल ने अपने सांसद-निधि से रुपया 62,19000/ स्वीकृत किया है। सांसद ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुरोध पर मैंने कलेक्ट्रेट में पुस्तकालय भवन के निर्माण हेतु अपने सांसद- निधि से रुपया 62,19000/ बासठ लाख उन्नीस हज़ार स्वीकृत किया है। कलेक्ट्रेट-भवन 1995 में बना था, परंतु धनाभाव के कारण पुस्कालय भवन नहीं बन पाया था। जिला सिद्धार्थनगर 1988 में बना था। कलेक्ट्रेट-भवन का निर्माण 1995 में हुआ था। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में पुस्कालय होना आवश्यक है। सिद्धार्थनगर मेरा गृह जनपद है। मैंने अपने गृह जनपद को ही नोडल जिला चयनित किया है।मुझे प्रसन्नता है कि मेरे सांसद-निधि से मेरे गृह जनपद के कलेक्ट्रेट में पुस्तकालय का निर्माण हो रहा है। मुझे आज दिनांक 28-12-24 को ही दिन में 12 बजे जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डॉ राजागणपति आर का फ़ोन आया और ह्वाट्सऐप पर अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ। मैंने तुरंत रुपये स्वीकृत कर दिए और दिन के 1 बज कर 53 मिनट पर धन अपलोड भी हो गया।

# कंबल वितरण के दौरान सांसद ने गिनाई केंद्र व प्रदेश की उपलब्धियां




अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नारद इण्टर मीडिएट कालेज बंदूवारी में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कार्यक्रम में उपस्थित माताओं, बहनों, बुजुर्गो और जरूरतमन्द लोगों में कम्बल का वितरण किया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने बताया कि गरीबों को निःशुल्क रसोई गैस, किसानों को सम्मान निधि, जिनके पास मकान नहीं है उनको प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास दे रही है। यही नहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक मुफ्त में इलाज की सुविधा दे रखी है। इस योजना में अब बुजुर्गों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड का मौसम चल रहा है, सरकार की तरफ से भी प्रशासन के लोग बहुत सारे जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर रहे है। इस दौरान उप जिलाधिकारी इटवा कल्याण सिंह मौर्य, सांसद प्रतिनिधि नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, राम बदन पाठक, दल सिंगार दूबे, मण्डल अध्यक्ष शिवपाल सिंह, राम बरन यादव, रिद्धि कुमार गिरी, प्रधान प्रतिनिधि कठेला शर्की राम विनेश निषाद, प्रधान कठेला गर्वी अनिल कुमार वर्मा, तिलकधारी, अखण्ड पाल, राघव, अमन यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम सागर चौबे, लेखपाल कठेला गर्वी लुकमान अहमद, श्यामू गुप्ता, पिन्टू मौर्या, अनिल अग्रहरी, परशुराम यादव, राम लखन, पुजारी, प्रदीप, ओम प्रकाश, गोपेश पाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## जनपद स्थापना दिवस पर आज होगा गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्थापना दिवस 29 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से साड़ी तिराहा पर स्थित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण, इसके पश्चात प्रातः 9:15 बजे सिद्धार्थ तिराहा पर स्थित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इसके पश्चात बुद्ध चौक, बर्डपुर तिराहा पर स्थित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात नगर पंचायत कपिलवस्तु में नवनिर्मित योगमुद्रा का लाकार्पण कार्यक्रम 10:30 बजे सम्पन्न होगा। इसके पश्चात पूर्वान्ह 11:30 बजे कपिलवस्तु स्तूप पर पूजन एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा इसके पश्चात भन्तेगणों में कम्बल का वितरण किया जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन हो जाने के कारण शासन द्वारा 26 दिसम्बर से 1 जनवरी तक राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। ऐसी स्थिति में स्तूप पूजन के उपरान्त आयोजित होने वाली जनपद की विकास यात्रा के 36 वर्ष विषयक विचार संगोष्ठी के कार्यक्रम को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में स्थगित कर दिया गया है।

# मंडल स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेता छात्र सम्मानित

## भनवापुर के मंगराव प्राथमिक विद्यालय के बच्चे चार स्पर्धाओं में बने मंडल चैंपियन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मंगराव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को मंडल स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजय छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेद उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर मंडल स्तर पर जनपद सिद्धार्थनगर नगर के इस विद्यालय के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित कर प्रदेश स्तरीय स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं दी। ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि मंगराव विद्यालय के बच्चे सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर हो नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। बताते चलें कि 15 एवं 16 दिसम्बर को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के स्टेडियम में आयोजित मंडल स्तरीय बाल क्रीडा में सिद्धार्थनगर की तरफ से प्रतिभाग कर रहे प्राथमिक विद्यालय मंगराव के बच्चों ने लोकगीत, लोकनृत्य, समूहगान और राष्ट्रीय एकांकी प्रतियोगिता में जनपद बस्ती एवं संतकबीरनगर को टक्कर देते हुए चारों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीत कर जनपद सिद्धार्थनगर को मंडल विजेता बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, रमेश चंद्र त्रिपाठी, अजय पांडेय, प्रदीप कुमार, माता प्रसाद, राम विलास, नीरज यादव, तोताराम, रमेश वरुण, शिवकुमार, नरेंद्र, शैलेन्द्र पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में स्कूली छात्र उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष जलाने से मृदा में मौजूद सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं : डॉ. प्रदीप कुमार




- खुनियांव ब्लाक क्षेत्र के परसा में आयोजित प्रशिक्षण में किसानों को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** खुनियाव ब्लॉक क्षेत्र में परसा गांव में चल रहे किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ.ओम प्रकाश ने किसानों से फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.प्रदीप कुमार ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, मृदा सतह कठोर हो जाती जिससे वायु संचार बाधित हो जाती है, मृदा की जल धारण छमता कम हो जाती तथा पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ शेष नारायण सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रयोग में आने वाले कृषि यंत्रों हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर मल्चर, रोटावेटर के बारे बताया। केन्द्र के बीज वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने किसानों को बताया फसल अवशेष जलाने से मृदा में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा कम को जाती है जिससे प्राकृतिक रुप से मृदा में उपस्थित ट्राइकोडरमा सूक्ष्म जीवों की संख्या कम हो जाती है जिससे फफूद जनक बीमारियों का प्रकोप फसलों में बढ़ जाता है जिसका प्रबंधन करना कठिन हो जाता है।फसल अवशेष को सड़ने के लिए 25 किलोग्राम यूरिया का प्रयोग प्रति हेक्टेयर प्रयोग करे जिससे सड़ने की प्रक्रिया तेज हो जाती है।केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया फसल अवशेषों को सब्जियों की खेती एवं फलों के बगीचों में अच्छादन के रूप में प्रयोग करने से खरपतवार नियंत्रण एवं पानी की बचत और उत्पादन में वृद्धि होगी। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक प्रवेश कुमार ने किसानों को बताया फसल अवशेषों को जलाने से मृदा का स्वास्थ्य खराब हो रहा है और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है इसलिए किसान फसल अवशेष को खेत में ही डिकंपोजर की सहायता से सड़ाये। हैपी सीडर, मल्चर, रोटावेटर, सुपर सीडर और स्मार्ट सीडर कृषि यंत्रों से फसल अवशेष का प्रबंधन करेंगे।डॉ. मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि गेहूं की फसल की कटाई के बाद मिट्टी पलट हल से खेत की जुताई करें तथा गर्मी में हरी खाद वाली फसलों का प्रयोग करें कार्यक्रम में मोहम्मद जिकरूलाह, गुलाम रसूल, मोहम्मद मुनीर, दशरथ, अफजल हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## अध्यनरत छात्रों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर मनाया गया वार्षिकोत्सव



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तिलक इण्टर मीडिएट कालेज बांसी में अध्यनरत छात्रों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले वार्षिकोत्सव में आज बतौर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने शिरकत किया और छात्रों का हौंसला बढ़ाया। प्रबंधक डाक्टर अरविंद कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य डाक्टर धर्मेंद्र मिश्रा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने पूरे गर्मजोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चे कामिनी, विंदवासनी, सुहानी, पूनम, रोशनी, नेहा, पिंकी, आंशिक, प्रतिभा यादव, निशा मानसी, आदित्य, गौतम, सचिन , शोएब, बृजेश तबस्सुम, महक आदि ने राष्ट्र गीत, लोक गीत, देशभक्ति गीत, नृत्य नाटक आदि प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय में छात्रों के सापेक्ष कमरे कम होने पर सांसद ने हर वर्ष सांसद निधि से एक नया कमरा बनवाने को कहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ अरविंद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार मिश्र, सहित काफी संख्या अविभावक व बच्चे मौजूद रहे।

## लगभग 250 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर किया नष्ट

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद सिद्धार्थनगर में शुक्रवार को आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार सन्नीकट नववर्ष के दृष्टिगत अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में संयुक्त आबकारी आयुक्त गोरखपुर ,जोन गोरखपुर, उप आबकारी आयुक्त बस्ती प्रभार बस्ती तथा जिला अधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार



जिला आबकारी अधिकारी सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आबकारी टीम सिद्धार्थनगर द्वारा ओदनवाताल, भगवतापुर, मंझरिया, रतनपुर, कनकटी आदि में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान तलाशी में लगभग 45 लीटर अवैध शराब बरामद हुई व लगभग 250 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में 03 अभियोग पंजीकृत किए गये।

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र/माय भारत के तत्वाधान में ब्लॉक लोटन के कृष्णा पब्लिक स्कूल ग्राम सूसनहा कर्मी लोटन के प्रांगण में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप प्रधानचार्य ओम प्रकाश यादव रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस तरह की प्रतियोगिता बच्चों के लिए प्रेरणा दायक होती है ।कबड्डी में बालिका वर्ग में विजेता मोनी चौरसिया की टीम उपविजेता प्रियंका की टीम वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राम अशीष उपविजेता विजय की टीम 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर लव कुश द्वितीय स्थान पर विशाल तृतीय स्थान पर अंकित बैडमिंटन में विजेता में प्रियंका उपविजेता रितु साइकिलिंग में प्रथम स्थान पर नीतू द्वितीय स्थान पर वंदना तृतीय स्थान पर रितु कुश्ती में प्रथम स्थान पर रामाशीष द्वितीय स्थान पर विशाल आदि सभी प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# ग्राम पंचायत ढेकहरी बुजुर्ग व ढेकहरी खुर्द में लगा चौपाल, गांव की समस्या गांव में समाधान




अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढेकहरी खुर्द में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव अनूप रावत ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सचिव अनूप रावत, रोजगार सेवक अरुण कुमार, अंबुज श्रीवास्तव, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सफाई कर्मी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं ग्राम पंचायत ढेकहरी बुजुर्ग चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता जेई संतोष कुमार ने करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जहां काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान कमलेश कुमार उर्फ रिंकू चौधरी, रोजगार सेवक यशोदानंद वर्मा, पंचायत सहायक रिजवान, कोटेदार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सफाई कर्मी सहित आलोक चौबे, अमन चौधरी, संजय जोरिया, मनिक राम, विनोद, राजू आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** खैर टेक्निकल इण्टर कॉलेज बनगवां डुमरियागंज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल कूद का प्रदर्शन किया गया। वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में कक्षा 9 वर्ग ए के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सी खींचने में कक्षा 11 के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 500 मीटर दौड़ में मोहम्मद आबिद फारूकी कक्षा 12 एवं साइकलिंग में यशवंत राव कक्षा 10 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डायरेक्टर इंजीनियर इरशाद अहमद खान, जमाल अहमद खान, प्रधानाचार्य फैयाज अहमद, मोहम्मद इरफान, विवेक श्रीवास्तव, हफीजुर्रहमान, गुलजारुददीन, सैयद अली रिज़वी, जमाल अहमद, इमरान इजहार, आफताब आलम, मनोज श्रीवास्तव, मोहम्मद इजहार, काजी मोहम्मद आरिफ, सैयद इरफान हैदर रिज़वी, अब्दुल सलाम, काजी शब्बर अज़ीज़, खलीक अहमद आदि उपस्थित थे।

## सपा की इटवा में पीडीए बैठक : दलगत राजनीति से उठकर सब इससे जुड़ें : नेता प्रतिपक्ष



**इटवा सिद्धार्थनगर एजाज़ सिद्दीक़ी।** नेता प्रतिपक्ष के आवास पर अपोजीशन लीडर व इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ पीडीए की जनपंचायत पखवाड़ा कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर चर्चा की। सेक्टर/सह सेक्टर प्रभारियों व नेताओं ने वर्तमान भाजपा सरकार पर जमकर हमला भी बोला। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपोजीशन लीडर माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि पीडीए मूल रूप से पिछड़े दलित और अल्पसंख्यक के शोषण उत्पीड़न व उपेक्षा के खिलाफ उठती है। उन्होंने कहा कि आवाज चेतना और सामान अनुभूति से जन्मी उस एकता का नाम पीडिए है, इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हैं, जो मानवता के आधार पर इस तरह की नाइंसाफी के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इसकी सबसे बड़ी बात यह है कि सभी वर्गों के अच्छे लोग इस मुहिम में बड़े दिल से कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल समाज के सभी लोगों को मतभेद की राजनीति से ऊपर उठकर इसमें जुड़ने और देश की प्रगति के लिए सामाजिक सशक्तिकरण के इस नये आंदोलन को मंजिल तक पहुंचाने की बात कही बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान ने किया। इस मौक पर प्रदेश सचिव बेचई यादव, जिला महासचिव कमरुज्जमा खान ने अपने विचार व्यक्त किए। अजय चौधरी, उदयभान तिवारी, कमाल अहमद, पारसनाथ विश्वकर्मा, अब्दुल लतीफ, सुरेश पाण्डेय, शोभित पाण्डेय, रहमतुल्लाह, मो0 हारून, शक्तिनाथ पांडेय, एजाज शाह, बबलू पाठक, देवेंद्र सिंह, सुनील यादव, माते नेता, रमापति पाण्डेय, जर्रार अहमद, दीनदयाल शर्मा, हजरत अली, दिनेश मिश्रा, भोला यादव, हक्कू हसन, आदि मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी की रथ यात्रा पहुंची सिद्धार्थनगर

अवधनामा संवाददाता



- पूर्व प्रधानमंत्री के स्वर्गवास होने पर दी श्रद्धांजलि
- 13 जनवरी को निषाद पार्टी अपना 12वा संकल्प दिवस जनपद गोरखपुर में मनाएगी

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी द्वारा संवैधानिक अधिकार यात्रा जनपद सिद्धार्थनगर में पहुँची। निरीक्षण भवन से यात्रा का प्रारंभ होकर रायपुर तिराहा, जिगिनिहवा से बड़हर बाड़ी घाट (सभा स्थल) से गौड़डीह से काढ़ेला कोढ़ी मोड़ से केवटलीया से सोहरतगढ़ से नौगढ़ इटवा चौराहा होते हुए जनपद महाराजगंज के लिए प्रस्थान हुई।

श्री निषाद जी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह जी के चित्र पर श्रद्धांजलि और श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनके द्वारा देश को नई आर्थिक दिशा दशा देने का काम किया गया था, उदारवादी नीति के प्रमुख रहे डॉ सिंह जी ने हमेशा देश के निचले पायदान पर रहने वाले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है, आर्थिक दिवालियापन घोषित होने से देश को बचाना, आधार कार्ड, आरटीआई, न्यूक्लियर डील समेत अन्य सभी विकासशील मुद्दों पर देश को आगे बढ़ाने का काम किया था, श्री निषाद जी ने कहा कि मनमोहन जी देश के विकास को नई दिशा देने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा की मनमोहन सिंह जी से देश के युवा को प्रेरणा लेनी चाहिए कि एक ग़रीब परिवार से उठकर उन्होंने देश के सभी सर्वोच्च पद पर अपनी मेहनत और लग्न से पहुँचे हैं। श्री निषाद जी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में निषाद पार्टी डॉ मनमोहन सिंह जी के परिजनों, शुभचिंतकों एवं समर्थकों को महाराजा गुह्यराज निषाद जी से संबल प्रदान करने की प्रार्थना करेंगे। श्री निषाद जी ने समाधि स्थल पर कांग्रेस द्वारा उठाये जा रहे सवाल पर कहा कि कांग्रेस पार्टी को हर मामले में राजनीति करने की आदत हो गई है, देश ने एक दिन पहले ही अपने पूर्व प्रधानमंत्री और प्रखर अर्थशास्त्री को खोया है, आज उनकी अंतिम यात्रा से पूर्व कांग्रेस द्वारा तुच्छ राजनीति कर स्वर्गीय मनमोहन जी के प्रति उनकी भावना दर्शाती है। सरकार और गृह मंत्रालय द्वारा लिखित में आदेश जारी किया गया की पूर्व प्रधानमंत्री जी के स्वर्गोउपरांत उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा, और जल्द ही उनको मिलने वाले सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा और समाधि स्थल स्थान सुनिश्चित करके समाधि स्थल बनाया जाएगा। श्री निषाद जी ने कहा की संवैधानिक अधिकार यात्रा उत्तर प्रदेश के मछुआ समाज को एकजुट कर उनके हक़-हकूक़ के लिए लड़ी जा रही लड़ाई के प्रति जागरूक किया जायेगा साथ ही मछुआ आरक्षण पर निषाद पार्टी द्वारा उठाये गये सभी व्यापक कदम से अवगत कराया जा रहा है। श्री निषाद जी ने कहा कि जनपद पीलीभीत की निषाद/कश्यप/मछुआ समाज का समर्थन निषाद पार्टी को हमेशा से मिलते आया है। प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद जनपद पीलीभीत का दौरा बेशक कम हुआ है, किंतु जब मत्स्य विभाग के जनपदीय बजट के अलॉटमेंट करने की फाइल उनके पास आती है, तो वो पीलीभीत में पश्चिमांचल/रूहैलखंड के बजट का अधिकतम हिस्सा पीलीभीत के मछुआ समाज के लोगो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी 2025 को निषाद पार्टी अपना 10वाँ संकल्प दिवस जनपद गोरखपुर में मनाने जा रही है और इस संकल्प दिवस पर प्रदेश के सभी जनपदी से मछुआ समाज के लोग पहुचेगे और संकल्प दिवस में ही मछुआ समाज के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक आरक्षण के मुद्दे को नई दिशा देने का काम किया जायेगा। इस मौक़े पर व्यास मुनि निषाद, राजकुमार कश्यप, दिलीप निषाद, हरि राम निषाद, सुनील निषाद, राम पाल निषाद, अरविंद निषाद, राजकुमार निषाद, केसरी नंदन, विंदुमती निषाद, शिवकुमार निषाद आदि मौजूद रहे।

## हंगामा क्यो बरपा है

संसद के दोनो सदनों में काम काज ठप हो रहा है हंगामा बढ़ता जा रहा है। संसद हंगामा के लिये नहीं है राष्ट्रीय और लोकहित बहस कर अनुकूल कानून बनाना है बिलों को पास करके। महत्वपूर्ण बिल पड़े हुये है। दोनो पक्षों में सहमति बनी थी कि महत्वपूर्ण बिल पड़े हुये है इसलिये सहमति बनी थी कि सदन में कामकाज बाधित न किया जाय। सहमति के बाद कांग्रेस से अनुकूल प्रक्रिया मिलने के बाद लगा बाकी सत्र बहस मुबासे से चलेगा। कांग्रेस अपनी निति में बदलाव दिखाया।

अदाणी ग्रुप से जुड़े आरोपो के लिये कांग्रेस रणनीति में बदलाव करते हुये उनके लोगो ने सदन के अन्दर और बाहर दूसरे माध्यमों से ध्यान खीचने की कोशिश करते दिखे। काले रंग के पोस्टर से सजे जैकेट पहनने से लेकर मुखौटे लगाये अलग-अलग तरीकों से ध्यान खीचने की कोशिश करते रहे। पर इससे संसद के अन्दर का माहौल अपरिवार्तित ही रहा। विपक्ष के आरोप अपनी जगह बने रहे। सत्ता पक्ष ने इसके जवाब में कांग्रेस की कथित भारत विरोधी जार्ज सोरेस के संगठन से मिली भगत के आरोपो को उसी आक्रमकता से उठाता रहा। संसद में जो मिल जुलकर काम करने की भावना बनी थी उसका कही अतापता नहीं लग रहा था। थोड़ी जो सकारात्मक आशा बनी थी। वह निराशा में बदल गई। पुराने काल में संसद के कार्यवाइयों को याद करें तो याद आयेगा संसद में स्वस्थ बहस होती थी। विद्वता पूर्ण बहस को सदस्य ध्यान से सुनते थे और उसी तार्किक विद्वता से जवाब भी देते थे। नये सदस्य इससे प्रशिक्षित होते थे साथ में जनता भी।

इस सन्दर्भ में 2003 की बात याद दिलाना चाहूगा उस समय अटल बिहारी जी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने एक अन्तराष्ट्रीय कूटनीतिक मामला देश के पक्ष में निपटाने के लिये विपक्ष की मदद ली। बाजपेय जी ने वामपन्थी नेताओं को चाय पर अमन्त्रित किया। अमेरिका उस समय अमेरिका भारत पर इराक में सेना भेजने के लिये दबाव डाल रहा था। वाजपेयी जी इराक में सेना नहीं भेजना चाहते थे। उग्रपन्थियों के सेना भेजने के खिलाफमनाया। उन्होंने सेना भेजने के विरोध में तैयार कर लिया।

वाजपेयी जी भारतीय फौज इराक नहीं भेजना चाहते थे। वह सन्देश देना चाहते थे कि देश में इसका काफी विरोध हो रहा है इसलिये जनमत को ठुकरा कर यह मांग नहीं मान सकते। आज सत्तापक्ष और विपक्ष जिस राह पर रहा है ऐसे में पक्ष और विपक्ष में ऐसा तालमेल एक सपना भर है। लोकतन्त्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष का तालमेल जरूरी है देशहित और राष्ट्रहित में भी। यह पक्ष और विपक्ष दोनो की सम्मिलित जिम्मेदारी है। चूकी सत्ता पक्ष के पास शक्तियां रहती है। इसलिये उस पर ज्यादा जिम्मेदारी आती है। लगता है शीतकालीन सत्र ठन्ठा ठन्डा ही रहेगा। सत्तापक्ष हो या विपक्षी उन्हें समझना चाहिये जनता सदन मे गतिरोध पैदा करने के लिये उन्हें नहीं चुनती है। जनता में काफी लोग मूल जरूरतों से वन्चित है उन्हे ऊपर उठाना दोनो पक्षों का काम है। मोदी जी से जनता ज्यादा उम्मीद पाल रक्खी है। कुछ काम तारीफलायक किये भी है। उनसे आशा की जाती है कि गतिरोध को दूर करने का कोई सार्थक उपाय निकालेगे।

## गिरता रूपया और फाईव ट्रिलियन अर्थव्यवस्था!

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर 85 के आंकड़े को पार कर गई है। दूसरे शब्दों में कहें तो 1 डॉलर खरीदने के लिए 85 रुपये चुकाने होंगे। अप्रैल में, यह 'विनिमय दर' 83 के आसपास थी। एक दशक पहले, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभाला था, यह 61 के आसपास थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई भाषणों में 5 ट्रिलियन इकॉनमी की खूब चर्चा हो रही है। वे पूरे आत्म विश्वास के साथ कहते है किं भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना बिल्कुल संभव है। लेकिन जिस तरह से डालर के मुकाबले लगातार रूपये गिर रहा है। उसे देखकर 5 ट्रिलियन डॉलर (350 लाख करोड़ रुपये) इकॉनमी देश की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य दूर दिख रहा है। भारत की अर्थव्यवस्थ अभी लगभग 3.8 ट्रिलियन डॉलर है।



प्रेम शर्मा

रुपये में ऐतिहासिक गिरावट 19 दिसम्बर 24 दर्ज की गई। भारतीय मुद्रा लुढ़ककर 85 रुपये प्रति डॉलर के नीचे बंद हुई। यह रुपये का अब तक का सबसे निचला स्तर है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में 19 पैसे की गिरावट के साथ रुपया 85.13 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर पहुंचा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 2025 के अनुमानों में बदलाव के चलते उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ा। डालर का 85 के पार जाने से चिंता बढ़ गई है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले का असर दुनिया भर के बाजारों पर दिख रहा है। जब जब रुपया कमजोर होता है तो विदेशी निवेशक पर इसका असर नजर आ सकता है। भारत में निवेश करने से ये हिचकिचा सकते हैं। इसके पीछे की वजह यह है कि उन्हें लगता है कि भविष्य में रुपये का मूल्य और कम हो सकता है, जिसकी वजह से उन्हें नुकसान हो सकता है। इधर रूपये के कमजोर होते ही रुपये को मजबूत करने के लिए सरकार और रिजर्व बैंक कुछ कदम उठा सकते हैं। वे ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं। इससे लोगों को लोन लेना महंगा पड़ेगा. कारोबार पर भी इसका असर पड़ता नजर आ सकता है।

जानकारों के अनुसार डालर के मुकाबले रूपये में गिरावट अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अपनी नीतियों में बदलाव की वजह से ऐसा हुआ है। कोरोना के बाद दुनिया के तमाम देश मंदी की चपेट में आ गए थे। उससे उबरने के लिए सभी ने अपने-अपने तरीके से उपाय किए। अमेरिकी फेडरल ने अपनी ब्याज दरों में कटौती कर उसे साढ़े चार फीसद पर ला दिया है। इस तरह डालर की स्थिति मजबूत हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि जब से राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय हुई है, निवेशकों को लगने लगा है कि वहां निवेश करना सबसे फायदेमंद है। इसलिए बहुत सारे निवेशकों ने भारत से पैसे निकाल कर अमेरिका का रुख कर लिया। इससे विदेशी मुद्रा भंडार में भी छीजन दर्ज शुरू हो गई। पिछले कुछ समय तक डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट लगभग रुकी हुई थी, तब विशेषज्ञों ने कहना शुरू कर दिया कि सरकार विदेशी मुद्रा भंडार से डालर की निकासी करके रुपए की कीमत को रोक रखा है। मगर अब वह तरीका भी शायद काम नहीं आ रहा।अब डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट का असर व्यापार, पर्यटन, शिक्षा आदि पर पड़ेगा। भारत अपनी जरूरत का अधिकतर ईंधन तेल दूसरे देशों से खरीदता है। ऐसे में जब भी कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है, तो सरकार का खर्च बढ़ जाता है। इसके अलावा, दवाइयों के लिए कच्चा माल, खाद्य तेल, इलेक्ट्रानिक साजो-सामान आदि के लिए भी हम दूसरे देशों पर निर्भर है। विदेश पढ़ने गए विद्यार्थियों और पर्यटकों की जेब पर बोझ बढ़ जाता है। इसलिए रुपए की कीमत का गिरना चिंताजनक होता है।

सरकार द्वारा लगातार व्यापार घाटा पाटने के लिए कई विदेशी वस्तुओं के आयात पर रोक लगाने और देसी वस्तुओं को प्रश्रय देने की कोशिश की गई, इसका कुछ असर भी हुआ। मगर फिर भी व्यापार घाटा कम नहीं हो पा रहा। खासकर चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। यही नही महंगाई पर काबू पाने के मकसद से रिजर्व बैंक ने लगातार रेपो दर को ऊंचा बनाए रखा है, मगर स्थिति यह है कि बाजार में पूंजी का अपेक्षित प्रवाह नहीं बन पा रहा। इसकी बड़ी वजह लोगों की आय में बढ़ोतरी न हो पाना है। पिछले कुछ समय से हमारी विकास दर और उसमे विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसे में डालर की आवक कम हुई है। इस स्थिति में रुपए की कीमत घटनी शुरू हो जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**यह नीति राइट टू एजुकेशन का हिस्सा थी। दरअसल, इस नीति का मकसद स्कूलों में बेहतर वातावरण बनाना था जिससे बच्चे बिना किसी भय के नियमित स्कूल आते रहें। उन्हें फेल न करने की नीति का मकसद यह भी था कि वे फेल होने पर शर्म महसूस न करें। किसी तरह का तनाव न झेलें। लेकिन इस कोशिश का परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से विमुख होने लगे। उनके मन से परीक्षा की गंभीरता का भाव जाता रहा। यही वजह थी कि जुलाई 2018 में राइट टू एजुकेशन को संशोधित करने हेतु लोकसभा में बिल पेश किया गया।**

# शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में अहम फैसला

जुलाई 2018 में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर लोकसभा में शिक्षा का अधिनियम, 2009 के संशोधन पर अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई सरकारी स्कूल अब मिड डे मील स्कूल बन गए थे क्योंकि इनमें शिक्षा और सीखना ग़ायब है। उस समय केंद्र में नो डिटेंशन पॉलिसी थी जिसे अब केंद्र की मोदी सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा के लिए हटा दिया है। मोदी सरकार के इस फैसले के बाद अब पांचवीं और आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों को फेल किया जा सकता है। साल, 2010 में केंद्र की मनमोहन सरकार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार, अधिनियम में संशोधन करके नो डिटेंशन पॉलिसी बनाई थी।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

कहा जा रहा था कि इस फैसले के चलते छात्रों द्वारा परीक्षाओं को गंभीरता से न लेने से शैक्षिक गुणवत्ता में गिरावट देखी जा रही थी। छात्रों को लगने लगा था कि जब वे फेल नहीं होंगे और अगली कक्षा में बिना पढ़े चले जाएंगे, तो पढ़ना किस लिए। जिसके चलते शैक्षिक स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। सरकार के इस फैसले से केंद्र के अधीन चलने वाले लगभग 3000 स्कूल प्रभावित होंगे। इनमें केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल शामिल हैं। नो डिटेंशन पॉलिसी जब लाई गई थी तो उसका उद्देश्य स्कूलों में हो रहे ड्रॉपआउट को कम करना, सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाना और परीक्षा में फ़ेल होने के डर को दूर करना था। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 छह से 14 साल के बच्चे के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाता है और इसके सेक्शन 16 में नो डिटेंशन पॉलिसी का विस्तार से ज़िक्र है। इसके मुताबिक़, नो डिटेंशन का प्रावधान इसलिए बनाया गया है क्योंकि परीक्षाओं का इस्तेमाल अक्सर खराब अंक पाने वाले बच्चों को बाहर करने के लिए किया जाता है. एक बार फेल घोषित होने के बाद, बच्चे या तो कक्षा दोहराते हैं या फिर स्कूल ही छोड़ देते हैं। बच्चे को एक कक्षा दोहराने के लिए मजबूर करना हतोत्साहित करने वाला होता है। आरटीई अधिनियम में नो डिटेंशन प्रावधान का मतलब बच्चों की शिक्षा का आकलन करने वाली प्रक्रियाओं को छोड़ना नहीं है।

नो डिटेंशन पॉलिसी के तहत किसी भी छात्र को तब तक फेल नहीं किया जा सकता है, जब तक कि वह कक्षा एक से लेकर आठवीं तक प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं कर लेता है। इसका मतलब है कि अगर कोई छात्र फेल होता है तो उसे अगली क्लास में प्रमोट कर दिया जाएगा। इस पॉलिसी के तहत छात्रों का मूल्यांकन पारंपरिक परीक्षा प्रणाली से अलग सतत और व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) के तहत किया जाता है। इसमें पेपर-पेंसिल टेस्ट, चित्र बनाना, पढ़ना और



मौखिक रूप से अभिव्यक्ति आदि शामिल है।

दरअसल, पहले सरकार ने इस मुद्दे पर संवेदनशील व मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए छात्रों के प्रति उदार रवैया अपनाया। यह माना गया कि छात्रों को फेल करने से उनके आत्मसम्मान को ठेस लगती है। कतिपय स्थानों पर फेल होने के तनाव में आत्महत्या तक के मामले प्रकाश में आए थे। यही वजह थी कि विद्यार्थियों के स्वाभाविक विकास व उनका मनोबल ऊंचा रखने के लिये उन्हें फेल न करने की नीति अपनाई गई। दरअसल, नो डिटेंशन नीति लागू करने का मकसद यही रहा कि वंचित व पिछड़े समाज के छात्रों को स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिला पाने का मौका मिले। यह नीति राइट टू एजुकेशन का हिस्सा थी। दरअसल, इस नीति का मकसद स्कूलों में बेहतर वातावरण बनाना था जिससे बच्चे बिना किसी भय के नियमित स्कूल आते रहें। उन्हें फेल न करने की नीति का मकसद यह भी था कि वे फेल होने पर शर्म महसूस न करें। किसी तरह का तनाव न झेलें। लेकिन इस कोशिश का परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से विमुख होने लगे। उनके मन से परीक्षा की गंभीरता का भाव जाता रहा। यही वजह थी कि जुलाई 2018 में राइट टू एजुकेशन को संशोधित करने हेतु लोकसभा में बिल पेश किया गया। इसमें स्कूलों में लागू नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का विचार किया गया। कालांतर 2019 में राज्य सभा में भी यह बिल पारित हुआ।

दरअसल, संशोधित नीति के अंतर्गत परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिये दो माह के भीतर पुनः परीक्षा की व्यवस्था की गई। कहा गया कि पांचवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के लिये नियमित परीक्षा कराई जाए। दरअसल, संसद में संशोधन बिल पारित होने के उपरांत राज्य सरकारों को छूट दी गई थी कि वे नो डिटेंशन नीति को हटा सकते हैं। इसे राज्यों के विवेक पर छोड़ा गया क्योंकि शिक्षा राज्यों का विषय होता है। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने शैक्षिक सुधारों की दिशा में कदम उठाते हुए नई नीति के तहत केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों तथा सैनिक स्कूलों में नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दिया है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को एक और परीक्षा का मौका तो दिया जाएगा, लेकिन उन्हें स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। दोबारा फेल होने पर वे उसी कक्षा में फिर से पढ़ाई करेंगे। निस्संदेह, फैसले के बाद छात्र इम्तिहानों को गंभीरता से लेने पर परीक्षाओं की गरिमा भी बरकरार रहेगी। दरअसल, सरकार की कोशिश रही है कि नई शिक्षा नीति उदार बनी रहे और इससे उनकी सीखने की प्रवृत्ति का विकास हो सके। शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 का असर स्कूली छात्रों के एडमिशन में और पढ़ने-लिखने की क्षमता पर देखा जा सकता है। एन्युअल स्टेट्स ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) बच्चों के एडमिशन के साथ बुनियादी पढ़ने और गणित समझने की क्षमता से संबंधित सर्वे है। यह सर्वे देश के लगभग हर ज़िले में एक स्थानीय संस्था के वॉलिंटियर्स के द्वारा किया जाता है। एएसईआर के आंकड़ों के अनुसार, स्कूलों में दाखिला लेने वाले 7 से 16 साल की आयु के बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, 2008 में 7 से 16 वर्ष की आयु के लगभग 5.7 प्रतिशत बच्चे स्कूल नहीं जाते थे, यह संख्या 2022 में घटकर 2.3 फीसदी रह गई। लेकिन रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पढ़ने और अंकगणितीय क्षमता के आधार पर सीखने के स्तर में भी इस अवधि के दौरान गिरावट आई है। यहां उल्लेखनीय है कि पहले ही बीस राज्य व केंद्रशासित प्रदेश नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर चुके हैं। लेकिन यहां जरूरी है कि स्कूलों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाए। इसके लिये आवश्यक है कि शिक्षा में छात्रों की रुचि बढ़ाने वाले पाठ्यक्रम लागू हों, व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण तथा व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा मिले। ऐसे में यदि छात्रों को प्रणालीगत विफलताओं का त्रास झेलना पड़े तो यह उनके प्रति अन्याय करने जैसा ही होगा। चिंता व्यक्त की जाती रही है कि नये फैसले से हाशिये पर रहने वाले समुदायों के बच्चों के साथ न्याय नहीं होगा।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अश्विन की विदाई पर सवाल ही सवाल

**ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया में अश्विन के लिए सब कुछ ठीक चल रहा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ अश्विन ने दमदार गेंदबाजी भी की, लेकिन आखिर ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ एक मैच खेलने का बाद ही संन्यास की घोषणा कर दी।ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या विदेशी धरती पर अश्विन का असरदार नहीं होने के कारण उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया, जिसके बाद उन्होंने संन्यास लेने का फैसला किया।**

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के 287 मैचों में 765 विकेट और अगर प्रथम श्रेणी के मैचों के 758 विकेट भी मिला दिया जाए तो ये आंकड़ा 1523 विकेट तक पहुंच जाता है।यानी इतने दिग्गज विकेट टेकर भारतीय टीम के कैरम बॉल फेंकने में माहिर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जिस खामोशी से और अचानक कैरम बाल के रचयिता ने ये कह कर इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया कि अभी उनके भीतर खेल? बाकी है, वह सवालों के घेरे में है। वैसे ताकतवर बीसीसीआई, चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट से कभी इस तरह के सवालों का ठीक ठीक जवाब नहीं मिला है। वैसे भी इस दौर में तो जवाब की उम्मीद करना तो बेईमानी है। क्यों कि निष्पक्षता और पारदर्शिता पर पर्दा पड़ गया लगता है। लेकिन जब सवाल उठे हैं तो वह पूछे ही जाएंगे।ये सवाल बड़ी खबर भी नहीं बनते अगर पूर्व कप्तान कपिल देव, नवजोत सिद्धू जैसे कुछ अन्य पूर्व खिलाड़ियों ने भी प्रश्न नहीं उठाए होते? वैसे अश्विन अकेला नाम नहीं है, जिसे इस तरह क्रिकेट सामान समेटना पड़ा हो। मोहिंदर अमरनाथ से लेकर वसीम जाफर, युसुफ पठान तक बहुत लम्बी लिस्ट है।



शाहिद नकवी

आस्ट्रेलिया में ब्रिस्बेन के गाबा टेस्ट मैच के ड्रॉ होने के बाद अश्विन ने अपने संन्यास का ऐलान किया। रविचंद्रन अश्विन गाबा टेस्ट मैच में टीम इंडिया के प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे।ऐसे में उन्हें विदाई मैच भी नहीं मिला।अश्विन ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के एडिलेड टेस्ट मैच में मैदान पर उतरे थे, लेकिन इसमें उनका प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा था। ब्रिसबेन के तीसरे टेस्ट में उनकी जगह रविन्द्र जडेजा को टीम में शामिल किया गया।गेंदबाजी में जडेजा भी कोई कमाल नहीं कर सके उन्होंने 23 ओवर में 95 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया था।लेकिन उनकी टिकाऊ बल्लेबाजी में 77 रन के योगदान से भारत मैच बचा पाने में सफल हो सका।जबकि पर्थ के पहले टेस्ट में अश्विन की जगह वाशिंगटन सुंदर को खिलाया गया था।भले ही वाशिंगटन भी आप स्पिनर हैं,लेकिन उनकी और अश्विन की तुलना नहीं की जा सकती है।अश्विन सदाबहार गेंदबाज और बेहद उपयोगी बल्लेबाज भी थे।जबकि वाशिंगटन ने अभी तक अपने 81 मैचों के अंतराष्ट्रीय (तीनों फार्मेट) क्रिकेट कैरियर में 100 विकेट और 1000 रन का आंकड़ा भी नहीं छुआ है।

वैसे रविचंद्रन अश्विन पिछले एक दशक से टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया के अग्रणी और विकेट टेकर स्पिनर रहे हैं। यही कारण है कि वे टीम इंडिया की तरफ से लाल गेंद फॉर्मेट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। उनसे अधिक विकेट सिर्फ अनिल कुंबले 619 ने लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया में अश्विन के लिए सब कुछ ठीक चल रहा था।न्यूजीलैंड के खिलाफ अश्विन ने दमदार गेंदबाजी भी की,लेकिन



आखिर ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ एक मैच खेलने का बाद ही संन्यास की घोषणा कर दी।ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या विदेशी धरती पर अश्विन का असरदार नहीं होने के कारण उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया, जिसके बाद उन्होंने संन्यास लेने का फैसला किया।क्योंकि एडिलेड के बाद ब्रिस्बेन में उनकी जगह रवींद्र जडेजा को मैदान पर उतारा गया।बतौर सीनियर खिलाड़ी के तौर पर लगातार अनदेखी करना एक तरह का यह संदेश ही था कि अब अश्विन की टीम में जगह नहीं बन रही है।इसमें कोई शक नहीं है कि रविचंद्रन अश्विन अब अपने करियर के आखिरी पड़ाव में थे।टीम इंडिया के लिए 16 साल के लंबे करियर में अश्विन ने कई यादगार पल जिए, लेकिन जब उनके रिटायरमेंट का समय आया तो आखिर क्या वजह थी कि उन्हें विदाई मैच भी नहीं मिला।यहां पर एक दिलचस्प आंकड़ा देना उचित रहेगा।दरअसल आंकड़े कहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट में अब तक 3198 खिलाड़ियों ने गेंदबाजी की है।इनमें सिर्फ 9 ने करियर में 500 विकेट लिए। इन 9 में से 4 तेज गेंदबाज हैं।सिर्फ 5 स्पिनर्स ही ऐसे हुए,जिन्होंने 500 या इससे ज्यादा विकेट लिए।अश्विन इन 5 में से एक हैं। भारत के लिए अनिल कुंबले के बाद सिर्फ दूसरे स्पिनर। तीनों फॉर्मेट मिलाकर अश्विन ने 765 विकेट लिए हैं। स्पिनर्स में उनसे ज्यादा विकेट सिर्फ मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न और अनिल कुंबले ने ही लिए हैं।टेस्ट क्रिकेट के टॉप 5 विकेट टेकर्स की बात करें, तो 133 टेस्ट मैच में मुरलीधरन ने सर्वाधिक 800 विकेट लिए हैं। शेन वॉर्न ने 145 टेस्ट में 708 विकेट लिए।अनिल कुंबले ने 132 टेस्ट में 619 टेस्ट विकेट लिए। चौथे टेस्ट में 106 टेस्ट में 537 विकेट लिए।पांचवें नंबर पर नाथन लियोन 123 टेस्ट में 532 विकेट लिए हैं।अनिल कुंबले ने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 956 विकेट लिए हैं और अगर उनके आईपीएल के 45 और मिला दें तो ये आंकड़ा 1001 को पार कर रहा है।ये अश्विन की खासियत है कि वह यहां भी कुंबले के ठीक पीछे खड़े हैं।

ऐसे में यह एक लाज़मी सवाल है? इसके साथ ही यह समझा जा सकता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में कही ना कही अश्विन की अनदेखी की गई। अश्विन को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर स्क्वाड में शामिल तो किया गया, लेकिन प्लेइंग इलेवन उन्हें जगह नहीं मिल रही थी। पर्थ में टेस्ट में अश्विन को बाहर बैठाया गया।एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट मैच में उन्हें मौका मिला था तो वह कुछ खास कमाल नहीं कर सके और सिर्फ 1 विकेट ही ले पाए। इसके बाद ब्रिस्बेन के गाबा में फिर से उन्हें बाहर रखा गया। ऐसे में लगातार टीम से बाहर किए जाने के कारण भी अश्विन को यह समझ में आ गया था कि अब टीम इंडिया में उनके दिन पूरे हो गए हैं और टीम मैनेजमेंट चाहती है कि वह संन्यास लेने का फैसला करे।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर अश्विन ने अपना फैसला सभी को बताया। 2010 में अश्विन ने भारत के लिए डेब्यू किया था। जल्द ही वह तीनों फॉर्मेट में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए।क्रिकेट के हर दिग्गज का मानना है कि वह प्रयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे और यह चीज उनको अन्य से अलग करती थी।क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसमें बल्लेबाजों को अधिक प्रशंसा मिलती है,उसमें अश्विन ने अपने लिए अलग से जगह बनाई।

अश्विन सचमुच साहसी गेंदबाज थे। वह मैच में किसी भी समय गेंदबाजी कर सकते थे।क्या इंटरनेशनल क्रिकेट में आपको ऐसे गेंदबाज मिलते हैं जो बहुत अच्छे रणनीतिकार हों और परिस्थितियों से तेजी से सामंजस्य से बिठाते हों। वह अपने समय के हर कप्तान के सबसे पसंदीदा गेंदबाज थे।अश्विन एक दिग्गज, बहुमुखी और अपरंपरागत गेंदबाज थे,जो लगातार अपनी गति में बदलाव और चतुराई भरी लाइन और लेंथ से बल्लेबाजों को परेशान करते थे।वह भारत की तरफ से सर्वाधिक मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार जीतने वाला खिलाड़ी थे।वह कभी हार न मानने वाला खिलाड़ी थे।

# पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों के साथ दुर्व्यवहार

प्रो बंदिनी कुमारी

**मुस्लिम बहुल देशों में अल्पसंख्यकों का हाशिए पर होना विशेष रूप से समस्याग्रस्त है क्योंकि यह इस्लाम की समावेशी प्रकृति के खिलाफ है, जो मुस्लिम समुदाय के भीतर विभिन्न संप्रदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित करता है। यह भेदभाव सांप्रदायिकता की कहानी को बढ़ावा देता है, जिसमें समाज को अस्थिर करने की क्षमता है और यह न्याय और समानता के कुरान के सिद्धांतों का खंडन करता है। मुस्लिम बहुल देशों में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार न केवल प्रभावित समुदायों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इस्लाम की विकृत तस्वीर भी पेश करता है। इस्लाम, अपने सार में, शांति, सहिष्णुता और धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की वकालत करता है।**

भारत के पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। इन घटनाओं का प्रभाव न केवल संबंधित समुदायों पर पड़ता है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी असर डालता है। सभी देशों की सरकारों को चाहिए कि वे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा दें। भारत के पड़ोसी देशों (पाकिस्तान, बांग्लादेश, और अफगानिस्तान) में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं आम हैं। पाकिस्तान में हिंदू, सिख, ईसाई और अहमदिया समुदाय अल्पसंख्यक हैं। यहाँ पर हिंसा मुख्य रूप से धार्मिक भेदभाव ईशनिंदा कानूनों का दुरुपयोग जबरन धर्म परिवर्तन (विशेषकर हिंदू और ईसाई लड़कियों का) एवं मंदिरों और चर्चा पर हमले के रूप में अभिव्यक्त होती है। कुछ प्रमुख उदाहरण में 2020 में कराची में मंदिर को नुकसान पहुंचाने की घटना, ईशनिंदा के आरोप में हत्याएँ (मशाल खान का मामला) इत्यादि । इसी प्रकार बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय अल्पसंख्यक हैं। यहाँ भी अल्पसंख्यकों के ऊपर धार्मिक हिंसा की अभिव्यक्ति दुर्गा पूजा पंडालों पर हमले, साम्प्रदायिक दंगे (जैसे 2021 के कोमिला दंगे), भूमि पर कब्ज़ा और अल्पसंख्यकों को पलायन के लिए मजबूर करना इत्यादि के रूप में दिखायी देती हैं। अफगानिस्तान में सिख और हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक हैं। तालिबान और अन्य कट्टरपंथी समूहों द्वारा धार्मिक अत्याचार की हिंसक अभिव्यक्ति 2020 में काबुल गुरुद्वारा पर आतंकवादी हमला में देखी गयी।




मुस्लिम बहुल देशों में अल्पसंख्यकों का हाशिए पर होना विशेष रूप से समस्याग्रस्त है क्योंकि यह इस्लाम की समावेशी प्रकृति के खिलाफ है, जो मुस्लिम समुदाय के भीतर विभिन्न संप्रदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित करता है। यह भेदभाव सांप्रदायिकता की कहानी को बढ़ावा देता है, जिसमें समाज को अस्थिर करने की क्षमता है और यह न्याय और समानता के कुरान के सिद्धांतों का खंडन करता है। मुस्लिम बहुल देशों में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार न केवल प्रभावित समुदायों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इस्लाम की विकृत तस्वीर भी पेश करता है। इस्लाम, अपने सार में, शांति, सहिष्णुता और धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की वकालत करता है। कुरान स्पष्ट रूप से किताब के लोगों (यहूदियों और ईसाइयों) के लिए सम्मान का आह्वान करता है और दूसरों के प्रति न्याय और दयालुता के महत्व पर जोर देता है, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। पैगंबर मुहम्मद ने कहा है, ÷जो कोई भी गैर-मुस्लिमों में से में से किसी को मारता है, वह स्वर्ग की खुशबू नहीं सूंघेगा।÷ हालाँकि, सत्ता में बैठे लोगों की हरकतें, जो अक्सर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धर्म का उपयोग करते हैं, ने इन शिक्षाओं को पीछे छोड़ दिया है। जब अल्पसंख्यक समूहों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, तो यह धारणा बनती है कि इस्लाम असहिष्णु है और विविधता के साथ असंगत है। यह नकारात्मक छवि वैश्विक स्तर पर कायम हो रही है जिसका असर पश्चिम और दुनिया के अन्य हिस्सों में मुसलमानों के बारे में लोगों की धारणा पर पड़ता है। इस्लाम को अक्सर उग्रवाद, असहिष्णुता और सांप्रदायिक हिंसा के साथ जोड़ दिया जाता है, भले ही ये क्रियाएँ धर्म के मूल मूल्यों के सीधे विरोधाभास में हों।

भारतीय मुसलमानों को मुस्लिम दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाली चरमपंथी कार्रवाइयों से खुद को तटस्थ रखने के साथ साथ वक्त वक्त पर इस तरह के कार्यवाहियों की पुरजोर मज्जम्मत भी करनी चाहिए और ऐसा इसलिए नहीं कि वे अपने साथी मुसलमानों से कटे हुए हैं, बल्कि इसलिए कि उनका मानना है कि इस्लाम की सच्ची भावना सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता और सम्मान में निहित है। भारत का धर्मनिरपेक्ष संविधान मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों को शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व के लिए एक मंच प्रदान करता है, लेकिन यह सह-अस्तित्व अक्सर अन्य देशों में व्यक्तियों या समूहों की कार्रवाइयों से खतरे में पड़ जाता है। बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे मुस्लिम बहुल देशों में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार न केवल इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि वैश्विक स्तर पर मुसलमानों की धारणा पर भी इसका दूरगामी प्रभाव पड़ता है। भेदभाव, सांप्रदायिक हिंसा और धार्मिक असहिष्णुता इस्लाम की छवि को धूमिल करती है, जिससे भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में मुसलमानों के लिए इस्लाम की सच्ची शिक्षाओं की वकालत करना मुश्किल हो जाता है। मुस्लिम बहुल देशों के लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि उनके कार्य न्याय, सहिष्णुता और सभी लोगों के प्रति करुणा के कुरान के सिद्धांतों के अनुरूप हों, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। इन आंतरिक मुद्दों को संबोधित करके ही मुस्लिम दुनिया अपनी छवि को सुधारना शुरू कर सकती है और विभिन्न समुदायों के बीच विश्वास का पुनर्निर्माण कर सकती है। भारतीय मुसलमानों के लिए, इस्लाम के बहुलवादी मूल्यों को अपनाना और बढ़ावा देना आवश्यक है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनके धर्म को विभाजन के स्रोत के रूप में नहीं बल्कि तेजी से ध्रुवीकृत दुनिया में शांति और एकता के लिए एक शक्ति के रूप में देखा जाए।

# एएनएम आशा वर्कर घर-घर जाकर ढूंढेंगी टीबी के मरीज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोविड प्रबंधन की तर्ज पर टीबी उन्मूलन अभियान को चलाया जाए। ट्रेस, टेस्ट व ट्रीट की नीति को अपनाते हुए लक्षण के आधार पर लोगों की स्क्रीनिंग करें, उनकी जांच कराएं और टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल उनका उपचार शुरू करें। वहीं 15 जिलों में चलाए जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का विस्तार कर अब सभी जिलों में इसे चलाए जाने के भी निर्देश दिए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों से वह जुड़े रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी



के दौरान उत्तर प्रदेश का कोविड प्रबंधन पूरे देश के लिए माडल बनकर उभरा था। जिसकी सराहना पूरे विश्व ने की थी। ऐसे में उसे ही आधार बनाकर टीबी उन्मूलन की दिशा में बढ़ा जाए। एनएनएम, आंगनबाड़ी व आशा वर्कर घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग करें। वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का जो लक्ष्य रखा गया है, उसे तेजी से पूरा किया जाए।

इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 15 जिलों में बीते सात

■ सीएम योगी ने टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर दिए कई निर्देश

दिसंबर से चल रहे 100 दिवसीय अभियान के परिणाम संतोषजनक हैं। जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों, भूतपूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, पूर्व कुलपतियों, धार्मिक नेताओं, जन प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों, टीबी से ठीक हुए रोगियों यानी टीबी चैंपियनों, निक्षय मित्रों व निजी स्वास्थ्य क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन अभियान की मानीटरिंग के लिए पोर्टल विकसित किया जाएं। पोर्टल पर टीबी उन्मूलन को लेकर चलाई जा रहीं गतिविधियों को हर दिन अपडेट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्तर से सभी मंत्रियों, सांसदों व विधायकों सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को पत्र भेजकर टीबी उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी की अपील की जाए। यही नहीं मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर पर इस अभियान की साप्ताहिक, पाक्षिक व मासिक समीक्षा की जाए।

सभी जिलों में जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की एक त्रिस्तरीय कमेटी का गठन किया जाए। यह कमेटी इस अभियान की नियमित समीक्षा करें। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीबी की जांच व उपचार की सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है।

## नवगठित बूथ कमेटी के संग होगी मन की बात

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 117 वां संस्करण प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों के समस्त 1216 बूथों पर सुबह 11 बजे सुना जाएगा। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि सभी 1216 बूथों पर नवगठित बूथ कमेटी के साथ मन की बात सुनने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक बूथ के कार्यक्रम में एक-एक जिला या मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारी का सम्मिलित होना आवश्यक है। इस दौरान नवगठित बूथ कमेटी का परिचय एवं स्वागत भी उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। प्रदेश स्तर से पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जायेगी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल स्वयं किसी भी बूथ का विवरण फोन या वीडियो कॉल द्वारा ले सकते हैं ऐसा प्रदेश नेतृत्व का निर्देश है। कार्यक्रम की फोटो सरल एप पर अपलोड करना आवश्यक है। महानगर अध्यक्ष ने भाजपा के जिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मोर्चा, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अपनी टीम के साथ मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# पंचायती राजमंत्री ओमप्रकाश राजभर के बिगड़े बोल

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बोल फिर बिगड़ गए। पत्रकारवार्ता के दौरान ठेकेदारों द्वारा रुपये लेने का आरोप लगा तो उन्होंने गालियों देने के साथ ही जूते मारने को ललकारा। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद लोग तरह-तरह की चर्चा करने लगे, लेकिन इस वीडियो की पुष्टि अवधनामा नहीं करता।

वहीं इसी कार्यकम में पहुंचे सीएमओ डा. सुनील कुमार पांडेय का एक दूसरा वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसमें सीएमओ मंच पर चढ़ने के बाद मंत्री का पैर छूककर आशीर्वाद ले रहे हैं। एक ही दिन में मंत्री ओमप्रकाश राजभर की दो-दो वीडियो प्रसारित होने पर राजनीतिक हलके में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है।

बोरसिया स्थित सत्यदेव ग्रुप ऑफ कालेजेज में संस्थापक सत्यदेव सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



किया गया था। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व ओमप्रकाश राजभर को आमंत्रित किया गया था। उपमुख्यमंत्री कार्यक्रम में नहीं आए। दोपहर में पंचायती राजमंत्री ओमप्रकाश राजभर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व अन्य अतिथियों संग विराजमान हुए। उसी दौरान सीएमओ पहुंचे और पैर छूककर आशीर्वाद लिए। कार्यक्रम के समापन के बाद पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर मीडिया से मुखातिब थे। मंत्री द्वारा जनपद के 22 फर्मों द्वारा बनाई गई सड़कों की जांच को लेकर लिखे गए पत्र पर जब पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा कि ठेकेदार तो कहते हैं कि विधायक व मंत्री को पैसा दिया है तो वह बिगड़ गए। बोले कि कौन ठेकेदार कहता है उसे बुलाओ, उसे चार जूता मारेंगे।

आगे कहा कि उन पर कोई पैसा लेने का आरोप साबित नहीं कर सकता है। साथ ही यह भी कहा कि हम लोग प्रयास करके सड़क बनाने के लिए लखनऊ से दिल्ली तक से पैसा दिलवाते हैं और सड़क ठीक नहीं बनती है तो जनता शिकायत करती है। इसलिए ठेकेदारों की शिकायत की जाती है।

# युवा उद्यमियों को दी योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत आज कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रयागराज में मण्डलीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए संयुक्त आयुक्त उद्योग, प्रयागराज मण्डल शरद टण्डन ने आगन्तुकों का स्वागत करते हुए योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत प्रशिक्षित उद्यमियों को प्रथम चरण में रू0 5.00 लाख तक के ब्याजमुक्त तथा गारण्टीमुक्त ऋण की व्यवस्था है। परियोजना की धनराशि पर 10 प्रतिशत अनुदान तथा 4 वर्षों तक सी0जी0टी0एम0एस0ई0 पर व्यय भी सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। द्वितीय चरण में रू0 10.00 लाख तक के ऋण की व्यवस्था है। योजनान्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में ऋण दिये जाने का प्राविधान है।

योजना के विषय विशेषज्ञ डा0 संतोष उपाध्याय द्वारा उपस्थित प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

प्रश्नोत्तर सत्र में भावी उद्यमियों द्वारा किये गये प्रश्नों का विषय विशेषज्ञ निखिल अग्रवाल द्वारा उत्तर दिया गया।

कार्यशाला में मण्डल के लगभग 700 अभ्यर्थी उपस्थित रहे साथ ही उपायुक्त उद्योग प्रतापगढ, फतेहपुर तथा कौशाम्बी, प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 के प्रतिनिधि प्रभाकर पाण्डेय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रयागराज के मोहम्मद जावेद, पटल सहायक मंजुल द्विवेदी द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

# महाकुंभ में खालिस्तानी और मोस्ट वांटेड अपराधियों का चेहरा देखते ही बजेगा सायरन

■ आतंकियों और दूसरे प्रदेश के टॉप अपराधियों की मंगाई गई

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में प्रवेश करने वाले खालिस्तानी और मोस्ट वांटेड अपराधियों को लेकर मेला पुलिस ने खाका खींचा है। मेले में आने वाले खालिस्तानी और मोस्ट वांटेड अपराधियों का चेहरा देखते ही सायरन बजेगा। जिससे सक्रिय होकर पुलिस अपराधियों को धर दबोचेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम में इन सभी की फोटो को अपलोड किया जाएगा।

खालिस्तानी आतंकी पन्नू की महाकुंभ को लेकर दी गई धमकी के बाद खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। ऐसे में मेला पुलिस अब खालिस्तानी और मोस्ट वांटेड एक सूची तैयार कर रही है।

साथ ही यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के अलग-अलग शहरों के खालिस्तानी और टॉप अपराधियों की सूची मांगी गई है। अगले कुछ दिनों में यहां से सूची मिलते ही इन सभी की फोटो को फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम में अपलोड कर दिया जाएगा। जैसे ही एआई आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम के लगे कैमरों के सामने से कोई गुजरेगा तो अपलोड की गई फोटो से अपराधियों की पहचान कर पुलिस कंट्रोल रूम में नोटिफिकेशन के साथ ही इसका सायरन बजने लगेगा।

ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि मेला में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी। पुलिस अफसरों ने बताया कि देश-विदेश के विभिन्न शहरों के रहने वाले अपराधी कई बार पुलिस से बचने के लिए अपना शहर छोड़ देते हैं। दूसरे शहरों में पनाह लेने के बाद उनको लगता है कि पुलिस उनकी गिरफ्तारी नहीं कर पाएगी। मेला सुरक्षा के लिए यूपी समेत देश के अलग-अलग हिस्सों से मांगे गए सूची में से 200 से अधिक मोस्ट वांटेड अपराधियों के चेहरे को अपलोड करने की संभावना है।

फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (चेहरा पहचान प्रणाली) पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित है। इसके तहत एक विशेष सॉफ्टवेयर चिन्हित चेहरों को मिलान करता है। किसी व्यक्ति की फोटो सिस्टम में अपलोड किया जाता है तो जैसे ही वह चेहरा कैमरे के सामने आता है तो सिस्टम उसे भीड़ से भी पहचान लेगा। वहीं, एसएसपी मेला राजेश द्विवेदी ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर कदम उठाया गया है। ऐसा करने से अपराधियों में खौफ तो रहेगा। साथ ही पुलिस की कई टीमें कैमरों के सामने बैठकर संदिग्धों की निगरानी भी करेगी।

### वाहनों के लिए एएनपीआर कैमरे

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले के दौरान वाहन में सवार होकर अपराधी तंबुओं की नगरी में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। क्षेत्र और शहर में आने वाले वाहनों की निगरानी के लिए पुलिस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आटो मैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए जा रहा है। इन कैमरों के जरिए जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों और उसमें बैठे लोगों पर नजर रखी जाएगी।

# अजय कुमार दास को मिली पीएचडी उपाधि

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के शोधार्थी अजय कुमार दास को दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा कुलपति शोध निदेशक ने0 ग्रा0 भारती वि. वि. शिक्षा विभागाध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में विशेष शिक्षा में पी0एच0डी की उपाधि प्रदान की गयी। डा0 दास को शिक्षा संकाय के सहायक प्रो0 डा0 श्रवण कुमार द्वारा मार्ग दर्शन दिया गया। उनकी उत्कृष्ट शोध विशेष शिक्षा में आई.सी.टी. एकीकरण उड़िसा के चयनित विशेष विद्यालय का अध्ययन मूल्यांकन कर्ताओं को धन्यवाद दिया गया। डा0 अजय कुमार दास ओडिसा के पुरी जनपद के कृष्ण प्रसाद ब्लाक के गोरापुर नामक छोटे से गाँव में रहने वाले 190 अच्युतानन्द दास और अमिता दास के छोटे बेटे है। वे प्राचीन ग्रुप आफ दिव्यांगजन इन्स्टीयूट के चेयर मैन है। प्राची महाविद्यालय फार स्पेशल एजुकेशन के प्राधानाचार्य है। वे शाई श्री पुरी के सचिव और इविलिटी फाण्डेशन भुवनेश्वर के मैनेजिंग ट्रस्टी है। डा0 ए0के दास ने पी0 एम0 आई0 आर में एम. फिल. अंग्रेजी पत्रकारिता और जनशिक्षा में मास्टर डिग्री विशेष शिक्षा में एमएड सामान्य शिक्षा में बीएड भारतीय सांकेतिक भाषा में ए और एलएलबी की डिग्री हासिल की है। डा0 ए0के दास ओडिसा के जाने माने शिक्षक हैं।

# घर व विद्यालय में बच्चों को नैतिकता का वातावरण उपलब्ध करायें : दिलीप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह बड़े धूमधाम से उमंग व उल्लास से सराबोर वातावरण में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि, श्री दिलीप कुमार अग्निहोत्री, राज्य सूचना आयुक्त, ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि श्री दिलीप कुमार अग्निहोत्री ने अभिभावकों व शिक्षकों का आह्वान किया कि घर व विद्यालय में बच्चों को नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का वातावरण उपलब्ध कराकर आदर्श विश्व समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करें। श्री अग्निहोत्री ने बच्चों को उद्देश्यपूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में सी.एम.एस. द्वारा किये जा रहे



■ 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह का भव्य आयोजन

प्रयासों को शैक्षिक क्षेत्र में एक आदर्श स्वरूप बताया।

इससे पहले, 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह में सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी अद्भुद छटा बिखेरी कि अभिभावक अपने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा देख गद्गद हो गये एवं जोरदार तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। समारोह का शुभारम्भ छात्रों द्वारा प्रस्तुत सर्व-धर्म प्रार्थना से हुआ जिसने सभी के हृदयों को प्रभु प्रेम से भर दिया। इसके उपरान्त विश्व एकता प्रार्थना में छात्रों ने विभिन्न देशों के राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर 'सारे विश्व में शान्ति हो' का जयघोष बड़े ही प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर छात्रों ने योगा, ड्रिल, एरोबिक्स, गीत-संगीत, समूह गान समेत एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी छटा प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# भाकपा ने ग्रामीण विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया धरना

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने महाराजगंज जिले में निचलौल तहसील के सोनबरसा गांव में भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्राम सचिवालय पर बीते 25 दिसंबर से शांतिपूर्ण धरना दे रहे ग्रामीण गरीबों और पार्टी नेता संजय निषाद (जिला सचिव) को 27 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कड़ी निंदा की है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि जीरो टॉलरेंस का माला जपने वाली सरकार को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना भी पसंद नहीं है। महाराजगंज में ग्रामीण विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। इससे पहले उन्होंने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत भ्रष्टाचार की लिखित व प्रामाणिक सूचना प्राप्त की।

■ कार्रवाई से क्षेत्र में न्याय पसंद लोगों और जनता में आक्रोश व्याप्त

वे खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को कार्यक्रम की सूचना देकर बैठे। धरने की तीसरे दिन कोठीभर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस शुक्रवार को धरना स्थल पहुंची और संजय निषाद सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

राज्य सचिव ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से ग्रामीणों, क्षेत्र में न्याय पसंद लोगों और जनता में आक्रोश व्याप्त है। सरकार गरीबों का दमन कर रही है। सोनबरसा के ग्रामीण सचिवालय पर धरना अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के 20-26 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत शुरू हुआ था। कहा कि निरंकुश सरकार में ग्रामीणों को धरना देने के अपराध में भी जेल भेजा जा रहा है।

# 'शिक्षा से अपने देश का नाम रोशन करें'

## सुन्नी इंटर कॉलेज का 78वां वार्षिक उत्सव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शिक्षा क्षेत्र में राजधानी शहर के सबसे चर्चित और पुराने संस्थानो में से विक्टोरिया गंज स्थित सुन्नी इण्टर कॉलेज का आज दिनांक 28 दिसम्बर को 78वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दानिश आज़ाद की उपस्थिति भी इस कार्यक्रम में चार चांद लगा रही थी। समारोह में मैनेजर एडवोकेट साद सिद्दीकी और प्रधानाचार्य शकील अहमद ने आए हुए लोगो का स्वागत किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन उप-प्रधाचार्य अनवर कादिर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के छात्र मो. ताल्हा ने कलाम पाक की तिलावत करके की। इसके बाद मो. यासिर और उनकी टीम ने कव्वाली पेश की। इसके बाद शिक्षा के लिए बच्चों ने एक कार्यक्रम पेश किया। मशहूर लेखक शयर इरशाद राही ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा



की पढ़ाई में आगे बढ़ना है अपना और अपने देश का नाम रोशन करना है।

छात्र-छात्राओं द्वारा मोबाइल की बढ़ती हुई आदत और उसके दुष्प्रभाव पर कार्यक्रम पेश किया गया साथ ही बच्चों ने अनेक सामाजिक संदेश कार्यक्रम पेश किए। कॉलेज के अध्यापक व पिछले साल कॉलेज में टॉप करने वाले छात्रों को अवॉर्ड और सर्टिफिकेट से नवाजा गया व टीचर्स को भी अवॉर्ड से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के मैनेजमेंट के पदाधिकारी और कॉलेज के सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं और ऑफिस के स्टाफ के सभी लोग उपस्थित थे। इस मौके पर मो. अहमद खान अदीब, जियाउद्दीन, वक़ी सिद्दीकी, शफी सिद्दीकी, रफीक सिद्दीकी, मो. अनीस, आरिज़ बेग, इम्तियाज़, अब्दुल वहीद फारूकी, पार्षद राजू बाजपेई, शहरोज कुरैशी, जहीर सिद्दीकी, एडवोकेट सैय्यद अकील, जुल्करनैन, मुशर्रफ आदि उपस्थित थे।

# स्कॉलर्स होम को तीन श्रेणियों में मिला स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड



■ छात्रों का सर्वांगीण विकास रहा मापदंड
■ समारोह में देश भर के शीर्ष शैक्षिक संस्थानों ने भाग लिया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल ने 'एट टेक एक्स स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड 2024' में तीन प्रमुख श्रेणियों में सम्मान प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया है। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्कॉलर्स होम को बेस्ट एकेडमिक एक्सीलेंस स्कूल, एक्सीलेंस इन इनोवेटिव प्रैक्टिसेस और एक्सीलेंस इन लाइफ स्किल एजुकेशन कैटेगरी में अवार्ड मिला।

हईटेक्स एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित समारोह में देश भर के शीर्ष शैक्षिक संस्थानों ने भाग लिया। इस उपलब्धि ने स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर किया है।

विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सरिता जायसवाल ने इस सफलता का श्रेय छात्रों, शिक्षकों और माता-पिता के अथक प्रयास और सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान स्कूल के लिए बहुत ही हर्ष और गौरव की बात है। स्कॉलर्स होम अपने छात्रों को और अधिक उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर किया है।

# खेल से छात्र एकता की भाषा सीखते है : गीता

## सीएमएस अलीगंज प्रथम कैम्पस का 'वार्षिक खेलकूद समारोह' सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा 'वार्षिक खेलकूद समारोह' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर व सीनियर कक्षाओं के छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं चुस्ती-फुर्ती से परिपूर्ण फिजिकल फिटनेस एक्टिवटी द्वारा इण्डिया फिट एण्ड यंग का सन्देश दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री नीरज बोरा, विधायक ने खेल ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए श्री बोरा ने कहा कि अनुशासित एवं संस्कारयुक्त पारिवारिक वातावरण में पले-बढ़े बालक ही समाजिक विकास में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं



और खेलों की इसमें अहम भूमिका है।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि खेल का मैदान ऐसा है जहां अनेक गुण पैदा होते हैं। चरित्र का निर्माण होता है और छात्र एकता की भाषा सीखते हैं। इस खेल समारोह में छात्र खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। छात्रों में अधिक से अधिक खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने की होड़ लगी थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्व-धर्म व विश्व शांति प्रार्थना के प्रस्तुतीकरण से हुआ जिसके माध्यम से विश्व एकता व विश्व शान्ति का संदेश सारी दुनिया में प्रवाहित हुआ। इसके बाद आज की निर्धारित प्रतियोगिताओं का दौर प्रारम्भ हुआ जिसमें खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदों के लिए खिलाड़ियों के बीच पूरी जोर अज़माइस रही। इन खेल प्रतियोगिताओं जैसे 100 मी रेस, सैक रेस, स्लो साइकिल रेस, अम्ब्रेला रेस, क्रिकेट रेस आदि अनेक रोचक प्रतियोगिताओं में छात्रों की प्रतिभा देखने लायक थी। इसके अतिरिक्त, जहाँ एक ओर यौगिक एक्सरसाइज, पिरामिड, एरोबिक्स एवं जिमनास्टिक में छात्रों ने, तो वहीं दूसरी ओर 'टग ऑफवॉर' प्रतियोगिता में अभिभावकों ने अपने जौहर दिखाये। विजयी छात्रों को सार्टिफ़िकेट, मैडल व शील्ड से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्प) की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति कश्यप ने कहा कि छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए शारीरिक विकास का होना अति आवश्यक है और यह खेलों द्वारा ही सम्भव है। अतः इस तरह के आयोजनों से छात्रों में आपसी सहयोग, आत्म विश्वास व जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह ने समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने समारोह में उपस्थित होकर नन्हें खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# विभाग में अभियंताओं की कमी ऊपर से लगातार निलंबन उचित नहीं

अवधनामा संवाददाता

■ पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से उठाई मांग

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री जी की तरफ से एक्स पर ट्वीट किया जाता है कि अब तक 12 लाख 70000 लोगों ने एक मुफ्त समाधान योजना का लाभ लेकर 938 करोड रुपए का राजस्व बिजली खाते में जमा किया दूसरी तरफ बिजली निगमन में प्रबंध निदेशक की तरफ से लगातार निलंबन की कार्यवाही किए जाने से वर्तमान में अभियंता कार्मिकों में भारी निराशा व्याप्त है पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने कहा कि पूरी योजना की सफलता अंतिम दिनों में सामने आती है प्रदेश के उपभोक्ताओं को जागरूक करने में ही एक सप्ताह से ज्यादा का समय लग जात ऐसे में जल्दबाजी में अभियंता कार्मिकों पर कार्यवाही उचित नहीं है।

वर्तमान में सभी बिजली कंपनियों में अब तक की सबसे ज्यादा निलंबन की कार्यवाही लंबित है सभी बिजली कंपनियों की लिस्ट बनाई जाए तो वर्तमान में कई दर्जन अभियंता निलंबित है जबकि वर्तमान में उन्हें फील्ड में तैनाती देकर उनसे अच्छा रिजल्ट प्राप्त किया जा सकता है वैसे भी अभियंताओं की कमी है ऊपर से निलंबन की कार्रवाई जो प्रबंधन की विरोधाभासी नित को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपीकेन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद ट्रांसमिशन अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा ए के प्रभाकर ने कहा पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को बिजली अभियंताओं की समस्याओं पर भी ध्यान देना होगा एक तरफ पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने बिजली निगमो को पीपीपी मॉडल के तहत निजीकरण का ऐलान कर दिया जाता है।

# वीर शिरोमणि गढ़कुण्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव की मनाई गई जयंती

**अवधनामा संवाददाता**



## तुवन मन्दिर से डीजे की धुन पर बड़ी धूमधाम व गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**ललितपुर।** शहर के इलाइट चौराहा के पास स्थित शिव मन्दिर पर वीर शिरोमणि गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेतसिंह जूदेव की जयन्ती खांगर क्षत्रिय समाज के बैनर तले बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई गई। इस दौरान सुबह से ही सजातीय बन्धुओ का इलाइट चौराहा के पास स्थित शिव मन्दिर पर आना शुरू हो गया था। महाराजा खेतसिंह जूदेव की जयन्ती पर सर्वप्रथम तुवन मन्दिर से डीजे की धुन पर गाजे बाजे के साथ जय मां गजानन माता, वीर शिरोमणि गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेतसिंह जूदेव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यात्रा में खांगर क्षत्रिय समाज के सभी लोग अपने सिर पर पगड़ी बांधे हुये चल रहे थे और अपने अपने हाथो में धर्म ध्वजा लेकर डीजे की धुनों पर नृत्य करते हुये एवं जय मां गजानन माता, वीर शिरोमणि गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेतसिंह जूदेव के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। शोभायात्रा तुवन मन्दिर से शुरू होकर कम्पनी बाग होते हुये, सदर कांटा, बड़ी पानी की टंकी, जेल चौरहा, ब्याना पुल, इलाइट चौराहा से शिव मन्दिर पर पहुंची। जहां स्थित शिव मन्दिर पर सभी खांगर क्षत्रिय समाज बन्धुओं ने जय मां गजानन माता की गाजे बाजे की साथ आरती की। इसके बाद शिव मन्दिर पर पंचमुखी हनुमान मन्दिर के पंडितजी शिवाजी मालवीय ने बड़े ही विधि विधान व मंत्रोच्चार से भगवान भोलेशंकर का अभिषेक करवाया। नवग ग्रह का पूजन किया, इसके बाद बड़े ही विधी विधान व मंत्रोच्चार से हवन पूजन सम्पन्न कराया गया। पंचमुखी हनुमान मन्दिर के पं.पवन मालवीय भी उपस्थित रहे। साज बाज के साथ भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सुन्दर काण्ड के पश्चात धार्मिक भजनों का भी कार्यक्रम चलता रहा। शिव मन्दिर पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूमधाम मची रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवम परिहार ने की, जबकि संचालन खंगार क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष इंजीनियर सनत परिहार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जय मां गजानन माता, वीर शिरोमणि गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव, वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व.पुरुषोत्तम सिंह परिहार उर्फ परशु व वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व.जसवंत सिंह परिहार (कक्का) के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। वीर शिरोमणि गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती के अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराजा खेत सिंह जूदेव खंगार समाज के गौरव रहे है, उनके शासनकाल में कोई भी योद्धा उनके साथ युद्ध करने में हिचकते थे क्योंकि वह रणवीर थे और समाज के गौरव होने के साथ-साथ महाराजा खेत सिंह जूदेव महान योद्धा भी थे। खंगार समाज की उत्पत्ति उनके हाथों में रहने वाले खंग रूपी तलवार से हुई। खंगार के नाम से उद्देश्य खंग यानी तलवार हार यानी दुश्मनों की हार वह जब तलवार चलाते थे तब सिर्फ उनके हाथ ही दिखते थे फुर्तीली तलवार चलाने में माहिर महाराजा खेत सिंह जूदेव द्वारा अपने समाज की रक्षा में विशेष योगदान दिया गया। महाराजा खेत सिंह जूदेव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि महाराजा खेत सिंह जूदेव द्वारा समाजहित में कई अभूतपूर्व कार्य किये गये समाज के गौरव के रुप में अपनी पहचान बनाने वाले वीर शिरोमणि गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती खांगर क्षत्रिय समाज द्वारा इलाइट चौराहा के पास स्थित शिव मन्दिर पर प्रत्येक वर्ष बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जाती है। अन्त में शिव मन्दिर पर भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त खांगार क्षत्रिय समाज बन्धुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया भण्डारे का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान शिवम परिहार, सनत परिहार, गणेश परिहार (भैंसाई), प्रमोद परिहार (बरखिरिया), रामस्वरूप परिहार (कल्यानपुरा), राजा सिंह, धीरज परिहार, शक्ति परिहार, राम परिहार, केहर परिहार, एड.रिक्की परिहार, एड.नरेन्द्र परिहार, मनीष परिहार, पवन परिहार, मुकेश परिहार (छिल्ला), कन्छेदी परिहार दादा (बिरधा), रगवर परिहार, ऊदल परिहार, दीपक परिहार, धर्मेन्द्र राय, माधव परिहार, मोनू परिहार, अजीत परिहार, विकास परिहार, कल्यान परिहार, राजू परिहार, नीरज परिहार, मुन्ना परिहार, बब्लू परिहार, गौरव परिहार, राम परिहार, राजेश परिहार, गजेन्द्र परिहार, अनिल परिहार, सुरजीत परिहार, दयाराम परिहार, भजन परिहार, काशीराम परिहार, हरगोविंद परिहार, विक्की परिहार, रक्षपाल सिंह परिहार (खितवांस), अनुराग परिहार सहित समस्त खांगर क्षत्रिय समाज उपस्थित रही।

# भौंता गांव में श्रद्धालु श्रीमद भागवत की अमृत कथा का कर रहे रसपान

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** तहसील पाली के ग्राम भौंता स्थित श्रीश्री 1008 राम जानकी मंदिर परिसर में श्रीश्री 1008 श्रीमद् भागवत कथा का ग्राम वासियों के तत्वावधान में हो रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन शनिवार को कथा वाचक पं.जगदीश महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि आत्मा रुपी दही को मथने से ज्ञान की प्राप्ति होती है, उसी तरह श्रीमद् भागवत कथा को श्रवण करने से अमरत्व की प्राप्ति होती है। इसलिये साधक को कर्म, धर्म, भक्ति में परिपूर्ण होना चाहिए। जब पुत्र कुपुत्र हों जाता है और माता-पिता का तिरष्कार करता है तब वह अपने पूर्व में किये गये कर्मो व गलत संस्कार से ग्रसित मानसिकता से परिपूर्ण होता है। अच्छे संस्कार अच्छे कर्म से प्राप्त होता है। आस्था भगवान में होनी चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से लोगों को ज्ञान प्राप्त होता है। काम, क्रोध, मोह छोड़ इश्वर के लिए थोड़ा बहुत समय निकालना चाहिए। मानव भक्ति, भाव से भगवान को जपता है वह मानव अमरत्व एवं सुख वैभव को प्राप्त करता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश अर्जुन से पहले दुर्योधन को सुनाया था। किंतु समझ में केवल अर्जुन को आया। नतीजा क्या हुआ दुर्योधन का विनाश हुआ। इस अवसर पर यजमान तेजकुंवर महेश लोधी, रामरती वीर सिंह, सुमरत ध्यानदास, हरिबाई हनुमत सिंह, राजकुमारी देवेंद्र सिंह, गोदन शिशुपाल, रश्मि रामकिशोर, अनिता देवी भागचंद्र, रमका रविन्द्र व नीलकंठ लॉ एसोसिएट के एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, एड मुकेश लोधी करमरा, कमलेश लोधी मर्रोली, धर्मेंद्र लोधी, पत्रकार मोनू विश्वकर्मा के साथ समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहकर श्रीमद भागवत कथा का रसपान किया।

## 7 करोड़ रुपए की एफडी का घोटाला

**मथुरा।** थाना वृन्दावन कोतवाली मै 7 करोड़ के घोटाले का एक मामला सामने आया है, एक व्यक्ति द्वारा वृंदावन की 3 बैंक और एक फरीदाबाद की बैंक पर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई जिसपर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

वृन्दावन के आश्रम विहार कॉलोनी निवासी विश्वामित्र भारती द्वारा पुलिस मै दर्ज शिकायत मै कहा गया कि उसने वृंदावन की तीन बैंक और फरीदाबाद की एक बैंक में 7 करोड़ रुपए की एफडी कराई थी जिनकी रसीदें भी उनके पास मौजूद है, अब वह बैंक द्वारा रुपए देने मै टालमटोल की जा रही है। पुलिस मै दर्ज शिकायत मै विश्वामित्र भारती द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा दिल्ली मै अपना एक मकान बेचा जिसकी एवज में उनको 7 करोड़ रुपए मिले जिसकी उनके द्वारा एचडीएफसी बैंक वृंदावन, सैक्टर 29 फरीदाबाद ब्रांच के अलावा वृन्दावन की एक्सिस बैंक और इंडियन बैंक मै जमा कराए।

# डॉ. मनमोहन सिंह ने गरीब, किसान, मजदूर वर्ग के हित में किए कार्य

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर आज होली गेट स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि की अध्यक्षता शोकसभा का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष ने सर्व प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह महान अर्थशास्त्री कुशल नेतृत्वकर्ता योग्य प्रशासक देश को बुलंदियों तक पहुंचने वाले विलक्षण प्रधानमंत्री सिद्ध हुए। उनके 10 वर्ष के कार्यकाल में देश खुशहाल व्यवस्था में रहा प्रत्येक व्यक्ति सुकून से रहता था। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ सिंह के निधन से देश ने महान अर्थशास्त्री को खो दिया है। मनमोहन सिंह की सरकार ने देश के गरीब किसान मजदूर वर्ग के हित में लोक कल्याणी कार्य किए व योजनाएं लागू की। पूर्व विधायक राजकुमार रावत ने कहा कि मनमोहन सिंह योग्य ईमानदार कुशल राजनीतिज्ञ व्यक्ति थे। राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्मृति स्थल के रूप में राजघाट क्षेत्र राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार के लिए निर्दिष्ट स्थान है। इसके बावजूद मोदी सरकार ने मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए वहां जगह देने से इनकार कर दिया। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर शर्मा ने किया। श्रद्धांजलि सभा में रवि प्रकाश भारद्वाज, नरेंद्र सिसोदिया, आबिद हुसैन, मलिक अरोड़ा, कीर्ति कौशिक, आशीष अग्रवाल, प्रवीण गौड़, विपुल पाठक, मनोज गौड़, अप्रतिम सक्सेना, रमेश कश्यप, जिलानी कादरी, राकेश दिवाकर, अबरार कुरैशी, संजय पचौरी, मानवेंद्र पांडव, निजामुद्दीन खान, गंगेश्वर सिंह, महेश चौबे, मुस्लिम कुरैशी, पूरन सिंह, रवि शर्मा, सौरभ यादव, हर प्रसाद शर्मा, नसरुद्दीन अब्बासी, राकेश शुक्ला, अनिल कुलश्रेष्ठ, राजकुमार शर्मा, अनिल खरे आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चन्दौसी में मिली बावड़ी की खुदाई युद्ध स्तर पर जारी

**चंदौसी/अवधनामा संवाददाता।** संभल की तहसील चन्दौसी के मुहल्ला लक्ष्मण गंज मुस्लिम आबादी मे मिली बावडी की खुदाई युध्द स्तर पर की जा रही एस एस आई टीम की निगरानी में बावडी मे कुए की तलाश की जा रही है बावडी की जद में कुछ मकानो के आने का अनुमान लगाया जा रहा है जिससे मकानो मे रहने वाले परिवारो के सामने भारी दिक्कत आ सकती और इनके खिलाफ अतिकमण की कार्यवाही की जा सकती है बावडी की की खुदाई की जा रही है जिसमें एक के बाद एक इमारत निकल रही है पूर्व सांसद राजा चंद्रविजय सिह ने बावडी को अपने परिवार को बताते हुए कहा है कि बावडी हमारे परिवार की है और बावडी को पुरातत्व विभाग अपने सुपुर्दगी मे ले कर जोणोद्दार करे जिससे बावडी पर्यटन स्थल बन सकें प्रशासन रिकार्ड खंगाले तो सच सामने आ जाएगा जो लोग बावड़ी को अपना बता रहे है उनके सामने भी सच आ जायेगा।

### पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग में सात परिवारों को मिलाया गया



**संभल/अवधनामा संवाददाता।** जनपद संभल में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे उपनिरीक्षक ओमप्रकाश की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया यहां कुल 53 पत्रावली सुनकर 25 पत्रावली का निस्तारण किया गया जहां सात परिवारों को मिलाया गया तथा 16 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद करने की संतुति की गई तथा दो पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल तथा विधिक परामर्शदाता एडवोकेट लव मोहन वार्ष्णेय तथा काउंसलर संगीता भार्गव पूनम अरोरा सीमा आर्य बबीता शर्मा कंचन माहेश्वरी श्वेता गुप्ता तथा कांस्टेबल उषा रश्मि गहलोत शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

### संभल से गजरौला तक रेल लाइन की मांग

**संभल/अवधनामा संवाददाता।** संभल से रेल लाइन का विस्तार न होने से संभल से ही लौट जाती है रेलगाड़ी ! संभल हातिम सराय रेलवे स्टेशन से आगे रेल गाड़ी नही जाती संभल वासियो की वर्षो से रेल लाइन के विस्तार की सौगात मांगी जा रही है लेकिन आज तक देश में बनी किसी भी सरकार ने रेल लाइन के विस्तार की मांग को पुरा नही किया संभल हातिम सराय रेलवे स्टेशन से गजरौला तक रेल लाइन का विस्तार होने से संभल के लोगों को देश की राजधानी दिल्ली तक आने जाने मे सहुलियत हो जायेगी और क्षेत्र का विकास भी होगा मुरादाबाद से राजा का सहसपुर हो कर संभल हातिम सराय रेलवे स्टेशन तक रेल लाइन बनी हुई हैं संभल से आगे रेल लाइन नही है जिसका गजरौला तक विस्तार किया जा सकता है इस के लिए सर्वे तो किया गया लेकिन सर्वे कार्यवाही के बाद ठन्डे बस्ते मे डाल दिया गया संभल से मुरादाबाद को आना जाने के लिए एक मात्र पैसेंजर रेल गाड़ी ही आती जाती रहती हैं जिसमे नाम मात्र को ही सवारिया सफर करती है किसी समय संभल से बिजनौर हो कर सीधे नजीबाबाद तक पैसजर रेल गाड़ी का संचालन किया जाता था जिसको बन्द कर दिया गया अब केवल तीन डिब्बो की रेल गाड़ी का संचालन किया जा रहा है जो संभल से मुरादाबाद तक आती जाती रहती हैं संभल के लोगों ने संभल से गजरौला तक रेल लाइन के विस्तार कराये जाने की मांग की है जिससे संभल क्षेत्र का विकास हो सके।

### संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सामने स्थित मैदान मे पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरु

**संभल/अवधनामा संवाददाता।** ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सामने स्थित मैदान मे पुलिस चौकी के निर्माण किया जा रहा है आज निर्माण कार्य शुरु हो ने से पहले भूमि पूजन किया गया शनिवार को शाही जामा मस्जिद के पास पुलिस प्रशासन की देखरेख मे पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरु हो गया एएसपी ने यहा पहुंच कर विधि विधान से पुलिस चौकी की नीव रखते हुए भूमि पूजन किया। पुलिस चौकी के निर्माण कार्य शुरु हो ने के दौरान जामा मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही पुलिस चौकी की नीव की खुदाई करने में महिलाओं ने भी फावडा चलाया इस दौरान धर्मकि नारे भी लगाया जाते रहे 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन शाही जामा मस्जिद के पास सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस चौकी का निर्माण करा रहा है जिससे जामा मस्जिद के आसपास कोई घटना न घटे और शांति का माहौल कायम रहेद्य. गौरतलब है कि संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा मे पॉच युवक की मौत हो गयी थी।

### लाजपत नगर के मकान पर गिरी आकाशीय बिजली

**मथुरा।** महानगर के हाईवे थाना क्षेत्र स्थित लाजपत नगर में शुक्रवार की रात एक घर पर आकाशी बिजली गिर गई। आकाशी बिजली गिरने के चलते परिजनों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि आकाशी बिजली गिरने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। शुक्रवार की रात को शहर में करीब तीन घंटे तक बारिश हुई। बारिश से बचने के लिए सभी लोग अपने घरों में छिप गए। लाजपत नगर निवासी विजय बहादुर के घर पर तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इससे परिजन में अफरा तफरी मच गई। आकाशीय बिजली गिरने के कारण घर के अंदर सभी विद्युत उपकरण खराब हो गए। मकान के अंदर बिजली की वायरिंग पूरी तरह से जल गई। मकान स्वामी विजय बहादुर ने बताया के जिस समय आकाशीय बिजली गिरी वह अपने परिवार के साथ बेडरूम में बैठे हुए हैं थे।

# आकाशवाणी बचाओ ब्रज लोक संस्कृति बचाओ अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** आकाशवाणी बचाओ - ब्रज लोक संस्कृति बचाओ अभियान में दूसरे दिन ब्रज के लोक कलाकारों ने शनिवार को राज्य सभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह,मां. विधायक मेघश्याम सिंह गोवर्धन, विधायक मा. पूरन प्रकाश बलदेव, मां. विधायक श्री राजेश चौधरी जी को ज्ञापन सौंपा । सभी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर मुहिम का समर्थन किया।

विदित हो कि प्रसार भारती के अफसरों ने कयी आकाशवाणी कन्द्रों को रिले सेंटर बनाने की दिशा में प्लान तैयार कर लिया है। यथाशीघ्र यह योजना मूर्त रूप ले लेगी। उन्हें ज्ञात नहीं कि उक्त केन्द्र आगरा-अलीगढ़ से पूर्व 1967 में मथुरा में ब्रज संस्कृति के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इस दिशा में काम करने हुए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया है। इसके परिणाम स्वरूप ही ब्रज के आयोजनों पर सरकार मुक्त हस्त होकर खर्च कर रही है।

इसके विपरीत प्रसार भारती के अफसर आकाशवाणी के मथुरा - वृन्दावन केन्द्र को रिले सेंटर बना रहे हैं। इससे ब्रज संस्कृति के कार्यक्रमों का समय अधाकांशतया खत्म हो जाएगा। ब्रज के कार्यक्रमों का समय कम होने से कला और कलाकारों के अवसर भी कम होंगे। इतना ही नहीं तीन-तीन दर्शकों से दिहाड़ी मजदूर की तरह कार्यक्रम निर्माण करने वाले, एनाउंसर -कंपेयर के हित भी प्रभावित होंगे। लोक कलाकार, पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया, आदित्य चौधरी, जनवादी लेखक संघ पूर्व में ही अभियान को समर्थन दे चुके हैं।

# पूर्व विधायक के खिलाफ विभिन्न संगठन हुये लामबंद

■ मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर सख्त कार्यवाही की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** बसपा के पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार द्वारा हिन्दु देवी देवता पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर युवा ब्राह्मण महामंडल, बस आपरेटर एसोसिएशन एवं श्रीनामदेव समाज मंदिर समिति ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है। जिसमें उन्होंने बताया कि संविधान निर्माता डा.भीमराव अम्बेडकर भारतीय जनमानस के लिए आदर्श हैं, किन्तु बसपा के पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार ने जो हिंदू देवी-देवताओं पर जो अमर्यादित टिप्पणी की है, उससे हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उनका यह बयान उनकी कुंठित मानसिकता को दर्शाता है। हिंदूवादी संगठनों ने मुख्यमंत्री से पूर्व विधायक की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करके कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान युवा ब्राह्मण महामंडल अध्यक्ष राजेश दुबे, महामंत्री अवधेश कौशिक, पार्षद मनमोहन चौबे, शत्रुघ्न शुक्ला, नेहा तिवारी, अनुज कांत दीक्षित, शुभम् देवलिया, आशीष गोस्वामी, डा शरद तिवारी, रीतेश बबेले, अभिषेक नायक, राघव शर्मा, सानू पाठक उपमन्यु, अखिलेश, बृजमोहन रावत, कुलदीप द्विवेदी आदित्य दुबे, दीपक गोस्वामी राधे, चंद्रपाल सिंह, जय किशन, मनोहर लाल, रामसेवक, अशोक कुमार, केशव, आशीष कुमार, दीपक, महेंद्र कुमार, प्रवीण तिवारी, दीपक पाराशर, अशोक सिंघई सहित अनेक हिन्दू वादी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तंबू निर्माण में केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज व श्री कृष्णा इंटर कॉलेज को प्रथम

**मथुरा।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की केएम विश्व में आयोजित जनपदीय सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर जनपद के दो दर्जन विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसके मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक आरपी शर्मा, राष्ट्रीय स्काउट गाइड आयुक्त राजेश शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह रहे। अतिथियों का स्वागत जिला स्काउट मुख्यायुक्त डॉक्टर कमल कौशिक ने स्मृति चिन्ह देकर किया। प्रतियोगिता के तंबू निर्माण गाइड में किशोरी रमन कन्या इंटर कॉलेज को प्रथम, आर्य समाज इंटर को कन्या इंटर कॉलेज को द्वितीय स्थान, स्काउट में श्री कृष्णा इंटर कॉलेज को प्रथम, मीनार प्रतियोगिता में राधा राम माधव इंटर कॉलेज सतोह को प्रथम, जैन 84 इंटर कॉलेज को द्वितीय, गाइड संपर्क में राधा माधव इंटर कॉलेज सतोहा को प्रथम, सुभाष इंटर कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार से दिया गया।

## नशीली दवाओं के तस्करों की जड़ें खंगालने में जुटे जिम्मेदार विभाग

**मथुरा।** नशीले इंजेक्शन एवं दवाओं के मामले में पुलिस के अलावा नारकोटिक्स विभाग एवं औषधि विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले से जुड़े पूरे रैकेट को खंगाला जा रहा है और पता लगाया जा रहा है कि इस कारोबार से और कौन कौन लोग जुड़े हैं। नशे का कारोबार कहां कहां हो रहा है। जिससे इस पर रोक लगाई जा सके। गुरुवार को पुलिस ने करीब 40 लाख रूपये की नशीली दवाओं और इंजेक्शन सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था। थाना हाईवे पुलिस द्वारा अवैध व प्रतिबन्धित नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। थाना हाईवे पुलिस टीम द्वारा थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत मुखबिर की सूचना पर दो योगेश कुमार पुत्र कालीचरन निवासी मायापुरम कॉलोनी थाना हाईवे व सन्दीप चौधरी पुत्र हुकम सिंह निवासी बलराम सिटी थाना हाईवे को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से बडी मात्रा में प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन का जखीरा पकडा गया था।

# केएमयू : स्काउट गाइड एवं सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**

■ 25 विद्यालयों की टीमों ने किया प्रतिभाग, 555 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**मथुरा।** केएमयू में संचालित स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की जनपदीय सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता 2024-25 का दूसरे दिन शाम को समापन हो गया। इस बीच कई गतिविधियां कराई गई। जिसमें मथुरा के 25 विद्यालयों की टीमो ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में शामिल कैडेट को स्काउट की महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें मुख्य आकर्षण सुन्दर-सुन्दर टैंट व कैंप फायर रहा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नेता और एमएलसी ठा. ओम प्रकाश सिंह, संघ के विभाग प्रचारक अरूण पांचजन्य, केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, संयुक्त शिक्षा निदेशक आरपी शर्मा, राजेश शर्मा राष्ट्रीय आयुक्त स्काउट गाइड, रविंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक रहे। अतिथियों का स्वागत डॉक्टर कमल कौशिक ने स्मृति चिन्ह देकर किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी द्वारा छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए स्काउट गाइड की महत्वता को बताया। कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है तथा आपात स्थिति में देश प्रदेश एवं परिवार की सहायता कम संसाधनों में कैसे की जा सकती है इसका बेहतरीन उदाहरण है। जिनमे जैन इंटर कॉलेज चौरासी मथुरा , नगर पालिका इंटर कॉलेज कोसी,राधा माधव इंटर कॉलेज सतोहा,गांधी इंटर कॉलेज, बाजना इंटर कॉलेज, गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज गोकुल, राधा बिहारी कॉलेज बरसाना, सुभाष इंटर कॉलेज मथुरा, विद्यापीठ इंटर कॉलेज वृंदावन,रामकली देवी इंटर कॉलेज, ब्रज कृषक इंटर कॉलेज टेंटीगांव, सर्वोदय इंटर कॉलेज, सेठ प्रेमसुखदास इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा स्वतंत्र दल,दुर्गेश इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय विद्यालय धघेटा के छात्र/ छात्राओ ने प्रतिभाग किया। तंबू निर्माण में किशोरी रमन कन्या इंटर कॉलेज को प्रथम, आर्य समाज इंटर को कन्या इंटर कॉलेज को द्वितीय स्थान दिया गया, लड़कों में श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज को प्रथम, मीनार प्रतियोगिता में राधा राम माधव इंटर कॉलेज सतौह को प्रथम, जैन 84 इंटर कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार दिया गया, गाइड संपर्क में राधा माधव इंटर कॉलेज सातवा को प्रथम, सुभाष इंटर कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया, जिसमें निर्णायक मंडल में, दया शंकर शर्मा लीडर ट्रेनर, कैलाश कौशिक कुमार कौशिक, प्रमोद कुमार विधायक मंडल में शामिल रहे। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में आज वर्दी, ड्रिल मार्च, मीनार, गाँठे, तंबू निर्माण इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोगित की गयी जिसमे सभी प्रतिभागी विद्यालयो से आये स्कॉउट एवम गाइड ने सुंदर, मनमोहक प्रस्तुति देकर आगंतुक अतिथियों का मन मोह लिया। जिन विद्यालयों के बच्चों ने स्काउट में प्रतिभा किया सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्रों ने बैलकम तालियों से उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर केएमयू के रजिस्ट्रार पूरन सिंह, संयोजक निरंजन सिंह सोलंकी, जोगेंद्र सिंह सचिव, डॉक्टर शालिनी अग्रवाल अखिलेश यादव, निखिल अग्रवाल, मनवीर सिंह, गोवर्धन दास गुप्ता मीडिया प्रमुख,अंजना शर्मा हरिओम गुप्ता, श्रीमती प्रेमा पानू, रीना सिंह, गुरु प्यारी सत्संगी, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी कृष्ण, वीर सिंह सोलंकी, गुंजन चौबे, अनुपम गुप्ता, स्काउट के जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धनदास गुप्ता सहित स्काउट के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मथुरा से पहले कोसीकला को मिलेगा प्रेस क्लब

**अवधनामा संवाददाता**

■ पत्रकार बना कोसीकला का चेयरमैन तो पूरी हुई मांग

**मथुरा।** पत्रकारिता से जुड़े लोगों द्वारा प्रेस क्लब की लम्बे समय से मांग की जा रही है। इसके लिए गाहे बगाहे सम्मेलन और कार्यक्रमों में प्रेस क्लब की मांग उठती रही है। मथुरा वृंदावन में प्रेस क्लब के लिए जमीन उपलब्ध कराये जाने को लेकर कई बार सहमति भी बनी लेकिन ये बस बातें सिर्फ बात बनाने तक सीमित रहीं। अब मथुरा वृंदावन से पहले कोसीकला को प्रेस क्बल मिलने जा रहा है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के द्वारा दो वर्ष पूर्व हुए पत्रकार सम्मान समारोह में आये कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं वर्तमान पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश मथुरा के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने छाता इकाई की मांग पर एक प्रेस क्लब दिए जाने की मांग की। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने पालिकाध्यक्ष को उचित स्थान पर पर्याप्त जमीन देकर प्रेस क्लब बनाये जाने की घोषणा की। जिसको पालिका अध्यक्ष होने के साथ साथ पत्रकार होने की भी जिम्मेदारी निभाते हुए इस मांग को गंभीरता से लेकर प्रस्ताव को बोर्ड के समस्त रखा जिस पर समस्त बोर्ड ने एक मत होकर प्रेस क्लब बनाये जाने का प्रस्ताव पास किया। अब यह उपलब्धि वर्तमान कार्यकारिणी को मिलेगी। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, को तहसील संरक्षक भूमेश रोहेला, नवीन अग्रवाल, तहसील अध्यक्ष सोनू सिंगला, तहसील मंत्री विक्रम सैनी, मनीष अग्रवाल, पवन अग्रवाल सहित पूरी छाता इकाई ने उनका आभार जताया कहना है। देश विदेश से आये पत्रकारों को प्रेस क्लब में रहने और बैठने का स्थान मिलेगा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीप्रसाद गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकरदेव तिवारी व प्रदेश अध्यक्ष सौरव कुमार तथा महामंत्री संगठन महेन्द्रनाथ सिंह सहित पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल को धन्यवाद दिया है।

# बच्चों के टिफिन में रखें चुकंदर से बनी ये 2 टेस्टी और हेल्दी रेसिपी, तुरंत होगा फिनिश

हर घर में मम्मियों की चिंता रहती है रोजाना सुबह उठकर बच्चों के लांच बॉक्स में क्या रखें। इसको लेकर वह काफी कंफ्यूज रहती है कि आखिर टिफिन बच्चों क्या बनाकर रखें, जो हेल्दी और टेस्टी हो। अब चिंता को छोड़िए, आप अपने बच्चे के टिफिन में चुकंदर से बनी ये दो रेसिपी जरुर रख सकते हैं। ये डिश हेल्दी होने के साथ ही काफी टेस्टी है आपके बच्चें इससे खाकर टिफिन को साफ कर देंगे। इसे बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते है।

***चुकंदर के अप्पे***

***सामग्री***

-चुकंदर- 2 कद्दूकस किए हुए
-सूजी- 2 कप
-छाछ या खट्टा दही- आधा कप
-ईनो/बेकिंग सोडा-एक चुटकी
-नमक-स्वादानुसार
-तेल

***इसे बनाने का तरीका***

- इसके लिए आप पहले एक बाउल में सूजी, चुकंदर, नमक और खट्टा दही और छाछ लेना है।
- इन चीजों को अच्छे से मिला लें।
- अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर स्मूद बेटर तैयार कर सकते हैं।
- इस मिश्रण को अब करीब 10-15 मिनट के लिए फर्मेंट होने के लिए रख दें।
- फिर आप इसमें ईनो या बेकिंग सोडा और हल्का पानी डालकर दुबारा मिक्स करें।
- अब आप इडली स्टैंड को गैस पर रखकर उसमें तेल लगाकर बेटर डालें और करीब 10 मिनट के लिए पका लें।
- और आपकी गरमा-गरम अप्पे तैयार है। इसे आप चटनी या सॉस के साथ सर्व कर सकते हैं।

***बीटरुट चाट***



***सामग्री***

-काबुली चना- 1 कटोरी (उबले हुए)
-लोबिया- 1 कटोरी (उबले हुए)
-चुकंदर- 2 (उबले छोटे टुकड़ों में कटे हुए)
-तेल- 1 टेबलस्पून
-राई- 1 टेबल स्पून
-नमक- स्वादानुसार
-चाट मसाला- आधा टेबल स्पून
-हल्दी- आधा टीस्पून
-प्याज- बारीक कटा हुआ
-अनार के दाने- आधा कटोरी
-हरा धनिया- बारीक कटा हुआ
-नींबू का रस- 1 टेबलस्पून

***इसे बनाने का तरीका***

- बीटरुट चाट बनाने के लिए आपको एक रात पहले काबुली चना और लोबिया को रात भर पानी में डालकर भिगो दें।
- फिर पानी को हटाकर कुकर में पानी और नमक डालकर इसे उबाल लें।
- इसके बाद एक बर्तन में चुकंदर को छीलकर उसको छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब आप गैस पर एक पैन चढ़ाएं फिर इसमें तेल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें राई को डाल दें।
- फिर उबले हुए छोले और लोबिया डालें साथ ही ऊपर से नमक, चाट मसाला और हल्दी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- अब इसमें चुकंदर डालकर दो-तीन मिनट के लिए भून लें।
- गैस बंद कर दें अब ऊपर से हरा धनिया, नींबू का रस, कटा हुआ प्याज और अनार दाने डालकर फिर मिक्स करें।
- यह आपकी चुकंदर चाट तैयार है। इसे आप टिफिन बॉक्स में सर्व करके रख दें।

# स्वाद में बेजोड़ होती है मूंगफली की सब्जी, उंगलियां चाटने पर हो जाएंगे मजबूर



सर्दियों के मौसम में हम सभी को धूप में बैठकर मूंगफली और रेवड़ी खाने में बहुत मजा आता है। सर्दियों में मार्केट में हर जगह मूंगफली देखने को मिलती है। जब आप वॉक करने निकलें या फिर कहीं ट्रैवल करना हो हम पैकेट्स में भुनी हुई मूंगफली सफर का बढ़िया स्नैक्स बन जाती है। वहीं बहुत सारे लोग मूंगफली की कई रेसिपीज भी बनाते हैं। तो कुछ लोग इसे डेजर्ट में डालते हैं और इसका बटर भी काफी पसंद किया जाता है। लेकिन क्या आपने मूंगफली की सब्जी खाई है। अगर आपका जवाब नहीं है तो हम आपको मूंगफली की सब्जी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के रूरल एरिया में मूंगफली का प्रोडक्शन ज्यादा होता है। मूंगफली की मसालेदार सब्जी बनाई जाती है। हालांकि हर कोई इसे अलग-अलग स्टाइल में बनती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मूंगफली की रेसिपीज के बारे में बताने जा रहे हैं।

***सामग्री***

मूंगफली- 1 ड़ कप
नमक- 1 चम्मच
मसाला बेस के लिए- 1 बड़ा चम्मच तेल
जीरा- 1 छोटा चम्मच
काली मिर्च- 8-10
लाल मिर्च- 2 सूखी
अदरक- ड़ इंच स्लाइस
लहसुन- 8-10
प्याज- 2
टमाटर- 2
सूखा नारियल- 1 बड़ा चम्मच
पानी आवश्यकतानुसार
अंतिम मसाला के लिए- 1 बड़ा चम्मच तेल
करी पत्ता- 8-10
लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच
चाट मसाला- 1 छोटा चम्मच
गरम मसाला- 1 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर- 1 छोटा चम्मच

***उबली हुई मूंगफली***

कसूरी मेथी- 1 बड़ा चम्मच
नमक स्वादानुसार
धनिया- 1 बड़ा चम्मच

***ऐसे बनाएं मूंगफली की सब्जी***

सबसे पहले मूंगफली को उबालकर अलग रखें और अब एक पैन में तेल गर्म करें और मसाले का बेस तैयार करें। पैन में खड़े मसालों के साथ अदरक और लहसुन भून लें। अब प्याज डालकर ब्राउन होने तक भूनें और फिर टमाटर डालकर उसको नरम होने दें। फिर इसमें सूखा नारियल डालकर अच्छे से भूनें और इस मिश्रण को ठंडा होने के लिए रख दें। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तो एक दूसरे पैन में तेल गर्म करके उसमें जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, गरम मसाला और हल्दी पाउडर डालकर भूनें।

अब दूसरे पैन में ब्लेंड किया और पेस्ट डालकर इसको अच्छे से पका लें। अंत में मूंगफली, नमक और कसूरी मेथी डालकर कुछ देर पकाएं। अब इसमें जरूरत के हिसाब से पानी डालकर 1-2 मिनट के लिए ढककर पकाएं। आखिरी में हरा धनिया डालकर इसे गार्निश करें और जीरा चावल के साथ गर्मागर्म परोसें।

# प्याज काटने और धनिया सूखने से बचाने के काम आएंगे ये हैक्स, बहुत काम आएंगी अमेजिंग ट्रिक्स



कभी खाने में नमक ज्यादा हो जाता है, तो कभी धनिया और पुदीना जैसे हर्ब्स भी जल्दी खराब हो जाते हैं। हालांकि कई बार यह छोटे-छोटे काम परेशानी भरे लगते हैं। ऐसे में आप स्मार्ट किचन टिप्स की मदद से अपनी स्किल्स में सुधार कर सकते हैं।

कभी-कभी रसोई में काम इतना बढ़ जाता है कि हमें अपने लिए समय नहीं मिलता। इसी चक्कर में छोटी-मोटी चीजों को लेकर समस्या होती रहती है। जैसे किचन में प्याज काटना मुश्किल टास्क लगता है। कभी खाने में नमक ज्यादा हो जाता है, तो कभी धनिया और पुदीना जैसे हर्ब्स भी जल्दी खराब हो जाते हैं। हालांकि कई बार यह छोटे-छोटे काम परेशानी भरे लगते हैं। ऐसे में आप स्मार्ट किचन टिप्स की मदद से अपनी स्किल्स में सुधार कर सकते हैं। साथ ही इससे काम भी जल्दी निपट जाएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको किचन में काम करने के अमेजिंग ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

***अपनाएं ये तरीका***

जब भी हम प्याज काटते हैं, तो आंखों से आंसू आने लगते हैं। क्योंकि प्याज में सल्फर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में जब सेल्स टूटते हैं तो सल्फर रिलीज होता है। इसलिए प्याज काटने से पहले चाकू को तेज आंच में गर्म कर लें। इस तरह से जब आप प्याज काटेंगे तो आपके आंसू नहीं निकलेंगे। साथ ही इससे स्लाइसिंग या चॉपिंग करना भी आसान हो जाएगा।

वहीं दूसरा तरीका यह है कि आप प्याद को छीलने के बाद इसको 20-25 मिनट के लिए डीप फ्रीजर में रख दें। क्योंकि फ्रीजर का ठंडा तापमान प्याज को अंदर से भी ठंडा कर देता है।

***पॉपकॉर्न जल्दी पकाने का ट्रिक***

आपने भी देखा होगा कि पॉपकॉर्न कई बार फ्लफी नहीं होते हैं। वहीं कर्नल्स भी फूटने में कई बार ज्यादा समय लगता है। ऐसे में आप जल्दी पकाने के ये ट्रिक अपना सकते हैं।

सबसे पहले मक्के के दाने को नमक वाले पानी में 10-15 मिनट के लिए सोक रखें। फिर पैर में मक्खन और मसाले डालकर ढक दें। इससे दाने जल्दी पॉप होंगे और फ्लफी भी बनेंगे।

***सूजी से बनाएं कुरकुरा स्नैक्स***

जब तक स्नैक्स कुरकुरे और क्रिस्पी न हों, तब तक इन्हें खाने में मजा नहीं आता है। ऐसे में आप फ्रिटर्स के बैटर में थोड़ी मात्रा में सूजी मिलाएं। इस तरह से यह हर तरह के स्नैक्स को शानदार क्रंच देता है।

इसे तलने से पहले ककटेल या फिर टिक्की जैसी चीजों को सूजी में रोल करें। सूजी सुनहरा और कुरकुरा क्रस्ट बनाती है। जो स्नैक्स के स्वाद को दोगुना कर देता है।

***करी से एक्सेस नमक हटाना***

करी से नमक हटाने के लिए एक छिला हुआ कच्चा आलू डालें और इसको 10-15 मिनट तक पकने दें। आलू एक्सेस नमक सोख लेता है, जिससे स्वाद बैलेंस हो जाता है।

करी से एक्सेस नमक हटाने के लिए आटे की छोटी बॉल्स बनाकर इसको सब्जी या ग्रेवी में पका लें। इससे भी नमक हो सकता है।

अगर सब्जी या ग्रेवी में नमक ज्यादा लग रहा है और यह ठंडी भी है, तो आप करछी को तेज आंच पर गर्म कर लें। अब इस करछी को ठंडी ग्रेवी में डुबोएं। इससे एक्ससे नमक निकल सकता है।

***धनिया स्टोर करने के टिप्स***

धनिया को स्टोर करने के लिए इसको साफ करके एक पन्नी में स्टोर कर लें। अब पन्नी में एक टिश्यू पेपर से धनिया को लपेटें और फिर इसी टाइटल से उसको पैक करें। इस दौरान ध्यान रखें कि पन्नी गीली न हो और न उसमें नमी जाने दें। दूसरा तरीका यह है कि आप धनिया को एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और ऊपर से अंडे के छिलके डाल दें। अंडे का छिलका एक्सेस नमी सोख लेगा और धनिया खराब नहीं होगी।

***खाना पकाने वाला तेल रखें साफ***

तेल को हल्का गर्म करें और फिर उसमें मुट्ठी भर कच्चे चावल डालें। चावल तलने के दौरान जले हुए चावल के कणों और अवशेषों को सोख लेगा। जब चावल भूरा हो जाए, तो तेल को छान लें। वहीं दूसरा तरीका है कि आलू के टुकड़े का इस्तेमाल करें। तेल को गर्म करें और उसमें कच्चे आलू का मोटा टुकड़ा डाल दें। आलू तेल से तेज गंध और जले हुए स्वाद को सोख लेता है। आलू सुनहरा होने पर निकाल लें। फिर तेल को छान लें।

# मिनटों में ऊनी कपड़ों से हटाएं रोएं, जाने देसी तरीका

दिसंबर का महीना आधा बीत चुका है लेकिन कड़ाके की सर्दी पूरे भारत में अब शुरु होगी। वहीं पहाड़ों पर भी बर्फबारी हो रही है। ठंड के दौरान ऊनी कपड़ें ही गर्माहट देते है। सर्दी बचने के लिए गर्म कपड़े ही सहारा देते है। लेकिन, गर्म कपड़ें में रोएं लगने से हर कोई परेशान रहता है। अगर इस समस्या से आप भी परेशान हैं तो आप इन देसी हैक से रोएं को हटा सकते है। इन आसान हैक के जरिए आप रोएं को हटा सकते हैं और आपको सावधानी बरतनी भी काफी जरुरी है। रोएं से कपड़ा खराब हो रहा है तो आप कंघी से यह ट्रिक ट्राई कर सकते है।

***क्यों निकालते हैं रोएं***

- अगर आप कपड़ों को गलत तरीके से धोएंगे या सूखाने से रोएं निकलने लगते है।
- यदि आप रात को ऊनी कपड़े पहनकर सोते हैं, तो रोएं निकालते है।कपड़ों की सबसे अच्छे दुकानें
- ऊनी कपड़ों को गर्म पानी में धोने से रोएं निकालते है।



- सस्ती और खराब क्वालिटी का ऊन होने पर भी रोएं निकालते है।

***कंघी से कैसे रोएं हटाएं***

आप कंघी का मदद से रोएं हटा सकते हैं, यह एक देसी तरीका है। जो सबसे अच्छा माना जाता है। रोएं वाली जगह पर आप कंघी को घुमा सकते है। इससे कंघी में रोएं फसंकर निकाल जाएंगे। आपको केवल पतली कंघी लेनी है।

***ये ट्रिक्स काम आएगी***

- पैकिंग टेप की मदद से आप रोए निकाल सकते हैं। आपको रोएं पर टेप लगाना होगा।
- ऊनी कपड़ों को विनेगर में भिगोकर रखने से रोएं निकाल जाते हैं।
- शेविंग रेजर की मदद से आप रोएं को निकाल सकते है, इससे कोई नुकसान भी नहीं होगा।
- अगर आपके पास लिंट रिमूवर तो यह और भी बढ़िया है।

***ऊनी कपड़े को कैसे धोएं***


आप ऊनी कपड़ों को धोने की वजह से न सिर्फ रोएं निकल आते हैं बल्कि इनकी बनावट भी खराब हो जाती है। इन्हें आप केवल ठंडे पानी से ही धोएं। अगर आप वॉशिंग मशीन में ऊनी कपड़े धोते हैं, तो आप वूल या डेलिकेट मोड ऑन करें। विंटर वियर को सही से धोने से कोई परेशानी नहीं आती।

# फ्रिज से आने वाली तेज स्मेल चुटकियों में होगी गायब, अपनाएं ये अमेजिंग हैस

अक्सर हम फ्रिज में किसी भी चीज को खराब होने से बचाने के लिए स्टोर करते हैं। लेकिन कई बार यह चीजें अधिक दिनों तक रखी रहने के कारण सड़ने लगती हैं। इसलिए समय-समय पर फ्रिज की साफ-सफाई करते रहना चाहिए। वरना फ्रिज खोलने पर बार-बार स्मेल आती है और फिर न तो फ्रिज में कुछ रखने का मन होता है और न निकालकर खाने का मन होता है। अगर आपके फ्रिज से भी ऐसी ही तेज स्मेल आती है, तो हम इस बदबू को हटाने के लिए उपाय खोजने लगते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप फ्रिज से आने वाली स्मेल को चुटकियों में दूर कर सकते हैं।

***ओटमील से दूर करें स्मेल***

अक्सर सुबह के नाश्ते में लोग



ओट्स खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन ओटमील की सहायता से आप फ्रिज की तेज स्मेल को कुछ देर में गायब कर सकती हैं। सुबह के नाश्ते में खाए जाने वाले हेल्दी ओट्स सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं और साथ ही यह फ्रिज से आने वाली स्मेल को भी दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको किसी एल्युमिनियम के बर्तन में ओट्स को रखना है। फिर आप देखेंगे कि कुछ ही देर में फ्रिज की स्मेल एकदम गायब हो जाएगी।

***व्हाइट विनेगर***

आप स्नैक्स और अचार में इस्तेमाल होने वाले व्हाइट विनेगर की मदद से भी फ्रिज की दुर्गंध को मिटा सकती हैं। इसके लिए आप एक कटोरी या गिलास में विनेगर को निकालकर खुला फ्रीज में रख दें। स्मेल पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

***अखबार को रोल करके रखें***

अगर आप फ्रिज की स्मेल हटाना चाहते हैं तो इसके लिए कई सारे अखबार को रोल बनाकर फ्रिज में रखें। बता दें कि इस ट्रिक से फ्रिज की बदबू दूर हो जाएगी।

***वेनिला एसेंस***

वेनिला एसेंस में रुई के फाए को भिगोकर करीब 24 घंटे के लिए फ्रीज में छोड़ दें। ऐसे में जब आप फ्रिज खोलेंगे तो वह महक उठेगा।

***बेकिंग सोडा का पानी***

फ्रिज की गंदी स्मेल को दूर करने में बेकिंग सोडा सहायक है। एक कटोरी में बेकिंग सोडा को पानी में घोलकर इसमें थोड़ा सा सिरका मिलाकर रख दें। अब एक घंटे बाद फ्रिज से स्मेल गायब हो जाएगी।

फ्रिज की सफाई

इसके अलावा आप समय-समय पर फ्रिज की सफाई करते रहें। साथ ही चीजों को चेक करती रहें कि कोई चीज खराब तो नहीं हो रही है। इसलिए आप फ्रिज में आने वाली दुर्गंध को खत्म कर सकते हैं।

# चेहरे का निखार बढ़ाने में बेहद असरदार है नारियल तेल, ड्राई स्किन भी करेगी ग्लो

मौसम में बदलाव होने के साथ ही स्किन की सही तरीके से केयर करनी होती है। लेकिन सही स्किन केयर न करने पर त्वचा ड्राई हो जाती है और स्किन का ग्लो कम हो जाता है और त्वचा संबंधी समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में ड्राई स्किन की समस्या को दूर करने के लिए आप नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। नारियल के तेल से ड्राई स्किन की समस्या कम हो सकती है। साथ ही नारियल तेल के इस्तेमाल से चेहरे पर ग्लो आएगा।

***नेचुरल मॉइस्चराइजर है नारियल तेल***

बता दें कि नारियल तेल नेचुरल मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। साथ ही यह कई तरह के गुणों से भरपूर होता है, जो सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए फायदेमंद है। त्वचा को ठीक करने और ड्राई स्किन की समस्या को कम करने में



नारियल तेल मदद करता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा पर भी ग्लो आता है।

***कब इस्तेमाल करें नारियल तेल का***

ड्राई स्किन की समस्या कम करने और चेहरे पर ग्लो लाने के लिए आप रात के समय नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। सबसे पहले फेस को अच्छे से साफ करें और फिर थोड़ा सा नारियल तेल लें और उससे चेहरे पर मसाज करें। इस उपाय को सप्ताह में दो बार करें।

***नारियल तेल का फेस मास्क***

आप एक्सपर्ट की सहायता से नारियल तेल का फेस मास्क बनाकर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस फेस मास्क से स्किन को पोषण मिलेगा, तो वहीं इससे त्वचा पर ग्लो भी आएगा। नारियल तेल का फेस मास्क लगाने से पहले चेहरा अच्छे से धो लें और फिर फेस मास्क अप्लाई करें। लेकिन इस उपाय को करने से पहले आपको एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

***स्क्रब की तरह इस्तेमाल करें***

आप नारियल तेल की मदद से स्क्रब भी बना सकते हैं। यह स्किन पर ग्लो लाने के साथ ही डेड स्किन को साफ करने में सहायता करेगा। एक्सपर्ट की मदद से आप नारियल के तेल का स्क्रब बना सकते हैं। आप अगर इस तरह से नारियल तेल का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे फेस पर ग्लो आएगा।

# दवाओं को आर्गेनाइज तरीके से रखने में मदद करेंगे ये तरीके

हम सभी के घर में कुछ दवाएं हमेशा रखी होती है। कभी इमरजेंसी के लिए हम कुछ कॉमन दवाओं को फर्स्ट एड बॉक्स में रखते हैं तो कुछ हर दिन खाने वाली दवाएं अपनी कैबिनेट, फ्रिज या माइक्रोवेव के ऊपर रख देते हैं। बीपी से लेकर थॉयराइड तक की दवाओं का सेवन हर दिन करना होता है, लेकिन इन्हें सही तरह से रखने में हम लापरवाही बरतते हैं। जबकि दवाओं को हमेशा आर्गेनाइज तरीके से रखने की सलाह दी जाती है, जिससे यह छोटे बच्चों की पहुंच से दूर रहे और आप भी दवा लेना भूले नहीं। साथ ही साथ, इससे आपको यह भी पता चल जाता है कि कौन सी दवाई कब खत्म होने वाली है। दवाओं को आर्गेनाइज्ड तरीके से कई तरह से रखा जा सकता है, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

***पिल आर्गेनाइजर की लें मदद***

दवाओं को आर्गेनाइज्ड तरीके से रखने का यह काफी पुरानी और बेहतरीन तरीका है। पिल आर्गेनाइजर कई साइज व स्टाइल में मार्केट में आसानी से अवेलेबल है। ये क्लासिक बॉक्स हैं जिनमें सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग डिब्बे होते हैं। कुछ में सुबह, दोपहर और शाम की खुराक के लिए स्लॉट भी होते हैं। आप



इनमें आसानी से अपनी दवाओं को दिन व टाइमिंग के अनुर रख सकते हैं। हमेशा ट्रांसपेरेंट आर्गेनाइजर ही चुनें, ताकि आपको पता चले कि कब इसे फिर से भरने का समय है।

***ड्रॉअर डिवाइडर का करें इस्तेमाल***

यह भी एक तरीका है दवाओं को बेहतरीन तरीके से आर्गेनाइज करने का। आप चाहें तो अपन घर की किसी ड्रॉअर में डिवाइडर की मदद से फ़ार्मेसी-स्टाइल सेटअप कर सकते हैं। बस आप छोटे बिन या डिवाइडर की मदद से दवाओं को उनके प्रकार के आधार पर रख सकते हैं। इस तरह किसी भी तरह की दवा तक आपकी पहुंच काफी आसान हो जाती है और लेबल करने से किसी तरह की कन्फ्यूज़न भी नहीं रहती है।

***स्टैकेबल स्टोरेज बॉक्स की लें मदद***

अगर आपके घर में स्पेस कम है, लेकिन आपको कई तरह की अलग-अलग दवाओं का स्टॉक हमेशा ही रखने की जरूरत होती है तो ऐसे में स्टैकेबल स्टोरेज बॉक्स एक गेम चेंजर साबित हो सकता है। ये छोटे व स्टैकेबल कंटेनर वर्टिकली दवाओं को स्टोर करते हैं, जिससे काफी स्पेस बचता है।

# मराठी अभिनेत्री उर्मिला कोठारे की कार की चपेट में आए दो लोग, श्रमिक की मौत





मुंबई के कांदिवली में रात मशहूर मराठी अभिनेत्री उर्मिला कोठारे की कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उर्मिला अपने काम से वापस आ रही थीं और उनकी कार उनका चालक चला रहा था, जिसने वाहन से अपना नियंत्रण खोया। चालक की लापरवाही के कारण कार ने पोइसर मेट्रो स्टेशन के पास दो मेट्रो श्रमिकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ। वहीं, इस हादसे में उर्मिला भी घायल हुईं। इस घटना के बाद समता नगर थाने में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा, कार में एयरबैग लगा हुआ था, जिसकी वजह से उर्मिला की जान बच गई। हालांकि, हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। पुलिस ने बताया कि कार बहुत तेज रफ्तार में थी। उर्मिला जानी-मानी मराठी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने दुनियादारी, शुभ मंगल सावधान, ति साढ्या के करते जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया। उनकी शादी अभिनेता महेश कोठारे के बेटे आदिनाथ कोठारे से हुई है। उर्मिला का करियर और निजी जीवन दोनों हमेशा सुर्खियों में रहते हैं।

# श्रुति हासन को मंदिर जाने की नहीं थी अनुमति

साउथ की जानी मानी अभिनेत्री श्रुति हासन बॉलीवुड फिल्मों में भी अपना कमाल दिखा चुकी हैं। श्रुति न केवल अपने अभिनय के लिए बल्कि अपने मुखर स्वभाव के लिए भी जानी जाती हैं। अभिनेत्री पिछले दिनों अपने माता-पिता के तलाक को लेकर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने बताया कि क्योंकि उनके माता-पिता का धर्म पर भरोसा नहीं था, इसलिए वह चोरी-चोरी मंदिर जाती थीं। कमल हासन की बेटी श्रुति हासन ने हाल ही में अपनी आस्था के बारे में बात की है। श्रुति ने बताया है कि क्योंकि उनके माता-पिता का धर्म में कोई विश्वास नहीं था, इसलिए उन्हें चोरी-चोरी मंदिर जाना पड़ता था। अभिनेत्री का मनना है कि उन्होंने खुद ही आस्था की खोज की थी।

## चोरी-चोरी मंदिर जाती थीं श्रुति

श्रुति ने इंटरव्यू में आगे बताया कि उनके पिता नास्तिक थे और उनकी मां आध्यात्मिक थीं। इसलिए वह कभी मंदिर नहीं गई थीं। अभिनेत्री ने कहा, हमारी कॉलोनी में, एक गली थी जहां मैं अपनी साइकिल चलाती थी। मुझे घर के सामने साइकिल न चलाने के लिए कहा गया था... किसी कारण से, हर सुबह मैं लगभग एक ही समय पर चर्च और मंदिर की घंटियाँ सुनती थी, और मैं सोचती थी कि पहले किस मंदिर में पहुंचूंगी।

## पहली बार चर्च गई थीं अभिनेत्री

अभिनेत्री ने आगे कहा कि मंदिर मेरे घर से बहुत दूर था, इसलिए मैं सप्ताह में एक बार चर्च जाती थी।



कम से कम 5-6 महीने तक घर पर किसी को पता नहीं चला। बच्चों के साथ यह बात है कि अगर आप उन्हें कुछ न करने के लिए कहते हैं, तो वे और भी ज्यादा ऐसा करते हैं। मेरे मामले में, यह धर्म था। श्रुति ने यह भी बताया कि पहली बार मंदिर जाने का अनुभव उनके लिए काफी ज्यादा अलग था। अभिनेत्री ने कहा, ÷मैं पहली बार अपने दादाजी के साथ मंदिर गई थी, जो मुझे चेन्नई के एक मंदिर में ले गए थे। उन्होंने मुझसे कहा था कि मैं अपने पिता को यह न बताऊं कि वे मुझे मंदिर लेकर आए हैं।

उसके कुछ समय बाद ही मेरे दादाजी का निधन हो गया। मेरे दादाजी और मंदिर के साथ मेरा हमेशा एक ऐसा रिश्ता रहा है जो आध्यात्मिक जुड़ाव की तरह बन गया है।÷

### 35 साल पुरानी फिल्म की कहानी पर बनी वेब सीरीज

रामसे ब्रदर्स वाले केशू रामसे ने कोई 35 साल पहले अपनी पारिवारिक परंपरा से हटकर एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म बनाने की कोशिश की, नाम था उस फिल्म का 'खोज'। ऋषि कपूर और नसीरुद्दीन शाह जैसे सितारों वाली इस फिल्म की कहानी भी वही थी जो जी5 पर प्रसारित हो रही वेब सीरीज 'खोज-परछाइयों के उस पार' की है। 20 से 25 मिनट के कुल जमा सात एपिसोड और सबकी कुल अवधि मिलाकर इतनी जितनी दो घंटे 20 की एक आम फीचर फिल्म की इन दिनों होती है। शायद फिल्म के रूप में ही बनी होगी ये सीरीज। फिर इसे बनाने वालों और इसे जी5 पर प्रसारित करने का निर्णय लेने वालों को लगा की इसे सीरीज रूप में प्रसारित कर देते हैं, दर्शकों को क्या ही पता चलने वाला है कि फिल्म बनी थी या सीरीज? साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म 'खोज' और वेब सीरीज 'खोज-परछाइयों के उस पार', दोनों की कहानी एक ही है। एक बेचारा सा दिखने वाला पति अपनी पत्नी के गुम हो जाने की जानकारी देने पुलिस के पास आता है। उम्मीद यही कि पुलिसवाले इस लापता पत्नी को खोज दें। पुलिस कोशिश भी यही करती दिखती है। फिर पत्नी लौट आती है।

### प्रीति जिंटा कभी 10 साल बड़े सलमान खान को कर रही थीं डेट

प्रीति जिंटा ने हाल ही में सलमान खान को उनके 59वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने अभिनेता को आई लव यू भी कहा। इसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर कयासों का बाजार गर्म हो गया। साथ ही एक यूजर ने पूछ दिया कि क्या वो और सलमान कभी रिलेशनशिप में थे। वहीं, सवाल देखने के बाद प्रीति भी खुद को जवाब देने से नहीं रोक पाई। अभिनेत्री का रिप्लाई लोगों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है। प्रीति जिंटा ने सलमान खान को डेट करने से इनकार किया। साथ ही बताया कि स्टार उनके लिए परिवार और सबसे करीबी दोस्त की तरह हैं। प्रीति ने अभिनेता के साथ अपने समीकरण के बारे में भी बताया। दरअसल, प्रीति ने सलमान के जन्मदिन पर एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा, %सलमान खान मैं सिर्फ यह कहना चाहती हूं कि मैं तुमसे सबसे ज्यादा प्यार करती हूं, बाकी मैं तुम्हें तब बताऊंगी जब मैं तुमसे बात करूंगी।

# कोर्ट में वर्चुअल पेशी के बाद, लौट आया अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' का गाना दमुंते पट्टुकोरा



फिल्म 'पुष्पा 2' के अलावा इसके गाने भी दर्शकों को पसंद आए, यही कारण है कि हाल ही में इसी फिल्म का एक गाना 'दमुंते पट्टुकोरा टी सीरीज ने रिलीज किया था, इसका फिल्मांकन थोड़ा हटकर भी था। लेकिन सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग और अल्लू अर्जुन की अदालती कार्रवाही में उलझने के कारण यह गाना सोशल मीडिया से हटा दिया गया था। अब एक बार फिर से यह गाना यूट्यूब पर नजर आ रहा है। टी सीरीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस गाने को फिर से डाल दिया है। कुछ ही घंटों में इस गाने पर 3 लाख से अधिक व्यूज आ गए, वहीं हजारों लोगों ने पुष्पा 2 के गाने दमुंते पट्टुकोरा% को लाइक भी किया है। गाने में अल्लू अर्जुन का किरदार पुलिस ऑफिस शेखावत को चैलेंज करता हुआ नजर आता है। इस गाने के हिंदी में बोल हैं- 'दम है तो रोक के बता शेखावतज ।' कुछ दिन पहले जब यह गाना रिलीज हुआ था तो उस समय अल्लू अर्जुन अदालती मामले में फंस हुए थे। संध्या थिएटर भगदड़ मामला उस समय चर्चा में था। इस गाने के लिरिक्स को लेकर सोशल मीडिया पर लोग, दो हिस्सों में बंट गए। किसी को गाना पसंद आया, तो किसी ने इसे गलत बताया। ऐसे में टी सीरीज ने यह गाना ही हटा दिया। 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में भगदड़ के दौरान एक 35 साल की महिला की मौत हो गई, इस थिएटर में उस समय %पुष्पा 2% दिखाई जा रही थी। इस दौरान एक्टर अल्लू अर्जुन भी थिएटर की दूसरी मंजिल पर मौजूद थे। इस घटना में महिला के आठ साल के बेटे को भी गंभीर चोट लगी है, वह लड़का अस्पताल में भर्ती है। इस घटना के बाद पुलिस ने अल्लू अर्जुन पर मामला दर्ज किया। एक्टर अल्लू अर्जुन की इस मामले में गिरफ्तारी भी हुई, एक रात वह जेल में भी रहे, फिर उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस ने अभिनेता से इसी मामले पर कुछ समय पहले पूछताछ भी की है। हाल ही में एक्टर की वचुअल पेशी भी कोर्ट में हुई है।

अगर फिल्म 'पुष्पा 2' की बात की जाए तो यह फिल्म अभी भी थिएटर में टिकी हुई है। साथ ही काफी अच्छा कलेक्शन भी कर रही है। अल्लू अर्जुन की इस फिल्म को लेकर दर्शकों की रुचि अभी तक बरकरार नजर आ रही है।

# शालीन भनोट और ईशा सिंह को लेकर सलमान खान ने ली चुटकी



शालीन भनोट और ईशा सिंह को लेकर काफी चर्चा हो रही है। ईशा सिंह के बॉयफ्रैंड के तौर पर सलमान खान ने कुछ बातें वीकेंड के वार में कही हैं। सलमान ने वीकेंड के वार में ईशा से पूछा कि क्या घर के बाहर आपका कोई दोस्त है? इसके बाद उन्होंने शालीन का नाम लिया और ईशा काफी ब्लश कर रही थीं। इसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर बात होने लगी है। खबरों की मानें तो ईशा सिंह कथित तौर पर अपने बेकाबू को-स्टार शालीन भनोट को डेट कर रही हैं। दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते के बारे में खुलकर कुछ नहीं कहा या न ही इनकार किया। वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान सलमान खान शालीन को लेकर ईशा को चिढ़ाते हुए नजर आए। सलमान खान ने कहा, आपने शिल्पा को कहा कि आपका बॉयफ्रैंड है बाहर, ईशा ने कहा नो सर कोई बॉयफ्रैंड नहीं है। इस पर सलमान ने कहा, बॉयफ्रैंड नहीं होगा वेरी क्लोस फ्रैंड होगा, शायद मैं उनको जानता होगा, नेचर भी बहुत ही काम होगा, शालीन होगा। ईशा ने इस बार पर कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। ये सभी अफवाहें हैं। वो मेरे सच में अच्छे दोस्त हैं। जब मैंने सोशल मीडिया पर ऐसी बातें पढ़ी, मैं इस पर हंस रही थी। इन बातों से मेरी और शालीन की दोस्ती पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। फैंस ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ईशा अविनाश को गले लगाती है ऐसा शालीन को कैसे पसंद आता था। क्या वाकई शालीन ईशा और अविनाश की इस दोस्ती से खुश होंगे।



रीम शेख ने समुद्र के किनारे से भेजी खूबसूरत तस्वीरें

# बस, मेरे मुड़ने की देर है




सलमान खान की फिल्म सिकंदर का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी हो चुका है। आखिरकार प्रशंसकों इंतजार को खत्म करते हुए निर्माताओं ने फिल्म का दमदार टीजर जारी किया, जिसमें सलमान खान का अलग अवतार देखने को मिला। टीजर में एक ओर सलमान एक्शन अवतार में नजर आए हैं तो वहीं, दूसरी ओर इस टीजर को लॉरेंस बिश्नोई की धमकियों के साथ भी जोड़ कर देखा जा रहा है। टीजर की बात करें तो इसमें सलमान मशीन जैसे दिखने वाले इंसानों से लड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। सलमान एक म्यूजियम से गुजर रहे हैं जहां एक बड़ा सा बंदूकों का कैबिनेट है। इसके अलावा वहां चार आदमी भी मौजूद हैं, जो लड़ाकों का वेश धरकर वहां खड़े हैं। वो चेहरे पर मास्क, सिर पर बारहसिंघा के सींग वाला हेलमेट और हाथों में बंदूक लिए हुए हैं।

## सलमान का लॉरेंस को सीधा संदेश

वीडियो में सलमान काएक डायलॉग भी सुनने को मिला। वह कहते हैं, बहुत लोग मेरे पीछे पड़े हैं, बस मेरे मुड़ने की देर है। इसके बाद वे लगातार बारहसिंघा के सींग लगाए हुए खलनायकों को मौत के घाट उतारते नजर आए। टीजर देखें के बाद ऐसा लग रहा है कि इसके जरिए सलमान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को सीधी चेतावनी दे रहे हैं। दरअसल, काले हिरण वाले मामले में लगातार लॉरेंस बिश्नोई सुपरस्टार सलमान खान को कई बार धमकियां दे चुके हैं। यहां तक की उनकी हत्या की साजिश भी रची जा चुकी है, लेकिन कभी सलमान ने लॉरेंस को जवाब नहीं दिया। वहीं, अब इस टीजर में बोला गया डायलॉग लॉरेंस के लिए चेतावनी जैसा लग रहा है। टीजर के बैकग्राउंड में हर दिल का वो एक दिलावर, जाने जिगर वो है सिकंदर, अलग अंदाज में फिरता है बंजर बंजर, वो है डॉन सिकंदर गाना बज रहा है। संतोष नारायणन द्वारा रचित एक शानदार बैकग्राउंड स्कोर ने वीडियो को और भी बेहतर बना दिया है। एक घंटे के भीतर टीजर को यूट्यूब पर दो लाख 60 हजार लाइक्स मिल चुके हैं और इसे 14 लाख 20 हजार से ज्यादा यूजर्स देख चुके हैं। इससे पहले सलमान खान का फिल्म से पोस्टर जारी हुआ था, जिसमें अभिनेता भाला जैसा हथियार लिए नजर आ रहे थे। फिल्म में खलनायक की भूमिका बाहुबली फेम अभिनेता सत्यराज ने निभाई है। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सलमान के साथ यह रश्मिका की पहली फिल्म है। यह फिल्म 2025 की ईद के मौके पर सिनेमाघरों में आने वाली है।

# ओटीटी पर धमाल मचाने आ रही द साबरमती रिपोर्ट



विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। धीरज सरना निर्देशित यह फिल्म 15 नवंबर, 2024 को बड़े पर्दे पर आई। यह फिल्म 2002 में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिनेमाघरों में रिलीज होने पर द साबरमती रिपोर्ट की सराहना की अब, फिल्म का डिजिटल प्रीमियर होने वाला है। एकता कपूर, शोभा कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित %द साबरमती रिपोर्ट% 2025 में जी5 पर स्ट्रीम होगी। विक्रांत, राशी और रिद्धि अभिनीत यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर आएगी। साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत ने पत्रकार समर कुमार की भूमिका निभाई थी, जबकि रिद्धि डोगरा ने मनिका राजपुरोहित की भूमिका निभाई थी। वहीं राशि ने अमृता गिल का किरदार निभाया था। फिल्म की स्टार कास्ट में बरखा सिंह, सुदीप वेद, दिग्विजय पुरोहित और अन्य शामिल थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी थी। यहां मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की थी। इस स्क्रीनिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री और सांसद भी पहुंचे। इस विशेष अवसर पर फिल्म की स्टारकास्ट से विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्दी डोगरा समेत मेकर्स भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने एक्स अकाउंट पर फिल्म की स्क्रीनिंग की झलकियां साझा की थीं। कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने कैप्शन में लिखा, %द साबरमती रिपोर्ट% की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निर्माताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं।% वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठकर फिल्म देखने पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने भी खुशी जाहिर की थी। मुख्य अभिनेता विक्रांत मैसी ने स्क्रीनिंग के बाद संवाददाताओं से कहा था, %मैंने प्रधानमंत्री और सभी कैबिनेट मंत्रियों और कई सांसदों के साथ फिल्म देखी। यह एक विशेष अनुभव था। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाऊंगा, क्योंकि मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे करियर का सबसे अच्छा पल है, जब मुझे प्रधानमंत्री के साथ अपनी फिल्म देखने का मौका मिला।%

# विक्रांत मैसी को अर्जुन कपूर ने बताया खुद से बेहतर अभिनेता

अर्जुन कपूर ने हाल ही में अपनी साल 2017 की फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड पर खुलकर बात की। फिल्म में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर उन्होंने कई राज खोले। एक इंटरव्यू में अर्जुन ने कहा कि वह अपनी परफॉर्मेंस से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे। इसके पीछे की वजह उन्होंने डबिंग प्रक्रिया को बताया। अभिनेता के मुताबिक डबिंग की वजह से उनकी असल डायलॉग डिलीवरी की प्रामाणिकता खो गई। अर्जुन ने कहा, ÷मुझे हाफ गर्लफ्रेंड के लिए डबिंग नहीं करनी चाहिए थी। मुझे लगता है कि सेट पर मैंने अच्छा काम किया था, लेकिन अफसोस कि मुझे डबिंग करनी पड़ी। मुझे डबिंग से खास लगाव नहीं है, क्योंकि यह उस पल की ईमानदारी को कम कर देती है। इस जनरेशन में हम ज्यादा डबिंग नहीं करते। यह मेरा सबसे खराब प्रदर्शन नहीं था, लेकिन अगर मैं एक आलोचक की तरह देखूं तो मैं सोचता हूं कि काश मैं उस डायलैक्ट को सही तरीके से बरकरार रख पाता। अपने सह-कलाकार विक्रांत मैसी की तारीफ करते हुए अर्जुन ने कहा, ÷विक्रांत डबिंग में मुझसे बेहतर हैं। वह फिल्म में भी मुझसे बेहतर अभिनेता थे। मुझे ज्यादा लोकप्रिय तरीके से अभिनय करना था, लेकिन डबिंग में मैं उस डायलैक्ट को सही तरीके से नहीं कर पाया, जो मैंने सेट पर किया था। यह एक छोटा सा सीखने का अनुभव था मेरे लिए। अर्जुन कपूर को हाल ही में रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में विलेन की भूमिका में देखा गया था। हालांकि, यह फिल्म भी उनके करियर को नई दिशा नहीं दे सकी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई।



अभिनेता के मुताबिक डबिंग की वजह से उनकी असल डायलॉग डिलीवरी की प्रामाणिकता खो गई। अर्जुन ने कहा, ÷मुझे हाफ गर्लफ्रेंड के लिए डबिंग नहीं करनी चाहिए थी। मुझे लगता है कि सेट पर मैंने अच्छा काम किया था, लेकिन अफसोस कि मुझे डबिंग करनी पड़ी। मुझे डबिंग से खास लगाव नहीं है, क्योंकि यह उस पल की ईमानदारी को कम कर देती है। इस जनरेशन में हम ज्यादा डबिंग नहीं करते। यह मेरा सबसे खराब प्रदर्शन नहीं था, लेकिन अगर मैं एक आलोचक की तरह देखूं तो मैं सोचता हूं कि काश मैं उस डायलैक्ट को सही तरीके से बरकरार रख पाता। अपने सह-कलाकार विक्रांत मैसी की तारीफ करते हुए अर्जुन ने कहा, ÷विक्रांत डबिंग में मुझसे बेहतर हैं। वह फिल्म में भी मुझसे बेहतर अभिनेता थे। मुझे ज्यादा लोकप्रिय तरीके से अभिनय करना था

### पीरियड्स का दर्द सिर्फ शहरों में, छोटे कस्बों में पता भी नहीं चलता

गोविंदा की बेटी टीना अहूजा ने अपने पिता को लेकर बात की है। टीना हाल ही में अपनी मां के साथ इंटरव्यू में शामिल हुई। टीना एक बिजनेसवुमन हैं। इस बातचीत में उन्होंने पीरियड्स को लेकर बात की। उन्होंने दावा किया कि पीरियड्स में ऐंठन केवल मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में होती है, जबकि अन्य शहरों में रहने वाली महिलाओं को वास्तव में इससे कोई परेशानी नहीं होती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीरियड्स में ऐंठन हमारी मानसिकता होती है। टीना आहूजा ने कहा, मैं ज्यादातर चंडीगढ़ में रही हूं और मैंने केवल बॉम्बे और दिल्ली की लड़कियों को ही ऐंठन के बारे में बात करते सुना है। आधी समस्या इनकी बातों से आती है जो समस्या के बारे में बात करते हैं और कभी-कभी जिन लोगों को ऐंठन नहीं होती है, वे भी इसे साइकोलॉजिकली महसूस करना शुरू कर देते हैं। पंजाब और अन्य छोटे शहरों में महिलाओं को यह भी पता नहीं चलता कि उन्हें कब पीरियड्स आते हैं।

# मशरूम की खेती से किसानों की आय होगी दोगुनी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित पी.एम-एफ.एम.ई एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत नवाचार की ओर कदम बढ़ाते हुए जनपद में मशरूम की खेती व प्रोसेसिंग शुरू हो गयी है जनपद के विकास खंड-खुटहन ग्राम घिरौली नानकार के दिनेश चंद यादव पुत्र भारत यादव द्वारा मशरूम की खेती की गयी है। इसके अतिरिक्त बक्शा, सुजानगंज, मछलीशहर, मुफ्तीगंज में भी मशरूम यूनिट चलायी जा रही है। दिनेश द्वारा मशरूम ग्रोइंग यूनिट लगाई गयी है जिसमे 60 से 65 दिन मे मशरूम तैयार हो जाता है दिनेश द्वारा बताया गया कि मै एक आम किसान हूँ और मै पारम्परिक कृषि करता था, मुझे कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जानकारी मिली कि उद्यान विभाग में चल रही पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत मशरूम उद्योग के लिए सुविधा उपलब्ध है, जिसमे 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख तक की सब्सिडी एवं एम.आई.डी.एच. अन्तर्गत 40 प्रतिशत सब्सिडी देय है जिसमें उद्यमी को अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। पूरी जानकारी प्राप्त कर मैने आनलाइन पंजीयन उद्यान विभाग में पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत मशरूम उद्योग के लिए कराया। प्रारम्भिक पूजी के रूप में मैने 10 लाख रू. स्वयं से उद्योग में लगाया तथा पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत कैपिटल सब्सिडी के रूप में 3.5 लाख रू. प्राप्त हुआ। उद्योग लगाने के पश्चात 01 से 1.5 लाख रू. का प्रति माह शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। मशरूम में विटामीन बी, विटामीन डी, पोटेशियम कापर, आयरन, और सेलेनियम जैसे पोषक तत्व पाये जाते है मशरूम मे मौजूद विटामिन डी हडडूयो को मजूबत बनाता है एवं सेलेनियम इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाता है मशरूम मे मौजूद एंटीआक्सीडेंट बढ़ती उम्र के लक्षणो को कम करने और वजन घटाने मे मदद करते है मशरूम का उपयोग मिड-डे मिल/ हर घर मे सब्जी के रूप मे भी किया जा रहा है और इसकी डिमांड बहुत अधिक आ रही है। मशरूम उद्यम के रूपं मे एक किसान को उद्यमी बनाने का अच्छा विकल्प है उद्यान विभाग मे पी.एम.एफ.एम.ई./ एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना संचालित है और यह योजना उद्यमियों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित हो रही है। किसान भाईयों से अपील है कि अधिक से अधिक लोग विभाग से जुड़कर मशरूम ग्रोइंग यूनिट, काम्पोस्ट मेंकिग यूनिट, स्पॉन प्रोडक्शन यूनिट तथा मशरूम की प्रोसेसिग यूनिट लगाने हेतु कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर से किसी भी कार्य दिवस मे सर्म्पक कर सकते है।

# सीता स्वयंवर की कथा व झांकी पर जमकर झूमे श्रोता



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के बीआरसी के बगल नन्दलाल मोदनवाल द्वारा आयोजित नव दिवसीय कथा में अयोध्या धाम से पधारे व्यास स्वामी निर्मल शरण जी महाराज ने कथा के दौरान छठवें दिन सीता स्वयंवर की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया।जिसमें उन्होंने अपने दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा और शर्त रखी कि जो इस धनुष को उठाएगा। उसके साथ वह अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। समारोह वाले दिन दूर-दराज से राजा-महाराजा स्वयंर में शामिल होने के लिए पहुंचे। कोई भी शिव धनुष को नहीं उठा सका। ऐसे में राजा जनक हताश हो गए और उन्होंने कहा कि क्या कोई मेरी पुत्री के योग्य नहीं है। तब महर्षि वशिष्ठ ने भगवान राम को शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए कहा। गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान श्रीराम शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने लगे और धनुष टूट गया।इस प्रकार सीता का विवाह श्रीराम के साथ हुआ। श्रीराम और सीता के विवाह की अद्भुत झांकी व विवाह गीत पर महिला पुरुष श्रद्धालु झूम उठे।मंगल आरती में प्रभु राम सीता का मुख्य यजमान ने पांव पूजन कर आशीर्वाद लिया।इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

## सिंध फाइटर्स और सिंधी लायंस सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** डेंटल जोन सिंध फाइटर्स ने बजरंग फीनिक्स को नौ विकेट से हराकर प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग (पीएसपीएल) में सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसके अलावा सिंधी लायंस की टीम भी अंतिम चार में पहुंची। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर प्रतियोगिता के सातवें दिन अंतिम लीग मैच में बजरंग फिनिक्स ने 10 ओवर में 76 रन (गौरव मध्यान्ह 33, शैलेंद्र वाटवानी 17, जतिन अलवानी 2/12, मनोज बसंततानी 2/15, यश मध्यान 2/20) बनाए। जवाब में डेंटल जोन सिंध फाइटर्स ने 9 ओवर में एक विकेट पर 77 रन (विनीत बहरानी 42 नाबाद, मनोज बसंततानी 15 नाबाद, ईशान मध्यान 1/04) बना लिए। एक अन्य मैच में एसपीवी आनंद 9.1 ओवर में (92/3) ने जनप्रिया किंग्स 10 ओवर में (86/7) को सात विकेट से हराया। लीग चक्र संपन्न होने के बाद ग्रुप ए से मील्स एंड व्हील्स वॉरियर्स और सिंधी लायंस एवं ग्रुप बी से बजरंग फिनिक्स और डेंटल जोन सिंध फाइटर्स की टीम अंतिम चार में पहुंची है। सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला रविवार को खेले जायेगा। साथ ही झूलेलाल नगर शेर किंग्स और टैगोर टाउन सिंधी रॉयल्स के बीच मैत्री मुकाबला भी खेला जाएगा।

# डीएम व एसपी ने किया सीड़ा परिसर का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** दिव्य भव्य महाकुंभ 2025 के सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के द्वारा सीड़ा परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीड़ा परिसर में कुंभ मेले को लेकर होल्डिंग एरिया (आश्रय स्थल) बनाये जाने तथा कंट्रोल रूम स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए टेंट की व्यवस्था, अलाव की व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, स्थाई/ अस्थाई शौचालय बनाएं जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि रैन बसेरा क्रियाशील रहनी चाहिए तथा बेडशीट कंबल सहित सभी मूलभूत सुविधाए उपलब्ध रहनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी को सड़कों पर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर कपिल मुनि वैश्य, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, मुख्य राजस्व अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ज्वाइट मजिस्ट्रेट, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रो. देवराज डायरेक्टर रैंकिंग्स और काजल डे समन्वयक नामित

अवधनामा संवाददाता

- विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने के लिए पहल

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान और शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रो. देवराज सिंह को डायरेक्टर रैंकिंग्स के पद पर नामित किया गया है। प्रो. सिंह भौतिकी विभाग के प्रोफेसर हैं और वर्तमान में दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। QS( (Quacquarelli Symonds ) रैंकिंग में भागीदारी के लिए डॉ. काजल डे को समन्वयक नामित किया गया।डॉ. काजल डे, रज्जू भैया संस्थान के नैनोविज्ञान शोध केंद्र में वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं, डॉ. डे नैनोविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शोध केंद्र के विभागाध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग संस्थानों जैसे NIRF, QS रैंकिंग, वेबोमेट्रिक्स, एडु-रैंक, यूनि-रैंक, SCImago, IIRF और टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। प्रो. देवराज सिंह के नेतृत्व में रैंकिंग मानकों के अनुसार आवेदन तैयार करने के लिए नामित समन्वयकों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा और उन्हें समय पर प्रेषित किया जाएगा।कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा, यह कदम विश्वविद्यालय की रैंकिंग सुधारने और शैक्षणिक गुणवत्ता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे विश्वविद्यालय की पहचान मजबूत होगी और हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकेंगे। आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ (IQAC) के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से IQAC द्वारा एक बैठक में इस पहल को स्वीकृति दी गई थी।

## कार्यालय बनाने के लिए उलमा काउंसिल नेता पर जमीन कब्जा का आरोप

**आजमगढ़।** परिवार संग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची कंधरापुर थाना निवासिनी शायरा ने आरोप लगाया है कि खुद को उलमा काउंसिल का नेता बताने वाले एक व्यक्ति द्वारा फर्जी तरीके से उसकी जमीन का कुछ हिस्सा अपने नाम से दर्ज करा लिया गया है। जबकि 2020 से न्यायालय में मामला विचाराधीन है। पीड़िता ने आरोप लगाया है न्यायालय की अवहेलना करते हुए तथाकथित नेता द्वारा उक्त जमीन पर उलेमा काउंसिल का कार्यालय बनाने की नियत से निर्माण कार्य करवाते हुए कब्जा किया जा रहा है। मामले में परिवार संग एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता ने शिकायती पत्र सौंपकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। वही जब उलेमा काउंसिल के यूथ प्रदेश अध्यक्ष नूरूलहुदा से बातचीत की गई तो उनका कहना था कि उन्होंने उक्त जमीन की रजिस्ट्री कराई है इसलिए मकान निर्माण कर रहे है। उक्त जमीन के मामले में न्यायालय में अबतक कोई भी मुकदमा खड़ा नहीं हुआ है इसलिए न्यायालय का इससे कुछ भी लेना देना नहीं है।

# महाकुम्भ में तैनात हुआ अत्याधुनिक मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल

### आपदाओं से निपटने में मिलेगी मजबूती

मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल की तैनाती के बाद महाकुम्भ के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने में प्रशासन को काफी मदद मिलेगी। यह वाहन न केवल कुम्भ मेले के लिए, बल्कि अन्य आपदा प्रबंधन अभियानों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान इस अत्याधुनिक व्हीकल के उपयोग से आपदा प्रबंधन को मजबूती मिलेगी और महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।



अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ 2025 की तैयारियों के बीच एक और बड़ी पहल की गई है। अब महाकुम्भ के विशाल आयोजन में किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए अत्याधुनिक मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल को मैदान में उतारा गया है। इस वाहन में कई आधुनिक सुविधाएं और उपकरण शामिल हैं, जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने और आपदा प्रबंधन को आसान बनाने में मदद करेंगे। महाकुम्भ के नोडल और मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा के अनुसार यह वाहन विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है, जो प्राकृतिक आपदाओं से लेकर सड़क दुर्घटनाओं तक, हर परिस्थिति में उपयोगी साबित होंगे। 10 से 20 टन क्षमता वाले लिफ्टिंग बैग के जरिए वाहन मलबे के नीचे दबे लोगों को आसानी से बाहर निकालने में सक्षम है। यही नहीं, डेढ़ टन तक की भारी वस्तुओं को उठाने और स्थानांतरित करने के लिए इसमें विशेष मशीनें फिट की गई हैं। आपदा के दौरान मजबूत मलबे को काटने और फैलाने के लिए वाहन में विशेष टूल्स उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, यह विक्टिम लोकेशन कैमरा से भी लैस है जो मलबे या ध्वस्त संरचनाओं में फंसे लोगों को खोजने में अत्यंत मददगार है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संचालन के लिए इनबिल्ट जनरेटर की सुविधा है, जो कठिन परिस्थितियों में भी काम करेगा। इसके अतिरिक्त वाहन में रेस्क्यूवर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई प्रकार के प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट्स रखे गए हैं। इसमें लाइफ जैकेट, लाइफ रिंग, रेस्क्यू कांटा और लाइफ बाय जैसे उपकरण हैं जो इसे और उपयोगी बनाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### घाटमपुर में डेस्क-बेंच पाकर खुश हुए बच्चे



**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की प्रेरणा से परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्य ने कम्पोजिट स्कूल घाटमपुर के बच्चों के लिए 19 सेट डेस्क बेंच प्रदान किया। जिसका उद्घाटन बीडियो कौड़िहार दिनेश सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षमाशंकर पाण्डेय ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली की तारीफ की गई। छात्र-छात्राओं ने डेक्स बेंच प्रदान किए जाने हेतु अधिकारियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान एकेडमिक रिसोर्स पर्सन प्रभाशंकर शर्मा प्रधानाध्यापिका अनीता पांडेय के साथ अध्यापक कपिल कुमार पटेल, वैभव गुप्ता, रवि शंकर सिंह एवं बच्चों के अभिभावक माया देवी, सुरेश कुमार, राजकुमार,शोभा देवी, मदनलाल एवं ओंकारनाथ आदि उपस्थित रहे।

### सपा का पीडीए चर्चा कार्यक्रम स्थगित, 27जनवरी से दोबारा शुरू होगा

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी का सेक्टर वार होने वाला पीडीए चर्चा कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब दोबारा नये साल में 27जनवरी से शुरू होगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने प्रदेश भर जिला एवं महानगर अध्यक्षों पत्र जारी करते हुए कार्यक्रम को स्थगित करने के लिये कहा है। सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार पूर्व में यह कार्यक्रम 26दिसंबर से शुरू होकर आगामी 25जनवरी तक चलाया जाना था। सेक्टर वार आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब के बारे दिए गए बयान,संविधान, आरक्षण, जातिगत जन गणना, महंगाई, बेरोजगारी,पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यक समाज, महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचार पर लोंगो को जागरूक किया जा रहा है।

### नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की लगातार दूसरी जीत



**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में आज नॉर्दन प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-15 वर्ग में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने गुरुकुल स्पोर्ट्स अकादमी को एक कांटे की टक्कर में 1-0 से हराकर पूर्ण अंक प्राप्त किया। खेल का प्रथम हाफ गोल रहित बराबरी पर छूटा। आयोजन सचिव फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के मैदान में खेला गया। इस मैच में विजेता टीम की ओर से आदित्य राज ने ये गोल वेदांत त्रिपाठी के पास पर खेल के दूसरे हाफ में किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के वेदांत त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश एवं इलाहाबाद विश्विद्यालय की पूर्व फुटबॉल एवं बास्केटबॉल खिलाड़ी ऋतु कौशल ने प्रदान किया। अन्डर-15 वर्ग में 30 दिसंबर को अगला मैच खेला जायेगा।

### सोनू कुमार बिन्द का हुआ राष्ट्रीय विद्यालयी एथलेटिक्स अण्डर 19 प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**प्रयागराज।** बहादुरपुर ब्लाक स्थित तिलक इंटर कॉलेज कोटवा के छात्र सोनू कुमार बिन्द का चयन अंडर 19 राष्ट्रीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगता रांची झारखंड में हुआ है। यह प्रतियोगिता 05 से 08 जनवरी 2025 तक चलेगी। जिसमे देश के विभिन्न राज्यो की टीम के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। सोनू ने वाराणसी में हुए यू0 पी0 स्टेट विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के हाई जम्प इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। सोनू बिन्द के राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ के एन सिंह तथा प्रधानाचार्य कैप्टन मनोज कुमार सिंह और खेल शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने बधाई और शुभकामनाएँ दी।

# अनि अखाड़ों में फहराई धर्म ध्वजा, हुआ पादुका पूजन

- अन्य अखाड़ों के संत महंत सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी रहे उपस्थित



अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मेला क्षेत्र में तीनों अनि अखाड़ों की धर्म ध्वजा शनिवार को स्थापित हो गई। इस दौरान संतों ने पादुका पूजन कर शुरूआत की। इस दौरान संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाकुम्भ की सफलता का आशीष मांगा।

पूजन में डीएम महाकुम्भ नगर विजय किरन आनंद, एडीएम विवेक चतुर्वेदी, निर्मोही अनि अखाड़े के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास, दिगंबर अखाड़े के महंत राम किशोर दास, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी, महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत जमुनापुरी, बड़ा उदासीन अखाड़े से मुखिया मंहत दुर्गा दास आदि साधु संत मौजूद रहे। महंत राजेंद्र दास ने कहा कि तीनों अनि अखाड़ों की धर्म वजा स्थापित हो गई है।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में अब साधु-संतों का आगमन शुरू होने लगा है। नगर प्रवेश, छावनी प्रवेश के साथ ही साथ अखाड़ों में अब धर्म ध्वजा स्थापित करने की भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में आज शनिवार को तीनों अनि अखाड़े (निर्वाणी अनि, निर्मोही अनि व दिगंबर अनि) का धर्म ध्वजा स्थापित की गई। सेक्टर-20 में बने इन अखाड़ों के शिविर में विधि विधान से धर्म ध्वजा फहराई गई।

दरअसल, इस धर्म ध्वजा में शामिल होने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आज यहां आना था लेकिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद राष्ट्रीय शोक घोषित हो गया और ऐसे में मुख्यमंत्री के यहां आने का कार्यक्रम भी एक दिन पहले निरस्त हो गया।

# छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अनेक प्रकार के मॉडल को किया प्रदर्शित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ।** शनिवार को सेंट जेवियर्स स्कूल सम्मोपुर आजमगढ में शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अनेक प्रकार के माडल प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी का आरंभ विद्यालय प्रबंध निदेशक प्रशांत चन्द्रा,आवासीय प्रबंध निदेशक अनिरुद्ध जायसवाल, प्रदुम्न जायसवाल, शैक्षिक निदेशक देवेन्द्र झा, प्राचार्य विनय पाण्डेय, उप प्राचार्य तरनी श्रीवास्तव एवं समन्वयिका अंशिका सिंह आदि ने मां शारदा के चरण कमलों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी कल शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अपनी योग्यता और प्रतिभा के बल पर विद्यालय व स्वजन का नाम रोशन कर सकते है। उन्होंने प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों को और अधिक समाजोपयोगी एवं देशहित में काम आने वाले मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इस आयोजन में सौ से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए गए। जिसमें हिंदी साहित्य संग्रह, सड़क सुरक्षा, सौर मंडल, पर्यावरण सुरक्षा,स्मार्ट सिटी व सौर ऊर्जा, बायोगैस प्लांट, बाइसिकल जनरेटर, सोलर वॉटर हिटर, हाइड्रो पावर प्लांट, एस्टॉनोमिकल टेलीस्कोप, न्यूटन लॉ, ब्लड ग्रुप टेस्टिंग, फायर अलार्म, कटेपल्ट माडल, न्यूटनस क्रैडल प्लांट, सेल एंड एनिमल डेमोंसट्रेशन, ड्रिप सिस्टम, डे नाइट मॉडल, जीरो ग्रेविटी हैंगिंग सहित अलग-अलग विषयों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार छात्र को मिला। इस प्रदर्शनी के अंतर्गत पीपीटी, पोस्टर मेकिग, क्विज कंपटीशन के माध्यम से अपनी प्रतिभा उजागर की। किसी भी विद्यार्थी, शिक्षक या अभिभावक के द्वारा पूछे जाने पर उसकी पूरी जानकारी उन विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। इस प्रदर्शनी के आयोजन में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# गेहूं की सिंचाई करने को लेकर चले लाठी डंडे कई घायल

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ।** कंधरापुर थाने में तहरीर देकर अरविन्द यादव पुत्र स्व0 बैजनाथ यादव ग्राम हरीपुर थाना कन्धरापुर ने अवगत कराया था। कि 22 दिसम्बर की शाम करीब 4 बजे गांव के श्यामलाल, शिवधनी, रामधनी पुत्रगण रामलखन उर्फ लखन मौर्या, प्रदीप, गनेश पुत्रगण रामधनी, आर्यन पुत्र प्रदीप से पुराना जमीनी विवाद चला आ रहा है। गेहूं की सिंचाई करने को लेकर आपस में कहासुनी हुई,। इतने में उक्त लोगों द्वारा गाली गुप्ता देते हुए फावड़ा और लाठी, डंडा व कुल्हाड़ी से लैश होकर घर की महिलाओं को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया गया। इस हमले में करीब दर्जन भर लोग लहूलुहान हो गये। अचेत व गंभीर स्थिति में लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर कंधरापुर पुलिस ने आरोपी अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। बताते चलें कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक पक्ष द्वारा लाठी-डंडे से लैश होकर दूसरे पक्ष पर हमला करने मामला सामने आया था जिसमें एक पक्ष के लोगों को काफी गंभीर चोटें भी आयी थी। बताया जा रहा है कि सांघातिक चोट होने के कारण घायल लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। विदित हो कि कंधरापुर पुलिस द्वारा इस मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने करीब बीस लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रतिभा स्पोंटस वीक प्रतियोगिता आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ।** प्रतिभा स्पोंटस वीक प्रतियोगिता के दूसरे दिन की प्रतियोगिता में कुल 12 गेम कराये गये। जिसमें रिंग बाल रेस में एलकेजी से शिवांस प्रथम, अर्थव यादव द्वितीय एवं अर्थव गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेडी टू स्कूल गेम में बालिका वर्ग से सोनाक्षी कन्नौजिया प्रथम, आयूषी श्रीवास्तव द्वितीय एवं लीजा फ्रिोत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बालक वर्ग से रिपुसूदन राय प्रथम, रूद्र बरनवाल द्वितीय एवं मो0आलयान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक बालिका वर्ग से श्री लेग रेस में आयसा, आयूष प्रथम, निमृत गुप्ता एवं बैष्नवी द्वितीय और आकृति यादव व श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कक्षा से बालक वर्ग में शिवांश व अभिनव ने प्रथम, सिद्धार्थ गोड़ और राज सोनकर द्वितीय, देवांश सिंह व सॅरव निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कक्षा से सेक रेस बालक वर्ग से शिवांश कुश्वाहा प्रथम, सिद्धार्थ गोड़ द्वितीय व राज सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्तकिया एवं बालिका वर्ग में भानविका अग्रवाल प्रथम, दर्शिका अग्रवाल द्वितीय व आयशा बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 से 50 मीटर रेस में बालिका वर्ग से सुदिक्षा प्रथम, अनन्या सिंह द्वितीय व प्रकाम्या पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग से अंश यादव प्रथम, आर्यन यादव द्वितीय और युवराज तृतीय रहे। कक्षा 3 बालिका वर्ग से अंजलि यादव 2 ने प्रथम, काजल ने द्वितीय तथा जीया यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग से किशन प्रथम अंश कुमार द्वितीय और शिवम चौधरी तृतीय रहे। कक्षा 4 बालिका वर्ग से दिपाली प्रथम, रितिका वर्मा द्वितीय एवं रानू यादव तृतीय रही तथा इसी कम बालक वर्ग से विकास प्रथम, अंश सिंह द्वितीय और अश्वनी गौड़ तृतीय रहे। 100 मीटर रेस में कक्षा 3 बालक वर्ग से किशन गौड़ प्रथम, प्रांजल मौर्या द्वितीय और शिवम चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त पी-70 किया। कक्षा 4 बालिका वर्ग से दिपाली यादव प्रथम, रानू द्वितीय और रितिका तृतीय रही व बालक वर्ग से अंश सिंह प्रथम विकास चौहान द्वितीय और कान्हा प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद कक्षा 2 बालक वर्ग से अंश यादव प्रथम, विपुल द्वितीय व लक्ष्य पांडेय तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 बालक वर्ग से अंश कुमार प्रथम, किशन द्वितीय व अर्पित सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 बालक वर्ग से विकास प्रथम, अभय द्वितीय और अंश सिंह तृतीय रहे। फाग कूद बालिका वर्ग से जान्हवी प्रथम, प्रकाम्या पटेल द्वितीय व अनन्या सिह तृतीय रही।

### जिलाधिकारी को पत्रक सौप लगाई न्याय की गुहार



**आजमगढ़।** भाजपा नेता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची बिलरियागंज नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर 23 के छीही बगवार की महिलाओं ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना था कि नगरपालिका बनने से पहले ग्राम प्रधान के कहने पर वार्ड के लोगो ने रास्ते के दोनों तरह जल निकासी के लिए चकनाली की जगह छोड़ी थी। आरोप लगाते हुए कहा कि लेकिन अब नगरपालिका द्वारा सीसी रोड बनाकर दोनों तरफकी चकनाली से मिलाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे कि पूरे वार्ड के लगभग पचास घरों की जल निकासी बाधित हो रही है। वार्ड के लोगो ने आरोप लगाया है व्यक्ति विशेष को खुश करने के लिए यह कार्य किया जा रहा है। मामले में वार्ड के लोगो ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सीसी मार्ग के दोनों तरफ नाली निर्माण कर बाहें से जोड़ने की मांग की है ताकि जल निकासी बाधित न हो। इस दौरान गूंजा गुप्ता, निर्मला, लक्ष्मीन, उर्मिला, शुभांति देवी, बंदना, आरती साहू, सोनी राजभर, सुराती, नीतू, सरोज गुप्ता, राधिका गुप्ता, गुड़िया राय, प्रदीप कुमार, कमलेश, मुनीब, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 2029 तक डाक विभाग को मुनाफे में लाने का प्लान वित्त मंत्री से मिल सिंधिया ने रखा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ इंडिया पोस्ट के मुनाफा कैसे बढ़े, इस पर चर्चा की। एक बयान के अनुसार, सिंधिया और डाक विभाग की उनकी टीम ने 2029 तक विभाग को मनाफे में लाने के लिए अपनी पूंजीगत व्यय मांगों को वित्त मंत्री के सामने रखा। बैठक में मंत्री सिंधिया ने इंडिया पोस्ट के लिए एक नई विकास योजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विभाग लागतों को युक्तिसंगत बनाने और अधिकतम प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लक्ष्य पर काम कर रहा है।

**संतुष्टि**

**सिंधिया ने दोहराया कि उनका उद्देश्य विभाग को ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान देने के साथ लाभ कमाने वाली लॉजिस्टिक्स कंपनी बनाना है।**



सिंधिया ने दोहराया कि उनका उद्देश्य विभाग को ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान देने के साथ लाभ कमाने वाली लॉजिस्टिक्स कंपनी बनाना है। उन्होंने इस बारे में भी बात की कि कैसे चल रही बिजनेस प्रोसेस री-इंजीनियरिंग (बीपीआर) कवायद को वित्त मंत्रालय के निवेश से बहुत फायदा होगा।

बैठक में, सिंधिया ने बताया कि हमारे पूंजीगत व्यय के लिए वित्त मंत्रालय से निवेश के साथ, हम देश भर में डाकघरों के बुनियादी ढांचे के विकास और नवीनीकरण के साथ-साथ कर्मचारियों के आवास क्वार्टरों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग प्रक्रियाओं को कुशल और भविष्य के लिए तैयार करने के लिए स्वचालन की दिशा में काम किया जाएगा।

मंत्री सिंधिया ने 2007 में डाकघरों के स्वरूप और अनुभव को मानकीकृत किया और डाक सेवकों को कार्यालय उपकरण प्राप्त करने में मदद की थी। 2024 में इस विभाग का कार्यभार संभालने के 6 महीने में, उन्होंने अपनी इंडिया पोस्ट टीम को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराने और विभाग के लिए नवीन रणनीतियों के साथ आने के लिए कहा था।

सिंधिया ने बताया कि उन्हें विश्वास है कि इंडिया पोस्ट अगले 5-7 वर्षों में अपने अधिकांश उत्पादों के लिए बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने, राजस्व बढ़ाने और उद्योग में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि मेल और पार्सल वर्टिकल में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इंडिया पोस्ट भारत में डाक विभाग (ष्ठश्वक्क) का डाक नेटवर्क है, जो देश के संचार और सामाजिक आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। इस वर्ष की महत्वपूर्ण पहलों में, विभाग ने पीएमए (पार्सल मॉनिटरिंग एप्लीकेशन) शुरू किया है, जो वास्तविक समय पर डिलीवरी की जानकारी साझा करता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई 2019 से अक्टूबर 2024 तक, जवाबदेह मेल की डिलीवरी में 4.33 लाख पैकेट से 5.35 करोड़ पैकेट तक की उल्लेखनीय हुई है।

भारतीय डाक ने लेटर बॉक्स, रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन, क्लिक एन बुक सर्विस, नोडल डिलीवरी सेंटर और ट्रांसशिपमेंट सेंटर की ई-क्लीयरेंस भी लागू की है और लॉजिस्टिक्स संचालन को मजबूत करने के लिए ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## यात्राएं वैश्विक संस्कृतियों और परंपराओं के ज्ञान में वृद्धि करती हैं

**नई दिल्ली।** यात्राएं वैश्विक संस्कृतियों और परंपराओं के ज्ञान में वृद्धि करती हैं। देश-दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान हमें यात्राओं-भ्रमण और देशाटन से होता है। यात्राओं पर जाते रहना न सिर्फ आपको मानसिक शांति प्रदान करता है साथ ही तनाव कम करने, मूड को ठीक रखने और नए अनुभवों, नए लोगों से मिलने का अवसर भी प्रदान करता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि सभी लोगों को जीवन में उमंग, उत्साह और विचारों को ताजगी देने के लिए यात्राएं जरूर करनी चाहिए। हालांकि यात्राएं जितनी रोमांचकारी होती है उतनी ही चुनौतियों से भरी होती है।

दरअसल, यात्रा के दौरान मौसम और सामाजिक परिवेश के अनुसार बदलता खान-पान स्वास्थ्य के लिए चुनौतियां पैदा करता है। जाहिर है ऐसे में यात्राओं की प्लानिंग करते वक्त उत्साह और आनंद के साथ सेहत को भी प्राथमिकता जरूर देनी चाहिए।

बहरहाल, जल्द ही हम नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं ऐसे में किसी पसंदीदा जगह की यात्रा कर इस साल को अलविदा कहा जाए और नए साल की शुरुआत की जाए। दिसंबर का ये महीना चूंकि देश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड वाला होता है, इसलिए किसी भी यात्रा के पहले वहां के मौसम के बारे में जान लेना और उसी आधार पर अपनी सेहत को ठीक बनाए रखने की प्लानिंग करना बहुत आवश्यक है।

अगर आप भारत या विदेशों में भी कहीं यात्रा की प्लानिंग कर रहे हैं तो पहले वहां के मौसम और ठंड की स्थिति के बारे में जानकारी इकट्ठा कर लें। ताकि उसी हिसाब से योजनाएं बनाकर अपनी यात्रा का पूरा आनंद लिया जा सके।

लंबी यात्रा के दौरान जेट लैग, थकान और संक्रामक बीमारियों से बचाव को लेकर पहले से ही सतर्कता बरतनी जरूरी है। सर्कैडियन रिदम (सोने-जागने के समय में बदलाव) में बदलाव के कारण नींद पूरी न होने और इससे संबंधित कई तरह की दिक्कतों का तो जोखिम रहता ही है साथ ही गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं जैसे सिरदर्द और चक्कर आने की दिक्कतें होना भी बहुत आम है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं- यात्रा के दौरान अपनी स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी चीजें जैसे न्यूट्रिशन ड्रिंक्स, संक्रामक रोगों से बचाव की दवाएं, पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को जरूर साथ रखें। ये आपकी यात्रा के दौरान सेहत को ठीक रखने में मददगार साबित हो सकती है।

आप अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए अमेजन से जरूरी प्रोडेक्ट्स आसानी से ऑर्डर कर सकते हैं। मसलब्लेज और एचके विटल्स के साथ-साथ, डाबर, ग्रिट्ज़ो, हिमालया, द होल ट्रुथ, द गुडबग और बेबीऑर्गेनो सहित शीर्ष ब्रांड्स पर विंटर ऑफर भी चल रहे हैं। इनमें से कई प्रोडक्ट्स पर आप 40% तक की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं।

आइए जानते हैं कि यात्रा के दौरान आप किन प्रोडक्ट्स को अपने साथ रख सकते हैं, जिससे सेहत का ध्यान रखते हुए ट्रिप का पूरा आनंद लिया जा सके।

देश की अग्रणी स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन ब्रांड मसलब्लेज का बायोजाइम प्रोडेक्ट 50% अधिक प्रोटीन और 60% बेहतर BCAA सुनिश्चित करती है।

# पॉलिसीबाज़ार का एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम 100 गैरेजों की उपलब्धि के साथ अब 87 शहरों में

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार ने हाल ही में अपनी कस्टमर फर्स्ट इनिशिएटिव, एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम, में बड़ी सफलता हासिल की है। अब यह कार्यक्रम देश के 87 शहरों में 100 गैरेजों तक पहुंच गया है। इसका 100वां गैराज आज लेह में खुला, जो भारत के हर कोने में इस पहल की पहुंच को दर्शाता है। यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं को क्लेम और सर्विस का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के मोटर इंश्योरेंस रिन्यूअल और कस्टमर एक्सपीरियंस के बिजनेस हेड, संदीप सराफ ने कहा, हमारे एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम के तहत 100 गैरेज तक पहुंचना मोटर इंश्योरेंस क्लेम को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह कार्यक्रम मरम्मत में देरी और अपडेट की कमी जैसी आम समस्याओं को हल करने के लिए बनाया गया है। इसमें समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर, तय समय में मरम्मत और कैशलेस क्लेम जैसी सुविधाएं दी जाती हैं, जो प्रक्रिया को तेज और आसान बनाती हैं। हम इस सर्विस को और आगे बढ़ाने और पूरे देश में पॉलिसीधारकों के लिए क्लेम को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने को लेकर उत्साहित हैं।

इस कार्यक्रम में अब 100 गैरेज शामिल हो गए हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, भारत के लगभग हर कोने में इस पहल की पहुंच है, जिससे पॉलिसीधारक आसानी से अपने क्लेम सेटल कर सकते हैं। कंपनी ने मोटर इंश्योरेंस क्लेम को बेहतर बनाने के लिए इस साल की शुरुआत में एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम शुरू किया था। इसका मकसद पॉलिसीधारकों को आसानी, पारदर्शिता और तेज सेवा प्रदान करना है।

**एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम की विशेषताएं**

इस पहल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सभी पॉलिसीबाजार के मोटर इंश्योरेंस ग्राहकों को उनकी पसंद के गैरेज में एक समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर मिलता है। रिलेशनशिप मैनेजर उनके वाहन के पिक-अप से लेकर मरम्मत के पूरा होने तक और यहां तक कि क्लेम की सभी औपचारिकताओं तक पूरी क्लेम प्रक्रिया की देखरेख करता है। कार्यक्रम के तहत, पॉलिसीधारकों को पूरी प्रक्रिया पूरी होने तक मरम्मत की स्थिति के साथ-साथ क्लेम के बारे में भी नियमित सूचनाएं प्राप्त होंगी।

इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहकों को छोटी मरम्मत - यानी 50,000 रुपये से कम के क्लेम वाली मरम्मत - को सात दिनों के अंदर पूरा करने की गारंटी मिलती है। यह इसलिए संभव है क्योंकि इन वर्कशॉप में इस कार्यक्रम के तहत आने वाली कारों को प्राथमिकता दी जाती है। इससे उनकी मरम्मत तेजी से होती है और वाहन तुरंत ग्राहक को वापस लौटा दिया जाता है।

साथ ही, मरम्मत किए गए सभी इलेक्ट्रिक और मैकेनिकल पार्ट्स पर वारंटी दी जाती है।

इस कार्यक्रम के तहत पात्र पॉलिसीधारकों को अपने वाहनों के लिए मुफ्त पिक-एंड-ड्रॉप सेवा भी मिलेगी। इसका मतलब यह है कि क्लेम की स्थिति में, वाहन को ग्राहक के स्थान से उठाया जाएगा और मरम्मत के बादवापस पहुंचा दिया जाएगा, जिससे ग्राहकों को कोई परेशानी न हो।

यह कार्यक्रम खास तौर पर उन पॉलिसीधारकों के लिए है जिन्होंने पॉलिसीबाजार से अपना मोटर इंश्योरेंस लिया है। कम मय में, यह कार्यक्रम बिना किसी रुकावट के क्लेम सैटलमेंट की पहचान बन गया है।

## भारत में वित्तीय वर्ष 2024 में 997.83 मीट्रिक टन का रिकॉर्ड कोयला उत्पादन



**नई दिल्ली।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 997.826 मिलियन टन (एमटी) का अपना अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन हासिल किया, जो 2022-23 में 893.191 एमटी की तुलना में 11.71 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। आइए इस बारे में और जानें।

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 997.826 मिलियन टन (एमटी) का अपना अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन हासिल किया, जो 2022-23 में 893.191 एमटी की तुलना में 11.71 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।

कोयला मंत्रालय के अनुसार, एकीकृत कोयला रसद योजना के तहत सरकार ने वित्त वर्ष 2030 तक 1.5 बीटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। कैलेंडर वर्ष 2024 (15 दिसंबर तक) के दौरान, कोयला उत्पादन अनंतिम 988.32 मीट्रिक टन तक पहुंच गया, इसमें सालाना आधार पर 7.66 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

कोयले की आपूर्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, 15 दिसंबर, 2024 तक 963.11 मीट्रिक टन अनंतिम आपूर्ति की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.47 प्रतिशत अधिक है।

बिजली क्षेत्र को 792.958 मीट्रिक टन कोयला मिला, जिसमें 5.02 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) में 14.48 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें 171.236 मीट्रिक टन की आपूर्ति की गई।

## आरबीआई की रिपोर्ट, दो साल से उच्च ब्याज दरों के स्थिर होने के बावजूद पर्सनल लोन में वृद्धि



**नई दिल्ली।** दो साल से उच्च ब्याज दरों के स्थिर होने के बावजूद पर्सनल लोन के तहत आने वाले हाउसिंग, क्रेडिट कार्ड और शिक्षा कर्ज में 23 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, हाउसिंग के एवज में कर्ज मार्च, 2024 तक सबसे अधिक 36 फीसदी बढ़कर 27,18,715 करोड़ रुपये पहुंच गया। मार्च, 2023 तक यह 19,91,164 करोड़ रुपये था। कुल पर्सनल लोन 20 फीसदी बढ़कर 53.31 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है।

इसी तरह, क्रेडिट कार्ड बकाया 25.6 फीसदी बढ़कर 2.57 लाख करोड़ और शिक्षा कर्ज 23.7 फीसदी बढ़कर 1.19 लाख करोड़ पहुंच गया। कंज्यूमर ड्यूरेबल खरीदने को लिया गया कर्ज 13.4 फीसदी, फिक्स्ड डिपॉजिट के बदले कर्ज 2.2 फीसदी, ऑटो लोन 17.4 फीसदी और गोल्ड लोन 14.8 फीसदी बढ़ा है। कुल कर्ज में पर्सनल लोन का हिस्सा 2023-24 में बढ़कर 27 फीसदी पहुंच गया, जो 2022-23 में 20 फीसदी था। कृषि कर्ज 15.4 फीसदी से बढ़कर मार्च, 2024 में 20 फीसदी पहुंच गया। उद्योग कर्ज बढ़कर 8.5 फीसदी पहुंच गया।?

### आपसे पैसे लेकर बैंक ऐसे चलाते हैं अपना कारोबार

बैंकों का कारोबार मूलरूप से आपसे जमा लेकर उसी को किसी अन्य को कर्ज देकर चलता है। आपसे कम ब्याज पर पैसा लेकर दूसरों को ज्यादा ब्याज पर देते हैं। सरकारी बैंकों के फंड की लागत 2022-23 में 4.1 फीसदी रही थी और उनकी कमाई 7.5 फीसदी रही। 2023-24 में लागत बढ़कर 5 फीसदी तो हो गई, लेकिन कर्ज से कमाई भी बढ़कर 8.41 फीसदी पर पहुंच गई। निजी बैंकों का भी यही हाल है। उनकी लागत मार्च, 2024 में 5.4 फीसदी थी लेकिन कर्ज से कमाई 10.4 फीसदी रही थी।

### सूक्ष्म-छोटे उद्योगों को भी मिला ज्यादा ऋण

रिपोर्ट के मुताबिक, सूक्ष्म एवं छोटे उद्योगों का हिस्सा 13.1 से बढ़कर 14.7 फीसदी, मध्यम इकाइयों का 12.3 फीसदी से बढ़कर 13.3 फीसदी और बड़ी कंपनियों को दिए जाने वाला कर्ज का हिस्सा 3.5 फीसदी से बढ़कर 6.4 फीसदी के स्तर पर पहुंच गया है। इसी प्रकार, कुल कर्ज में सेवा क्षेत्र का हिस्सा 23.5 फीसदी रहा, जो 2023 मार्च में 19.5 फीसदी रहा था।

### बड़े कर्ज लेने वालों का हिस्सा घटा

रिपोर्ट के अनुसार, कुल उधारी में शेडयूल्ड कमर्शियल बैंकों से बड़ी उधारी लेने वालों का हिस्सा घट गया है। मार्च, 2024 में इनका हिस्सा 43.9 फीसदी रहा जो मार्च, 2023 में 46.5 फीसदी रहा था।

### एक साल में 1.10 करोड़ से अधिक नए क्रेडिट कार्ड जारी

देश में एक साल में 1.10 करोड़ से अधिक नए क्रेडिट कार्ड जारी हुए हैं। नवंबर, 2023 में कुल 9.60 करोड़ कार्ड थे, जो इस साल नवंबर में बढ़कर 10.72 करोड़ हो गए। निजी बैंकों की हिस्सेदारी 71 फीसदी व सरकारी बैंकों की 23.82 फीसदी है। क्रेडिट कार्ड से कुल लेनदेन का मूल्य 1.70 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### डेबिट कार्ड में सरकारी बैंकों का दबदबा

नवंबर, 2024 तक 99.36 करोड़ डेबिट कार्ड थे। इसमें सरकारी बैंकों का हिस्सा 64.67 फीसदी व निजी बैंकों का 24.94 फीसदी है।

## खराब सिमुलेटर के जरिए कर्मियों को प्रशिक्षण देकर सुरक्षा से हुआ समझौता

**नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पायलटों के प्रशिक्षण में कथित खामियों के लिए शुक्रवार को अकासा एयर के परिचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को छह महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दिया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 27 दिसंबर को जारी अपने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि एयरलाइन जिसमें राकेश झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी है के दो वरिष्ठ अधिकारी नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सीएआर) का अनुपालन सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं।

आकाश एयर के परिचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को निलंबित करने का निर्णय तब लिया गया जब डीजीसीए ने उन्हें क्रमशः 15 अक्तूबर और 30 अक्तूबर को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के जवाब को असंतोषजनक पाया। नागरिक विमानन महानिदेशालय ने अपने आदेश में एयरलाइन को दोनों पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को नामित करने की सलाह भी दी। अकासा एयर ने एक बयान में कहा, अकासा एयर को डीजीसीए से 27 दिसंबर 2024 का आदेश प्राप्त हुआ है। हम डीजीसीए के साथ काम करना जारी रखेंगे और तदनुसार अनुपालन करेंगे। एयरलाइन ने कहा, सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और हम सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का निरंतर प्रयास करते हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने निलंबन आदेश जारी करते हुए कहा, डीजीसीए की ओर से 7 अक्तूबर, 2024 को मेसर्स एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (अकासा एयर), मुंबई में किए गए नियामक ऑडिट में पाया गया है कि आरएनपी प्रशिक्षण (एप्रोच) ऐसे सिमुलेटर पर आयोजित किया जा रहा है, जो इसके लिए योग्य नहीं हैं... यह सीएआर सेक्शन 7, सीरीज डी, पार्ट VI के पैरा 7 का उल्लंघन है। डीजीसीए ने कहा कि आकाश एयर के परिचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक ÷नागरिक विमानन आवश्यकताओं (सीएआर) का अनुपालन सुनिश्चित करने में विफल रहे।

# नेटवर्क18 ने 'ग्रीन भारत'कॉन्क्लेव के पहले संस्करण के साथ भारत की ग्रीन मोबिलिटी यात्रा को बढ़ाया आगे

**कानपुर।** भारत के अग्रणी मीडिया हाउस, नेटवर्क18 ने अपने वार्षिक कॉन्क्लेव ग्रीन भारत के पहले संस्करण का आयोजन सफलता पूर्वक पूरा किया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन भारत की सबसे बड़ी शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ईवी के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों के बारे में बात करते हुए टिकाऊ परिवहन के लिए भारत में बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ना और साथ ही ईवी के व्यापक रूप से अपनाने की राह में बाधा डालने वाली चुनौतियों से निपटना है।

यह ऐतिहासिक कार्यक्रम नीति निर्माताओं, विनिर्माताओं, उद्योग के दिग्गजों और पर्यावरण संरक्षणकर्ताओं को भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य के लिए एक एकीकृत रोडमैप तैयार करने के लिए एक साथ एक मंच पर लेकर आया। सम्मानित अतिथियों में नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और श्री पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे।




कार्यक्रम में बोलते हुए, नितिन गडकरी ने जोर देते हुए कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हरित परिवहन क्षेत्र में अविश्वसनीय प्रगति हासिल की है। भारत के सतत भविष्य के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण ने हमें सही रास्ते पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, और हमें अभी बहुत लंबी यात्रा तय करनी है। ज्ञान और संपत्ति के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या के साथ, मुझे पूरा भरोसा है कि भारत अगले पांच वर्षों के भीतर सबसे बड़ा ईवी विनिर्माण केंद्र बन जाएगा।

पीयूष गोयल ने इस भावना को प्रतिध्वनित करते हुए कहा, भारत की हरित परिवहन क्रांति अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, फेम 1 और 2 जैसी परिवर्तनकारी पहलों द्वारा संचालित यह क्रांति ईवी उद्योग को आत्मनिर्भर और खुद को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सशक्त बना रही है। दुनिया के सबसे बड़े फर्स्ट-टाइम वाहन बाजार में से एक के रूप में, भारत के पास ईवी खंड में बदलाव का नेतृत्व करने का एक अनूठा अवसर है। सरकार नवाचार को बढ़ावा देने, मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसे हर नीतिगत निर्णय के केंद्र में रखकर फैसले लिए जा रहे हैं। मिशन लाइफ और हरित ऊर्ज पर सामूहिक ध्यान देने के माध्यम से, हम एक स्वच्छ, हरित और अधिक आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम की सफलता पर बोलते हुए, अविनाश कॉल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफसिर, नेटवर्क18 (ब्रॉडकास्ट) और मैनेजिंग डायरेक्टर, एईटीएन18 ने कहा, परिवहन में भारत एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ा है, जो एक स्थायी और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित है।

## भारत में आर्थिक सुधारों के वास्तुकार थे मनमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भारतीय सुधारों के वास्तुकार के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। बाजार के विश्लेषकों को कहना है कि वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने भारतीय पूंजी बाजार, सार्वजनिक उपक्रमों का विनिवेश और आज का शेयर बाजार जो मूलतः उनकी की देन है, उसके लिए वे आगे आए और भारतीय अर्थव्यवस्था को नया आकार दिया। सिंह ने प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में जून 1991 से मई 1996 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया। इस अवधि के दौरान, उन्होंने परिवर्तनकारी आर्थिक सुधारों का नेतृत्व किया। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को उदार बनाया, इसे वैश्विक बाजारों के लिए खोला और निजीकरण व वैश्वीकरण को बढ़ावा दिया। बाद में, उन्होंने मई 2004 से मई 2014 तक लगातार दो कार्यकालों के लिए भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की।

सीएनएन रिसर्च के ओपी ओतस्वाल का कहना है कि आज का बाजार प्रधानमंत्री महनमोहन सिंह की देन है। उन्होंने बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति विनियम बोर्ड (सेबी ) की स्थापन की जो आज भारतीय पूंजी बाजार में एक प्रमुख संस्था है। वे सार्वजनिक उपक्रमों का विनिवेश करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे यह आज वैश्विक बाजार का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इससे पहले भारतीय बाजारों को लेकर सरकारों ने कोई भी नीति नहीं बनाई थी। उनके द्वारा लाइसेसिंग और पूंजीगत लाभ, कराधान के कई चीजों पर काम किया। हम हमेंशा उन्हें भारतीय सुधारों के वास्तुकार के रूप में जानेगे और आज का बाजार मूलतः उन्हीं की देन है।



केयरएज के पवन सिंह कहते हैं कि मनमोहन सिंह को भारत के बेहतरीन अर्थशास्त्रियों में से एक माना जाता है। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए और उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति हासिल की। 1991 में उन्होंने ने अपने साहसिक सुधारों से भारत को उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में वैश्विक मंच पर खड़ा किया। शेयर मार्केट और रेग्युलेटर्स की स्थापना में बहुत बड़ा योगदान दिया। उनके सुधारों और भविष्य के लिए उनकी पैनी नजर को मार्केट हमेशा याद रखेगा।

पीएल सिक्यूरटीज के राज वैद्य का कहना है कि बाजार के दिग्गज इस बात को नकार नहीं सकते कि आज का बाजार उनकी देन है। उन्हें 1991 के आर्थिक संकट को प्रभावी ढंग से संबोधित करने का श्रेय दिया जाता है।

# रीजेंसी हेल्थ ने एडवांस्ड किडनी कैंसर के लिए लैप्रोस्कोपिक रेडिकल नेफ्रेक्टोमी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया

**लखनऊ।** रीजेंसी हेल्थ को गोंडा के 65 वर्षीय व्यक्ति के सफल इलाज़ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस व्यक्ति को एडवांस्ड किडनी का कैंसर था। जब उन्हें लक्षणों से तकलीफ हुई तो उन्हें अस्पताल लाया गया। उनके मूत्र में रुक-रुक कर खून आ रहा था और उसके दाहिने हिस्से में लगातार दर्द हो रहा था। स्थानीय डॉक्टरों द्वारा जांच किए जाने के बाद आगे की जांच और विशेष देखभाल के लिए रीजेंसी हेल्थ के यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट डिपार्टमेंट में भेजा गया।

विधिवत जांच से पता चला कि उनके दाहिनी किडनी में लगभग 7 सेमी का जानलेवा ट्यूमर था। अनियंत्रित डायबिटीज के कारण बीमारी और भी गंभीर हो गई थी। इस बीमारी के इलाज के लिए किसी भी सर्जरी ट्रीटमेंट से पहले सावधानीपूर्वक मैनेजमेंट की आवश्यकता थी। पूरी तरह से योजना बनाने के बाद मेडिकल टीम ने लैप्रोस्कोपिक रेडिकल नेफरेक्टोमी करने का फैसला किया। यह प्रक्रिया ट्यूमर के साथ प्रभावित किडनी को हटाने के लिए एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी है।

**डायबिटीज**

**सर्जरी सफल रही। मरीज़ की हालत में सुधार हुआ, उनकी किडनी सामान्य रूप से काम कर रही है और उनकी डायबिटीज भी नियंत्रित हो गई है।**

सर्जरी सफल रही। मरीज़ की हालत में सुधार हुआ, उनकी किडनी सामान्य रूप से काम कर रही है और उनकी डायबिटीज भी नियंत्रित हो गई है। लेप्रोस्कोपिक दृष्टिकोण के कारण उनकी रिकवरी तेज़ी से हुई, दर्द कम हुआ और अस्पताल में रहने का समय भी कम रहा। मरीज़ जल्दी ही अपनी सामान्य दिनचर्या में वापस आ गए और चूंकि सर्जरी में बहुत कम चीरफाड़ हुई इसलिए शरीर पर उनके बहुत कम निशान भी पड़े।



रीजेंसी हेल्थ में यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. सिद्धार्थ सिंह ने कहा, यह केस किडनी के कैंसर के एडवांस्ड और जटिल मामलों के मैनेजमेंट में न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी की भूमिका को दर्शाती है। मरीज के डायबिटीज को स्थिर करके और लेप्रोस्कोपिक रेडिकल नेफरेक्टोमी की सावधानीपूर्वक योजना बनाकर हमने एक सुरक्षित और प्रभावी परिणाम सुनिश्चित किया। मरीज़ की तेजी से रिकवरी और बेहतर स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सटीक देखभाल प्रदान करने में इस दृष्टिकोण ने काफी बेहतर लाभ दिखाया है।

पिछले कुछ सालों में किडनी कैंसर सर्जरी में काफ़ी प्रगति हुई है। सर्जिकल ट्रीटमेंट को किडनी ट्यूमर के इलाज के लिए गोल्डन स्टैंडर्ड माना जाता है।

बीमारी के आधार पर डॉक्टर सिर्फ़ ट्यूमर (पार्शियल नेफरेक्टोमी) या ट्यूमर के साथ पूरी किडनी (रेडिकल नेफरेक्टोमी) निकाल सकते हैं। दोनों प्रक्रियाएं अब एडवांस्ड मिनिमली इनवेसिव लैप्रोस्कोपिक तकनीकों का उपयोग करके की जा सकती हैं, जिससे मरीजों को तेज़ी से रिकवरी और कम कॉम्प्लिकेशन होता हैं।

यह केस किडनी कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का सामना कर रहे मरीजों के लिए प्रभावी देखभाल प्रदान करने के लिए रीजेंसी हेल्थ के समर्पण को दर्शाता है। हॉस्पिटल के विशेषज्ञों की अनुभवी टीम, एडवांस्ड सर्जिकल तकनीकों के साथ यह सुनिश्चित करती है कि मरीजों को हाइएस्ट स्टैंडर्ड देखभाल मिले और उन्हें सर्वोत्तम हर संभव परिणाम प्राप्त हों।

# कमजोर ढांचागत सुविधाओं के बीच कुम्भ मेले की तैयारी में लगा हुआ है अमेठी डिपो

**अमेठी डिपो की 39 बसें 12 जनवरी से तीन चरणों में करेंगी मेला ड्यूटी**

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** प्रयागराज में कुम्भ मेले को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पूरी तैयारी में लगा हुआ है। अमेठी डिपो सहित अयोध्या रेंज से 210 बसें कुम्भ मेला ड्यूटी में लगाई गई हैं। अमेठी डिपो केएआरएम काशी प्रसाद को अयोध्या क्षेत्र का मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ए आर एम काशी प्रसाद ने डिपो के कार्मिकों और फोरमैन के साथ बैठक कर अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। मकरसंक्रांति का पर्व 14जनवरी को है। मौनी अमावस्या 29जनवरी को और बसंत पंचमी 3फरवरी को है। कुम्भ मेले के दौरान स्नान की इन विशेष तिथियों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोड वेज की नयी बसों को शटल सेवा में लगाया जाएगा। अमेठी डिपो की 35बसों को दो चरणों में मेला ड्यूटी में लगाया गया है। सुल्तानपुर डिपो से 46, अयोध्या डिपो से 65और अकबरपुर डिपो से 64 बसें मेला ड्यूटी में लगाई गई हैं। 13 जनवरी से बसों का आवागमन शुरू होगा। अमेठी डिपो के बेड़े में इस समय 46 बसें हैं। इनमें से 3, बसें अनुबंधित सेवा की है।13 नयी बसों में से चार बसों को मेले के अंदर शटल सेवा में चलाया जाएगा।अन्य बसों को अमेठी से प्रयागराज तक तीन चरणों में चलाया जाएगा। डिपो के कार्यालय स्टाफ से भी रोडवेज कर्मियों की ड्यूटी कुम्भ मेले में लगाई गई है।



### कमजोर है डिपो की ढांचागत सुविधाएं

नवसृजित जनपद का मुख्यालय गौरीगंज है। यहां बस स्टेशन नहीं है। बसें सड़क पर खड़ी होती हैं। मौसम खराब होने पर यात्रियों को बसों के इंतजार में खासी दिक्कत होती है। दो महीने पहले गौरीगंज में बस स्टेशन के लिए जमीन का चिन्हांकन हुआ है, अभी विभाग के नाम अधिग्रहण नहीं हुआ। जायस और बाजार सुकुल में बस स्टेशन की स्थापना के लिए जमीनें रोडवेज को मिल चुकी हैं। भूमि अधिग्रहण के बाद अब इन दोनों स्थानों पर बस स्टेशन के निर्माण के लिए निगम की ओर से बजट आवंटन का इंतजार है। अमेठी बस स्टेशन पर कैंटीन कई महीनों से बंद है। बस स्टेशन पर बनी सभी 18 दुकानों का आवंटन भी नहीं हो पाया है। प्रतीक्षालय में बैठने के लिए पर्याप्त सीटें भी नहीं है।

> कुम्भ मेला की ड्यूटी 12 जनवरी से शुरू होगी। डिपो की सभी पुरानी बसों को ठीक किया जा चुका है। उपलब्ध संसाधनों की सहायता से अमेठी डिपो यात्रियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए निरंतर प्रयास रत है।
>
> **काशी प्रसाद**
> **एआरएम, अमेठी**

**संयुक्त चेकिंग अभियान पर भारी है डग्गामार** -जिले के मुख्य मार्गों पर चलने वाली प्राइवेट बसों और अन्य डग्गामार वाहनों से रोडवेज को प्रतिदिन राजस्व का भारी नुक़सान हो रहा है।

डग्गामार वाहनों के संचालन पर अंकुश के लिए रोडवेज के ए आर एम के साथ अधिकारी संयुक्त चेकिंग अभियान चला रहे हैं। अभियान में खास सफलता नहीं मिल पा रही, बिना परमिट और सुरक्षा मानकों के विपरीत चलने वाले प्राइवेट वाहनों को पकड़ने में अभियान सफल नहीं है। नगर अमेठी में डग्गामार वाहन डिपो की नाक के नीचे से फर्राटा भरते हैं,ए आर टी ओ और ए आर एम कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

# डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जिले में शोक संवेदनाओं का क्रम जारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जिले में शोक संवेदनाओं का क्रम जारी है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस की ओर से शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। भाजपा बसपा सपा और अपना दल के नेताओं के साथ जनसंगठनों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के निधन को राष्ट्रीय क्षति बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। गुरुवार की देर शाम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में दिल्ली स्थित एम्स में निधन हो गया। शनिवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। शोकसभा में सभी कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी का ध्वज भी पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में झुकाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह उन राजनेताओं में से एक थे जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में समान सहजता से काम किया। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के सुधार में अहम भूमिका निभाई और अपनी बेदाग राजनीति और विनम्रता के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उनका निधन हम सभी देश वासियों व कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी क्षति है। कांग्रेस वरिष्ठ नेता राज करन ने कहा भारत ने अपने सबसे सम्मानित नेताओं में से एक डॉ मनमोहन सिंह को खो दिया है।

## लाभार्थियों के हिस्से का 85 कुंतल राशन खा गया कोटेदार



**अमेठी/भादर अवधनामा संवाददाता।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन की दुकानों पर वितरण में धांधली की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं।डी एम के निर्देश पर आपूर्ति विभाग की टीम ने नरवहनपुर में राशन की दुकान की जांच की। जांच में कोटेदार की ओर से नवम्बर महीने में लाभार्थियों के हिस्से का लगभग 85 कुंतल राशन बांटने के बजाय कालाबाजारी की पुष्टि हुई है। आपूर्ति विभाग की ओर से ए आर ओ सीमा पांडेय, सप्लाई इंस्पेक्टर सुषमा सिंह और शुभम् चौधरी की टीम ने राशन की दुकान पर वितरण की जांच की और लाभार्थियों के बयान दर्ज किए। सप्लाई इंस्पेक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि कोटेदार प्रवेश कुमार ने नवम्बर माह में राशन का समुचित वितरण नहीं किया है। जांच में लगभग 85 कुंतल राशन का घोटाला सामने आया है। जांच रिपोर्ट डी एम को भेजी गई है। डीएम का आदेश मिलते ही कोटेदार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## विज्ञान कला और क्राफ्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड क्षेत्र के मई गांव स्थित पीडीएनजी इंटर कालेज में शनिवार को विज्ञान कला और क्राफ्ट की प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आशीष सिंह उप जिलाधिकारी अमेठी विशिष्ट अतिथि डॉ संतोष कुमार यादव खण्ड शिक्षाधिकारी भेंटुआ धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय प्रधानाचार्य श्री हनुमत इंटर कालेज धम्मौर क्षेत्राधिकारी अमेठी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत माडलों की सराहना की। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया। जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक एम आर गुप्ता प्रबंधक अरविंद गुप्ता प्रधानाचार्या रति श्रीवास्तव मीरा यादव अंकिता श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका अभिभावक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## घर में घुसकर विवाहिता की हत्या

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर रोड स्थित आवास विकास कालोनी में अज्ञात बदमाशों ने एक महिला की दिनदहाड़े हत्या कर दी। बदमाशों ने महिला के गले में दुपट्टा कसकर हत्या की और फिर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है घटना उस समय हुई जब महिला का पति आलोक अग्रहरी जो दिहाड़ी मजदूरी करता है घर खाना खाने के लिए वापस आया। घर में पत्नी दिव्या अग्रहरी का शव सिलेंडर के पास पड़ा था और उसके गले में दुपट्टा कसा हुआ था।आलोक ने घटना की जानकारी मिलने पर शोर मचाया और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई और घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। अमेठी एसएचओ बृजेश सिंह और सीओ मनोज मिश्र ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। पुलिस ने घटनास्थल के पास स्थित एक घर के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर जाता हुआ नजर आ रहा है। पति आलोक ने हत्या के मामले में एक पुलिसकर्मी पर आरोप लगाया है।उन्होंने बताया कि तीन महीने पहले उनकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था और उसके बाद डायल 112 पुलिस आई थी। उस समय एक पुलिसकर्मी ने उनकी पत्नी का नंबर लिया था और उसके बाद से वह लगातार उनकी पत्नी से संपर्क में था। आलोक के मुताबिक वह अक्सर उनके घर आता था और उनकी पत्नी से बातचीत करता था। इस बीच घटना के बाद मृतका का मोबाइल भी गायब पाया गया। पति आलोक का कहना है कि हत्या के पीछे कोई खास कारण हो सकता है और हो सकता है कि हत्यारे ने मोबाइल को लूटने के लिए घर में घुसकर यह वारदात की हो।सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसते हुए दिख रहा है।फुटेज के अनुसार वह व्यक्ति लगभग 6 फीट लंबा और सफेद जूते में नजर आ रहा है पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है।

## छत की कुंडी से फांसी लगा विवाहिता ने की खुदकुशी

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मंसूरगंज में एक महिला ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक उषा देवी पत्नी राजू मद्धेशिया 30 वर्षीय ने शनिवार छत के कुंडे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी जानकारी होने पर परिजन आनन फानन में उसको लेकर हॉस्पिटल गए जहां पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला अपने पीछे अपने दो अबोध बच्चियां रिद्धि उम्र लगभग 4 वर्ष और सिद्धी उम्र लगभग 2 वर्ष को छोड़ गई है। महिला का पति राजू काफी दिनों से विदेश में कमाने गया हुआ है। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज धनवीर सिंह व चौकी प्रभारी मंसूरगंज पंकज कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गए।

# निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों से रखे भावनात्मक लगाव: सीडीओ



अवधनामा ब्यूरो

**सीडीओ ने टीबी रोगी को दूसरे माह की सौंपी पोटली**

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत जनपद में टीबी रोगियों को गोद लेकर प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें बीते माह कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की उपस्थिति में जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रथम माह की पोटली दी गई थी। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा भी एक मरीज को गोद लिया था। उनके द्वारा गोद लिए मरीज को शनिवार को दूसरे माह की पोटली दी गई जिसमें गुड़, भुना चना, मूंगफली का दाना, सत्तू, गजक एवं प्रोटीन पाउडर था।

इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीनयुक्त आहार प्रतिमाह दे जब तक उपचार चले। जिससे रोगी दवा के साथ खाकर शीघ्र स्वस्थ हो सके तथा उससे आपका भावनात्मक लगाव भी जुड़ा रहे और उस मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी भी लेते रहे एवं उसे स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई समस्या हो तो टीबी विभाग से सम्पर्क कर दूर कराने का भी प्रयास करे। सीडीओ द्वारा जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेने की अपील भी किया गया। इस दौरान जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र, एसटीएस संदीप मौर्या उपस्थित रहे।

# फाजिलनगर को हराकर गोरखपुर ने जीता उद्घाटन मैच





आसमान में गुब्बारा छोड़कर मथौली कप का उद्घाटन करते विधायक विनय प्रकाश



गोरखपुर के डेविड को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते पूर्व प्रधान बृजेश उपाध्याय

**मथौली क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ**

**गोरखपुर के डेविड को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार**

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित किसान इंटर कालेज के खेल मैदान में शनिवार को मथौली क्रिकेट कप प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने फीता काटकर व आसमान में गुब्बारा छोड़कर किया।

उद्घाटन मैच फाजिलनगर और कुसमी गोरखपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कुसमी गोरखपुर ने गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी फाजिलनगर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 79 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी कार्रवाई में उतरी कुसमी गोरखपुर की टीम ने दो विकेट खोकर मात्र 5 ओवर 4 गेंद में ही मैच जीत लिया। कुसमी के धुंआधार बल्लेबाज डेविड ने 10 बाल पर 31 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का हकदार बने। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहा कि खेल जो भी हो टीम भावना व ईमानदारी के साथ खेलना चाहिए। खेल में हार जीत लगी रहती है। इससे घबराना नहीं चाहिए। आप लोगों के साथ मेरी शुभकामनाएं है ऐसे ही खेलते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि क्रिकेट मैच एक ही सिक्के के दो पहलू है। आज आप जीतेंगे तो कल हारने वाली टीम जीतेगी। मैच का निर्णायक अखिलेश मौर्या व सुनील मद्धेशिया रहे। जबकि कमेंटेटर प्रिंस जायसवाल व प्रिंस मद्धेशिया व स्कोरिंग बिट्टू ने किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, मनीष सिंह, पूर्व प्रधान लोहेपार बृजेश उपाध्याय, सभासद रविंद्र सैनी, रविंद्र गौंड, डॉ इरशाद अहमद, सभासद दिनेश राव, विवेक चौबे, बसंत साहनी, टेम्पु जायसवाल, अमन जायसवाल, मिंटू सिंह, चौकी इंचार्ज विक्रम अजीत राय, एसआई बी.के. सिंह, संदीप जायसवाल, मानवेंद्र सिंह, विनय मद्धेशिया सहित आयोजन समिति के तमाम लोग मौजूद रहे।

# राशन कार्ड की ई-केवाईसी कराने में जिले को आठवां स्थान

## 27 लाख यूनिट में 20 लाख का ही हो पाया ई केवाईसी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रचार-प्रसार के बाद भी ई-केवाईसी कराने में लापरवाही बरतने वाले कार्डधारकों का नाम कार्ड से कट सकता है। 27 लाख यूनिट में अभी तक सिर्फ बीस लाख ही लोग ने ही केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कराई है। अब भी सात लाख लोग बचे हुए हैं। इसमें अधिकांश लोग परदेस में है, लेकिन सॉफ्टवेयर में ऐसा सिस्टम हैं कि वे वहीं से ई-केवाईसी कर सकते हैं। 31 दिसंबर तक इसके लिए अंतिम तिथि शासन की ओर से तय की गई है। कोटेदारों को इसकी प्रतिदिन रिपोर्टिंग करनी पड़ रही है। ई-केवाईसी का लक्ष्य पूरा करने में कुशीनगर जिला प्रदेश में आठवें स्थान पर है। जिले में करीब 27 लाख यूनिट कार्डधारकों की संख्या है। कार्ड में शामिल कई ऐसे लोगों का नाम शामिल हैं जो राशन भी ले रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक है। इसके लिए शासन की ओर से कार्ड में शामिल परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया। कोटेदारों को इसके लिए निर्देश दिए और गांवों में मुनादी भी कराई गई। कस्बे में इसके लिए कैंप भी लगाए गए। राशन लेने वाले एक लाख से अधिक लोग परदेस में काम करते हैं। इसके लिए इनको गांव आना मजबूरी हो गया। शासन ने सॉफ्टवेयर में बदलाव कराया है।

# भाजपा ने किया दलितो का अपमान : विजय रावत





**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आज तीसरे दिन गाँव गाँव चर्चा चौपाल कार्यक्रम बनकटिया दलित बस्ती मे लगाया गया इस दौरान पार्टी की नितीयो और कार्यक्रम को बताया और सासद मे अमित शाह के दिए गए बयान का आडीयो चलाकर दलितो को बताया की किस तरह बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को भाजपा और उसके जनप्रतिनीधी कर रहे है इस दौरान चौपाल चर्चा को सम्बोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा की भाजपा झुठो की पार्टी है और इसको विकास से कुछ लेना देना नही जिस तरह से संसद मे बाबा साहब को अपमानित करने का काम भारतिय जनता पार्टी व उनके जनप्रतिनीधि ने करने का काम किया उसका हिसाब आने वाले विधान सभा चुनाव मे प्रदेश की जनता व दलित समाज के भारतिय जनता पार्टी से लेने का काम करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से सुरेश राजभर अजित प्रसाद विपीन सिह कमलेश कुमार अमित कुमार राकेश कुमार दिपक प्रसाद बिराजूँ प्रसाद विकास पटेल सुशीला देवी अनीता कुमारी कविता कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना त्याग व अनुशासन का मार्ग

अवधनामा संवाददाता



**रूद्रपुर देवरिया।** इण्टरमीडिएट कालेज कन्हौली, देवरिया के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों द्वारा सप्तदिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) का उद्घाटन स्व. रामरहस्य महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ वीरेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण करके किया। सरस्वती वंदना कु. सिद्धि पाण्डेय, कु. खुशी गुप्ता ने प्रस्तुत किया।

लक्ष्य गीत व संकल्प गीत कु. शैली जायसवाल व सुमन गुप्ता ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक परमानन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी सम्राट जायसवाल ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी सर्वेश कुमार दूबे ने बताया इस सप्तदिवसीय विशेष शिविर के दौरान मलिन बस्ती में प्रतिदिन परियोजना कार्य के अन्तर्गत ज्वलंत समस्याओं जैसे-पर्यावरण प्रदूषण को कम करने वाले कारकों, खाद्य मिलावट की पहचान एवं उसकी रोकथाम, सामाजिक विकृतियों के संदर्भ में जन जागरूकता, उपभोक्ताओं का मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम, अनाज भण्डारण एवं रखरखाव की जानकारी, स्वास्थ्य एवं सफाई की जानकारी, बाढ़, भूकम्प, सूखा आदि के समय राहत कार्य की जानकारी दी जाएगी। मुख्य अतिथि प्रोफेसर वीरेंद्र यादव ने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार, युवा मामलों और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे औपचारिक रूप से 24 सितंबर, 1969 को शुरू किया गया। यह ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों और स्कूलों के छात्र युवाओं को अवसर प्रदान करता है। भारत के कॉलेजों और विश्वविद्यालय स्तर पर तकनीकी संस्थान, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न सरकारी नेतृत्व वाली सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए। एक सक्रिय सदस्य होने के नाते इन छात्र स्वयंसेवकों के पास एक कुशल सामाजिक नेता, कुशल प्रशासक और मानव स्वभाव को समझने वाले व्यक्ति होने का प्रदर्शन और अनुभव होगा। विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार पाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मागाँधी के जन्म शताब्दी वर्ष 24 सितम्बर 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना इस आशय के साथ प्रारम्भ की गई कि उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना , स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो। विद्यार्थी अपने अति रिक्त समय एंव अवकाश का सदुपयोग करने हेतू समाज सेवा करें तथा अपनी शिक्षा की पूर्णता हेतु वास्तविक परिस्थितियों से साक्षात्कार भी कर सकें। जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में देवरिया यातायात पुलिस द्वारा चला विशेष चेकिंग अभियान



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद की यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न जगहों पर नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को चेक किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिहं द्वारा शहर के कई स्थानों पर वाहन चालकों को रोक कर नशे की हालत में वाहन चलाने वाले व्यक्तियों को ब्रिथ एनालाइजर की मदद से चेक किया जा रहा है व उनके विरुद्ध एम वी एक्ट में कार्यवाही भी की जा रही है।, उक्त अभियान के तहत शहर में मोडिफाई साइलेंसर वाली वाहनों की चेकिंग एवं सड़क पर स्टंट करने वालों तथा सड़क पर ओवर स्पीडींग करने वाले वाहनों को भी चिन्हित कर उनके विरुद्ध दण्डनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

# जच्चा बच्चा मौत के मामले में अब तक मन्नत हॉस्पिटल पर नहीं हुई कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना सदर कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया-बांसी मार्ग पर बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित हो रहे मन्नत हॉस्पिटल की लापरवाही से बीते दिनों जच्चा-बच्चा की हुई मौत के बाद भी अब तक विभाग द्वारा न तो हॉस्पिटल को सील किया गया और न ही संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जो चर्चा का विषय है।

खिरकिया-बासी मार्ग पर बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित मन्नत हॉस्पिटल द्वारा प्रसव-पीड़ा से जूझ रही सोहरौना गांव की निवासी मुन्ना मंसूरी की पत्नी का आपरेशन किया गया था जहां चिकित्सक की लापरवाही के कारण आपरेशन के बाद दुनिया में आए नवजात शिशु की मौत हो गई। बताया जाता है कि चिकित्सक की लापरवाही के कारण नवजात की हुई मौत को लेकर परिजन आक्रोशित हुए किन्तु संचालक द्वारा इसे कुदरत का खेल बताकर किसी तरह से परिजनो को शान्त करा दिया गया। तीन दिन बाद 18 दिसम्बर की भोर में जब मुन्ना की पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल संचालक ने उसे जिला मुख्यालय रवीन्द्र नगर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां महिला की भी मौत हो गई। हॉस्पिटल की लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की हुई मौत को लेकर आक्रोशित परिजन जिला अस्पताल से शव लेकर मन्नत हॉस्पिटल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार परिजनों का तल्ख तेवर देख मन्नत हॉस्पिटल के संचालक परिजनो से मामले को मैनेज करने के लिए बिचौलियों को लगाकर अस्पताल पर ताला जड़ स्टाफ के साथ फरार हो गया। ऐसी चर्चा है कि हॉस्पिटल पर परिजनो द्वारा घंटो हंगामा किया गया इसके बाद दलालों ने किसी तरह से मामले को मैनेज कर परिजनों को शव के साथ घर भेज दिया। इस दौरान सूचना पाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन अवैध हॉस्पिटल पर कार्रवाई व संचालक पर मुकदमा दर्ज कराने के बजाय भौकाल बनाकर चली आई। सूत्र बताते है कि घटना के बाद संचालक तबरेज, विभाग के जिम्मेदार लोगो से मिलकर मामले को मैनेज कर लिया ताकि जच्चा-बच्चा की हुई मौत के मामले में विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाए। शायद यही वजह है कि घटना के दस दिन बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी न तो संचालक पर मुकदमा दर्ज कराया न ही हॉस्पिटल को सील कराया।





जच्चा बच्चा मौत की सूचना पर पहुंची थी स्वास्थ्य टीम

## देश में वन नेशन वन इलेक्शन के साथ वन एजुकेशन भी लागू होना चाहिए : अरुन राजभर



**देवरिया /पथरदेवा अवधनामा संवाददाता।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुन राजभर ने शनिवार को सोन्हूला ग्राम पंचायत में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी शोषित, वंचित, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यकों के हक़ अधिकार की लड़ाई लड़ रही है, देश में वन नेशन वन इलेक्शन के साथ वन एजुकेशन भी लागू होना चाहिए आज शोषित, वंचित, पिछड़ा, दलित वर्ग सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से जुड़ता जा रहा है, सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभी से आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। पिछड़े वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण में ओबीसी वर्ग में कुछ विशेष समुदाय आरक्षण की सुविधा पर पूरी तरह काबिज हो गए है वही 22.5 प्रतिशत दलितआरक्षण में दलित वर्ग में कुछ विशेष समुदाय आरक्षण की सुविधा पर पूरी तरह काबिज हो गए है जिसकी वजह से इसका लाभ समान रूप से सभी समुदायों को नहीं पहुंच रहा है। आरक्षण की सुविधा लेकर एक ऐसा संपन्न वर्ग विकसित हो गया, जिसने आरक्षण की सभी सुविधाएं अपने तक केन्द्रित कर ली हैं। जो रोटी मिल बांट का खानी थी, उसको उसी वर्ग के कुछ विशेष समुदायों ने अकेले खा लिया, और अन्य समुदाय सामाजिक न्याय से वंचित रह गए।

# पूर्व पीएम के निधन पर कांग्रेसियों ने रखा 2 मिनट का मौन



डॉ. मनमोहन सिंह का जाना देश के लिए अपूर्णीय क्षति : अभिषेक सिंह राणा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। शनिवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अध्यक्षता एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष समेत दर्जनों वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा 2 मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। बता दे की पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह 92 वर्ष की आयु में बृहस्पतिवार की रात 9~51 मिनट पर दुनिया को अलविदा कह गए, जिसकी खबर सुनकर कांग्रेसियों में दुख की लहर दौड़ गयी। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि एक महान नेता, विद्वान और दूरदर्शी को हमारी व कांग्रेस पार्टी की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि, उनकी सादगी उनके विचार और समृद्ध भारत में उनके योगदान हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगें। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है, उनकी विद्वता व सादगी और योग्यता जैसे गुणों को शब्दों में पिरोना असंभव है, स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी ने दशकों तक हमारी अर्थव्यवस्था, देश की प्रगति और विकास की अध्यक्षता की थी, उनकी बुद्धिमता, सहनशीलता, दूरदर्शिता, विनम्रता और समर्पण को देश सदैव याद रखेगा। वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। भारत के आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का अचानक इस दुनिया से जाना देश के लिए बहुत ही दुखद है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी और लंभुआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के आज के समृद्ध भारत मैं दिये गए योगदन को कभी बुलाया नहीं जा सकता जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दूर से गुजर रहा था तब भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि देश की कमान डॉक्टर मनमोहन सिंह के हाथ में थी ऐसी महान शख्सियत का शत-शत नमन है। सभा का संचालन जनार्दन शुक्ल एडवोकेट ने किया। शोक सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एस.सी मिश्र, होशिला प्रसाद भीम,लाल पद्माकर सिंह, शरदार परमजीत सिंह, सुब्रत सिंह सनी, पवन मिश्र कटांवा, रणजीत सिंह सलूजा, सिराज सिद्दीकी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, महबूब माली, कमर खान एडवोकेट, विनोद राना, पवन मिश्र नन्हें, अपरबल सिंह विजय पाल मोहसिन सलीम विभु पांडे नंद लाल मौर्य शीतला साहू आदि लोग श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में शामिल रहे।

## प्रधान व उनके पति पर मुकदमा हुआ दर्ज

**दोस्तपुर,सुल्तानपुर।** भ्रष्टाचार की आरोपी ग्राम प्रधान व उसके पति पर खंड विकास अधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराया है। प्रधान व उसके पति पर समय पर मास्टर रोल नहीं देने,फर्जी साइन बनाने व शासकीय धन के दुरूपयोग का मामला दर्ज कराया गया है। पूरा मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र के ग्राम सभा बहोरापुर का है। ग्राम सभा निवासी बाल मुकुंद सिंह ने 24 अक्टूबर को प्रधान आदि के भ्रष्टाचार की शिकायत ग्राम्य विकास आयुक्त से किया था। एमएल व्यास ने डीसी मनरेगा को जांच कर रिपोर्ट तलब किया था। 7 नवंबर को टीम जांच करने पहुंची और 14 नवम्बर को भेजी अपनी जांच रिपोर्ट में डीसी मनरेगा ने प्रधान,उसके पति व सचिव पर लगे आरोपों को सही बताया था।?उच्च अधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी कादीपुर को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। जिस पर शुक्रवार को बीडीओ शेषनाथ की तहरीर पर दोस्तपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि विवेचना प्रचलित है।

# महर्षि विद्या मंदिर में पांच दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नारायण व पराशर सदन का का रहा दबदब



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर में पंच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। विद्यालय के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य जे एन उपाध्याय ने परंपरागत गुरु पूजा के उपरान्त चारों सदनों के छात्रों के परेड के साथ वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल छात्र-छात्राओं में आपसी सौहार्द और प्रेम को प्रतिस्फूटित करता है, इसी भावना के साथ बच्चों ने अपने क्रीडा कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने-अपने सदनों का नाम रोशन करने के लिए अंतिम क्षण तक सफल प्रयास किया। छोटे बच्चों में म्यूजिकल रेस ,जलेबी रेस, दौड़, सब जूनियर वर्ग में कबड्डी आदि में बच्चों ने अपना कौशल दिखाया।जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर दौड़ आदि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीनियर बालक वर्ग कबड्डी में वशिष्ठ सदन तथा क्रिकेट में वशिष्ठ सदन विजेता रहा तथा दोनों में नारायण सदन उप विजेता रहा। जूनियर बालक वर्ग कबड्डी तथा क्रिकेट दोनों में नारायण सदन विजेता तथा पराशर सदन उपविजेता रहा। सीनियर बालिका वर्ग कबड्डी में व्यास सदन विजेता तथा पराशर सदन उप विजेता रहा इसी के साथ जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में पराशर सदन विजेता तथा नारायण उप विजेता रहा। 100 मीटर की दौड़ में सीनियर बालिका वर्ग में तथा जूनियर वर्ग में कृतिका पाण्डेय पराशर सदन विजेता रही। इसी के साथ दौड़ में सीनियर बालक वर्ग में नारायण सदन के वरुण सिंह तथा जूनियर वर्ग में पाराशर सदन के शिवांश ने बाजी मारी। इस खेल प्रतियोगिता के दौरान दर्शक दीर्घा के छात्र छात्राओं ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन बड़े ही आकर्षक ढंग से किया। शिक्षक शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी दर्शक की भूमिका में उपस्थित रहे।


# शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने के उपरांत ही निस्तारण आख्या पोर्टल पर की जाये अपलोड



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जन-सुनवाई प्रणाली पर लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान 02 दिसंबर से आई.जी.आर.एस. पोर्टल लॉगिन न करने पर खंड शिक्षाधिकारी नगर क्षेत्र का वेतन रोके जाने के निर्देश देते हुये कहा कि समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन आई.जी.आर.एस. पोर्टल को लॉगिन करें। उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि विभिन्न स्तर से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का शासन स्तर से फीडबैक लिए जाने पर बड़ी संख्या में निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है, यह स्थिति किसी भी दशा में ठीक नहीं है, 28 नवम्बर से 28 दिसम्बर तक शासन स्तर से फीडबैक लेने पर जिला पूर्ति अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, उपायुक्त उद्योग, उप संचालक चकबंदी, चकबंदी अधिकारी सदर, करहल, सब रजिस्ट्रार भोगांव, किशनी, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा, मुख्य चिकित्साधीक्षक, प्राचार्य डॉयट, सहायक श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत, खनन निरीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, कुरावली का शत-प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है जबकि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, तहसीलदार करहल का 80 प्रतिशत एवं तहसीलदार किशनी का 75 प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक पाया गया है। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यदि भविष्य में शासन स्तर से असंतुष्ट फीडबैक मिला तो संबंधित अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में न हो, प्राप्त शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने के बाद ही निस्तारण आख्या अपलोड की जाए।

# निगम के हाई वॉल्टेज़ ड्रामे के चलते नहीं मिल रहा है शहर को पानी



2-2 दिन तक पानी न देने में आज भी बे-बसी दिखाता है नगर निगम

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वैसे तो फिरोजाबाद का बिजली-पानी की बदहाली का रिश्ता बहुत पुराना है। लेकिन वर्ष 2012 में जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सत्ता में आयी तो तत्कालीन एवं वर्तमान सांसद अक्षय यादव के माध्यम से जेड़ा झाल परियोजना के अन्तर्गत शहर में व्याप्त पानी की किल्लत को दूर करने की लिए जेड़ाझाल से पानी लाया गया। जेड़ाझाल से पानी भी आ गया। वहीं राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत स्काटा योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में पानी आपूर्ति की व्यवस्था को 1 करने तथा नज़र बनाए रखने के लिए एक मॉनिटीरिंग एवं कन्ट्रोल सिस्टमस फॉर ट्यूबवैलस की स्थापना की बात बीते कुछ महीने पूर्व ही की गयी थी। जिसका उद्देश्य था शहर के नलकूपों के लिए एकीकरण सिस्टम संचालित करना। जिसका आज तक दूर-दूर तक कोई पता नहीं चला और आज भी शहर बूंद-बूंद के लिए पानी को तरसता दिखायी देता है। बीते 2 दिनों से भी निगम के नलों ने पानी की आपूर्ति नहीं की है। बताते चलें शहर कि नेता व अधिकारीगण आए दिन तथाकथित फिरोजाबाद स्मार्ट सिटी को लेकर न सिर्फ प्रदेशस्तरीय मंत्रियों के समक्ष लम्बे-लम्बे भाषण तथा बड़े-बड़े बैनर लगाकर स्वयं गुणगान करते दिखायी देते हैं, बल्कि बड़े-बड़े आयोजनों के बीच नाना प्रकार की योजनाओं का बखान करते दिखायी देते हैं। जबकि शहर की जमीनी हकीकत यह है कि करोड़ों का टैक्स वसूलने वाला निगम फिरोजाबाद अपने क्षेत्र को पानी तक मुहैया कराने में पूरी तरह से विफल दिखायी दे रहा है। कभी हाई वॉल्टेज बिजली होने तो कभी टंकी खाली होने तथा आए दिन बिजली न होने का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है और जनता पानी की दो-दो बूंद के लिए तरस्ती दिखायी देती है। जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्दऊ मोदी के सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत स्मार्ट सिटी में 24 घण्टे पानी और बिजली की आर्पूर्ति देने का नियम है। जिसमें स्पश्ट लिखा है कि प्रति व्यक्ति को 135 लीठर पानी मुहैया कराया जाए, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि नगर निगम के अधिकारियों को प्रधानमंत्री की ड्रीम योजना का ख्याल तो छोड़िए, मानवीय दृष्टि से आमजन को पानी पहुंचाने का भी ख्याल नहीं आता। शहर में बीते 3 दिनों से नगर निगम द्वारा पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बाधित बनी हुयी है। पहले तो सम्बन्धित कर्मचारी एवं अधिकारी पानी आपूर्ति के सम्बन्ध में फोन तक उठाना पसन्द नहीं करते अगर उठा भी लें तो कोई न कोई बहाना बताते हुए फोन रख देते हैं, लेकिन पानी आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं करते। निगम आए दिन तमाम तरह की योजनाओं के सम्बन्ध में गुणगान करते हुए नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने की बात करते तो करते नज़र आते हैं लेकिन शहर में व्याप्त पानी की समस्या का पूर्ण समाधान करते नज़र नहीं आते।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी अनिल चतुर्वेदी का आकस्मिक निधन



**सुलतानपुर।** नगर के बढैयावीर निवासी समाजसेवी प्रतिष्ठित प्रॉपर्टी डीलर ने कैंसर की बीमारी से संघर्ष करते हुए जेपी हॉस्पिटल टाटियानगर में अंतिम सांस ली।उनके निधन से समाज की प्रबुद्ध वर्ग, व्यवसाई,वकील,डॉक्टर व सामान्य सभी नागरिक बेहद दुखी हुए।शनिवार अपराह्न उनके पुत्र से आयुष चतुर्वेदी ने हथिया नाला श्मशान घाट सुल्तानपुर में मुखअग्नि दी। इस अवसर पर राजेश पांडे ने कहा मित्रों की लंबी सूची को एकजुट करते हुए सभी के सुख दुख में शामिल रहने वाले बड़े भाई को हम सब ने खो दिया।अयोध्या के गुरु आनंद जी ने धार्मिक कर्मकांडों के साथ शव यात्रा क्रिया संपन्न कराई। इस अवसर पर डॉ ए के सिंह, डॉक्टर डी एस मिश्रा, डॉक्टर गोयल, एडवोकेट जितेंद्र मिश्रा, डॉ राजेश पांडे, रविंद्र श्रीवास्तव, भानु श्रीवास्तव,प्रखर सेठ, विनोद पांडे ,मनोज गोयल, आशीष सिंह रानू, गनपत सोनकर सहित सैकड़ो साथी उनके अंतिम क्रिया के समय मौजूद रहे। सभी ने ईश्वर से उनको अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

### कुम्भ मेला ड्यूटी नहीं जायेंगे डायल 112 के होमगार्ड

**सुलतानपुर।** आकस्मिक समय पर सबसे पहले पहुंच स्थिति को संभालने वाले डायल 112 के होमगार्ड को कुम्भ मेला ड्यूटी से दूर रखा जाएगा।एसपी के आदेश पर ड्यूटी के लिए तैयार की गई डायल 112 कर्मियों की लिस्ट को निरस्त कर दिया गया है। ज्ञात हो की 140 के आसपास होमगार्ड डायल 112 में सेवा अधिकांश बतौर गार्ड चालक डायल के रूप में काम कर रहे हैं। प्रयागराज मेले में करीब 163 होमगार्ड जिले से भेजे जा रहे हैं। इसमें करीब 60 होमगार्ड को 112 से ही लिया गया था। ऐसे में 40 प्रतिशत होमगार्ड की ड्यूटी मेला में लगाए जाने से सेवा प्रभावित होने की सम्भावना बन गई थी। एसपी ने डायल 112 में लगे होमगार्डो को अपनी जगह न छोड़ने का आदेश दिया है।

### बाइक बेचने के नाम पर ठगी, शिकायत के बाद भी धम्मौर पुलिस नहीं कस पा रही ठग पर शिकंजा

**धम्मौर, सुल्तानपुर।** बाइक बेचने के नाम पर एक ठग ने एक युवक से 15 हजार रुपए की ठगी कर ली। बंधुआ कला पुरानी संगत निवासी संदीप मौर्य को गौहानी थाना धम्मौर निवासी श्याम शर्मा उर्फ राज ने 13 दिसम्बर को कहा की वह अपनी स्पेलेंडर बाइक बेचना चाह रहा है। 40 हजार रुपए में सौदा तय हो गया।

एडवांस के रूप में राज ने संदीप से 15 हजार रुपए ले लिये। अगले दिन जब एआरटीओ कार्यालय में बाइक ट्रांसफर करने की बात हुई तो श्याम ने फोन बंद कर लिया।अब संदीप अपना पैसा मांगता है तो राज व उसका साथी राहुल धमकी देता है। पीड़ित ने इसकी शिकायत धम्मौर पुलिस से की। बावजूद इसके अभी तक आरोपी को बुलाकर पुलिस उससे पैसे नहीं दिला सकी। जबकी पुलिस ने आरोपी से कई बार इस संबंध में बात भी की। पीड़ित ने बताया की वह जल्द ही इसकी शिकायत पुलिस कप्तान साहब से करेगा।

# थाना दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनी शिकायतें

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं को त्वरित निस्तारण कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना शिकोहाबाद में जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आए हुये फरियादियों को एक-एक कर सुना और मौके पर ही पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर गुणवत्ता के साथ शिकायतों को निस्तारित कराया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए राजस्व व पुलिस के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की जिसमें भूमि कब्जा सम्बन्धित व विद्युत के मामलें सामने आए। इसके लिए उन्होने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्रकरण को निस्तारित करें। थाना समाधान दिवस के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए किए थाने परिसर की साफ सफाई अच्छे से रखी जाए। उन्होने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाने पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लें और उनका त्वरित समाधान करें। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि थाना क्षेत्र से आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार करें। थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय स्तर पर ही निस्तारित करें, ताकि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय तक ना आना पड़े।

# अंतिम अरदास में उमड़े सिख समाज के लोग

गुरुगोविंद सिंह एवं साहिबजादों की याद में लगाए नारे



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** सिख समाज के गुरु गोविंद सिहं और उनके चार पुत्रों के बलिदान की याद में विगत एक सप्ताह से बलिदान दिवस का आयोजन किया जा रहा था। इसमें साहिबजादों की याद में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे थे, और प्रसाद वितरण हो रहा था। शनिवार को अंतिम दिन कटरा बाजार स्थित गुरुद्वारे से अंतिम अरदास निकाली गई। जिसमें समाजे के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंतिम अरदास का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कटरा बाजार स्थित गुरुद्वारा में विगत सप्ताह से बिलदान दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे थे। विगत सात दिनों से शनि भक्तों द्वारा कटरा बाजार स्थित पावनी ब्रेकर्स पर प्रसाद वितरण किया जा रहा था। शनिवार को सप्ताह के आखिरी दिन अंतिम अरदास (जुलूस) निकाला गया। जिसमें समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। युवा हाथ में सिख धर्म की पताका लेकर चल रहे थे। सोनी गंभीर ने बताया कि यह कार्यक्रम गुरुगोविंद सिंह के उन सहजादों की याद में किया गया, जिन्हें जिंदा नींव में चिनवा दिया गया था।जिनमें बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह थे। वहीं बाबा अजीत सिंह चमकोर की लड़ाई में शहीद हुए थे। उन्होंने बताया कि गुरुगोविंद सिख धर्म के दसवें गुरु थे। उनसे पहले गुरु नानक देव, अंगद देव, अमरदास, रामदास, अरजन देव, हरगोविंद, हरिराय, हरिकृष्ण, तेगबहादुर हुए। कार्यक्रम कटरा बाजार स्थित गुरुद्वारा से प्रारंभ हुई और बड़ा बाजार स्थित गुरुद्वारे पर समाप्त हुआ। इस दौरान जुलूस का कई जगह स्वागत किया गया। सर्वप्रथम शनी भक्तों द्वारा कटरा बाजार में पावनी ब्रेकर्स पर, पक्का तालाब पर विशंभर दयाल एंड संस, आबकारी कार्यालय के समीप सतमल सिंह और नगर पालिका पर चेयरमैन रानी गुप्ता, ईओ सुरेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक हृदयराम यादव, नानक चंद्र कश्यप, दिनेश यादव सफाई निरीक्षक, ने स्वागत किया। इस अवसर पर सरदार महेंद्र सिंह, सरदार त्रिलोचन सिंह, सरदार अमर जीत सिंह, सोनी गंभीर, मोन्टी मल्होत्रा, प्रिंस मलहोत्रा, नरेंद्र सिंह मल्होत्रा, संजीव सलूजा, हैप्पी फंड्डा, सुरेंद्र सिंह मल्होत्रा, रविंद्र सिंह सोनू,रेसू लक्खा, काके भाई प्रधान, हरजीत सिंह धीरे, पूजा गंभीर, जूली मलहोत्रा, जसमीत मलहोत्रा, सोनिया मलहोत्रा, काजल गंभीर, पूजा चावला, सगुन कौर, मंजौत कौर, रुचि मलहोत्रा और मंजोत मलहोत्रा आदि उपस्थित रहीं।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के दौरान 05 सफल पुरूष नसबन्दी कराने वाले लाभार्थियों को अंगवस्त्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के शत-प्रतिशत बुजुर्गों के कार्ड बनवाये जाएं। गोल्डेन कार्ड की अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए प्रगति में सुधार लाने का निर्देश देते हुए सबसे खराब प्रगति वाले ब्लाक के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

नियमित टीकाकरण की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चों की संख्या का प्रतिशत राज्य स्तर के 83 प्रतिशत के सापेक्ष 81 प्रतिशत है। डीएम ने निर्देश दिया कि नियमित रूप से समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत बच्चों को पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित करना सुनिश्ति किया जाय साथ ही टीकाकरण सत्रों पर समस्त आवश्यक लाजिस्टिक की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाय। क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अर्न्तगत निर्देश दिया गया कि हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर तैनात सीएसओ के माध्यम से संभावित टी.बी. लक्षणों वाले मरीज़ों सैम्पल कलेक्ट कर सी.एच.सी. पर जांच कराएं व आशा, आंगनबाड़ी, ए.एन.एम., आदि के माध्यम से टी.बी. के लक्ष्णों के प्रति लोगों को जागयक करते हुए अधिक से अधिक लोगों की जांच कराई जाय जिससे 2025 तक टी.बी. को समाज से उन्मूलित किया जा सके।

डीएम ने वित्तीय समीक्षा में कम व्यय होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला लेखा प्रबन्धक को नोटिस जारी करने का निर्देश देते हुए वित्तीय व्यय का अनुपालन करते हुए समय से व्यय कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को निर्देशित किया। अंधता निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों, वृद्धों की आंखो की स्क्रीनिंग कर चश्मा वितरण करने व मोतियाबिन्द के मरीजों का चिन्हांकन कर आपरेशन कराने का निर्देश दिया गया।

परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति सूची अच्छी पाये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए नियमित रूप से समीक्षा करने व समस्त सुविधाओं को लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। परिवार नियोजन के लाभार्थियों व सेवा प्रदाताओं हेतु नियत धनराशि के क्रम में व्यय पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह में शत प्रतिशत भुगतान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर सीएमओ डा संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, सम्बन्धित एमओआईसी, सीएचओ, चिकित्साधिकारी, बीएएम व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# नामित किये गये राजपत्रित अधिकारी व पर्यवेक्षणीय अधिकारी

थाना समाधान दिवस

आगामी माह जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 के लिए रोस्टर निर्धारित

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक थानों पर आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों को प्रभावी, सार्थक एवं जनोपयोगी बनाये जाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के संयुक्त हस्ताक्षर से थानावार राजपत्रित अधिकारी नामित किये गये है। माह जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों में राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल व नगर निकाय के क्षेत्रान्तर्गत थानों में सम्बन्धित निकाय के अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान पंचायती तरीके से कराना सुनिश्चित करेंगे। कोतवाली देहात के लिए चकबन्दी अधिकारी सदर, थाना दरगाह शरीफ के लिए तहसीलदार न्यायिक सदर व रानीपुर के लिए नायब तहसीलदार सदर व रिसिया के लिए बीडीओ रिसिया को राजपत्रित अधिकारी तथा नगर मजिस्ट्रेट को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है। तहसील पयागपुर अन्तर्गत थाना पयागपुर के लिए तहसीलदार पयागपुर, हुजूरपुर के लिए बीडीओ हुजूरपुर को राजपत्रित अधिकारी तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बहराइच को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है।


## विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दर्शाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी:-

03255/03256 पटना जं. - आनन्द विहार (ट) - पटना जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 03255 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 03255 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 03256 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 03256 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:20 | पटना जं. | 18:35 | ---- |
| 18:35 | ---- | आनन्द विहार (ट.) | ---- | 23:30 |

**चलने के दिन: 03255 पटना जं.** (रवि, गुरु) से दिनांक 02.01.2025 से अगली सलाह तक (दिनांक 12.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025) एवं 13.02.2025 को छोड़कर एवं **03256 आनन्द विहार (ट.)** (सोम, शुक्र) से दिनांक 03.01.2025 से अगली सलाह तक (दिनांक 13.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025 एवं 14.02.2025) को छोड़कर।
**ठहराव:** दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2-टीयर वाता., 3-टीयर वाता., 3-टीयर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

07075/07076 हैदराबाद जं. - गोरखपुर जं. - हैदराबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 07075 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 07075 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 07076 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 07076 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | हैदराबाद जं. | 17:25 | ---- |
| 01:08 | 01:10 | लखनऊ शहर | 13:07 | 13:12 |
| 06:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 08:30 |

**चलने के दिन: 07075 हैदराबाद जं.** से दिनांक 03.01.2025 से अगली सलाह तक एवं **07076 गोरखपुर जं.** से दिनांक 05.01.2025 से अगली सलाह तक।
**ठहराव:** सिकंदराबाद, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, बैतूल, जुझारपुर, इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, पोखरायां, कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, लखनऊ शहर, गोमती नगर, बाराबंकी जं. एवं गोंडा जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2-टीयर वाता., 3-टीयर वाता. शयनयान एवं सामान्य।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाईट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा – हमारा ध्येय — www.nr.indianrailways.gov.in

3963/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुंडेरा किसवाही मार्ग में बन रहे रपटे को निजी भूमि में बताकर कार्य रोका

**राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके में पहुंची**

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** मुंडेरा किसवाही मार्ग पर चंद्रावल नदी में रपटा का निर्माण शुरू होते ही गांव के एक किसान ने पुश्तैनी जमीन पर निर्माण करने का आरोप लगाकर कार्य ठप करा दिया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की सूचना पर राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर नापजोख करने में जुट गई है।

दो वर्ष पूर्व घने कोहरे के चलते गर्भवती को अस्पताल लेकर आ रही एंबुलेंस के चंद्रावल नदी में फंस जाने के बाद सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति की पहल पर पीडब्ल्यूडी ने मुंडेरा- किसवाही मार्ग के मध्य पड़ने वाली चंद्रावल नदी में रपटा के लिए प्रपोजल तैयार करके शासन को भेजा था। शासन की स्वीकृत पर पिछले दिनों सदर विधायक ने निर्माण इकाई ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के साथ भूमि पूजन करके निर्माण को हरी झंडी दी थी। शनिवार को किसवाही निवासी छत्रपाल यादव ने निर्माण की जगह को पुश्तैनी जमीन बताकर कार्य ठप करा दिया। इसकी सूचना ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता ने तहसीलदार मौदहा के साथ थानाध्यक्ष सिसोलर को दी। सूचना पाकर लेखपाल प्रदीप राठौर कानूनगो साथ लेकर गांव पहुंचे और शिकायतकर्ता से वार्ता करके नापजोख शुरू की है। इस मौके पर सिसोलर थाने के एसआई जयकुमार सिंह व रामलाल यादव, महिला आरक्षी आकांक्षा देवी के अलावा प्रधान अशोक सिंह, पूर्व प्रधान गजेंद्र सिंह, रामदेव पांडे लल्लू यादव,कृष्णदेव पांडेय,चुन्नू पाल, मलखान सिंह, बृजेंद्र सिंह, रामनरेश पाल, लल्लू गौतम, रामबाबू गौतम, कमलेश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। अवर अभियंता प्रदीप रस्तोगी ने बताया कि ग्रामीणों की सहमति पर कार्य शुरू कराया गया था।लेकिन एक किसान ने अपनी निजी भूमि होने का दावा किया है।इसकी नापजोख कराई जा रही है।ग्रामीणों ने कहा हैं कि अगर किसान की जमीन निकलती है तो ग्रामीण आपस में चंदा करके उसके नुकसान की भरपाई कर देंगे।

# समाधान पर दिवस डीएम ने निरीक्षण कर जनसुनवाई की

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** थाना /समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने संयुक्त रूप से कुरारा थाना का निरीक्षण कर जनसुनवाई की। इस मौके पर प्राप्त जन शिकायतों / समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शिकायत रजिस्टर का अवलोकन कर गत समाधान दिवस के शिकायतो के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया।उन्होंने कहा कि किसी एक प्रकरण की बार बार शिकायत नही मिलनी चाहिए इसलिए पहली बार में ही उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाय ताकि किसी को बार बार परेशान न होना पड़े। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाने के विभिन्न रजिस्टरो का अवलोकन कर उसके संबंध में थाना प्रभारी तथा अन्य संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का 01 सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण कर दिया जाए ,इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीनी विवाद के प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर उसका निस्तारण करे। पैमाइश एवं कब्जा दिलाने संबंधी शिकायतो का उसी दिन मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाय। कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी दशा में पेंडेंसी न रखी जाए। कहा कि गंभीर प्रकरणों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की जाय। इस मौके पर सीओ सदर, थाना प्रभारी कुरारा तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने भोपाल में लगाई प्रदर्शनी

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी विंध्याचल नें विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित भोपाल विज्ञान मेला 2024 में भाग लिया। यह महोत्सव दिनांक 27.12.2024 से 30.12.2024 तक जंबूरी मैदान, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विज्ञान और नवाचार को जन-जन तक पहुंचाना है। इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम शोध, प्रौद्योगिकी और विकास के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।। इस महोत्सव में एनटीपीसी विंध्याचल के साथ-साथ खरगोन परियोजना नें भी सयुंक्त रूप से भाग लिया। यह महोत्सव भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का ग्यारहवाँ संस्करण है। एनटीपीसी पवेलियन इस मेले का मुख्य आकर्षण बना हुआ है। यहां पर प्रदर्शित कई नवाचारी प्रौद्योगिकियां और कार्यशील मॉडल दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। पवेलियन में एनटीपीसी की पर्यावरणीय सततता, ऊर्जा उत्पादन, और सामुदायिक विकास के प्रयासों को प्रदर्शित करने वाले कई महत्वपूर्ण एलईडी डिस्प्ले और प्रदर्शनी लगाई गई हैं। इनमें खास तौर पर 10 टीपीडी कार्बन-टू-मेथेनॉल प्लांट का कार्यशील मॉडल शामिल है, जो पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# किसानों का फार्मर रजिस्ट्री 31 दिसम्बर तक कराया जाये पूर्ण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिह ने अगवत कराया है कि जिले के समस्त किसानों का फार्मर रजिस्ट्री 31 दिसम्बर,2024 तक शत-प्रतिशत किया जाना है। इससे किसानों को निम्नलिखित लाभ होगें। पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत आगामी 31 दिसम्बर,2024 के बाद किस्त प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। बिना फार्मर रजिस्ट्री के अगली किस्त नही प्राप्त होगी। किसानों को फसली ऋण हेतु किसान क्रेडिट कार्ड एग्रीकल्चर इंन्फ्रास्टक्चर फण्ड एवं कृषि के विकास हेतु अन्य ऋण प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक होगा। फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी इसके साथ ही आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत कृषकों को क्षति पूर्ति हेतु कृषकों का चिन्हांकन करने में सुगमता होगी। फार्मर रजिस्ट्री कराने से किसान भाईयों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा कृषि एव सम्बद्ध विभागों को फार्मर रजिस्ट्री पर उपलब्ध ऑकडों के आधार पर योजनाओं का लाभ वितरण करने में सुगमता होगी। लाभार्थी कृषक भाईयो का बार-बार सत्यापन कराना आवश्यक नहीं होगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील कि है कि अपने ग्राम पंचायत के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री हेतु कृषकों के आधार कार्ड, मोबाइल जिस पर ओटीपी आयेगा एवं खतौनी की छायाप्रति के साथ अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र (सी0एस0सी0)/ग्राम स्तर पर लगे कैम्प/सेल्फ मोड में रजिस्ट्रेशन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करते हुए शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करेगें।

# कंबल वितरण समाज सकारात्मक बदलाव का प्रतीक



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** कंबल वितरण केवल ठंड से राहत देने का ही कार्य नहीं करता, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बनता है। यह एक सशक्त संदेश देता है कि समाज के संपन्न वर्ग को जरूरतमंदों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। इससे समाज में समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। जब लोग एक-दूसरे की मदद करते हैं, तो यह एक समृद्ध और मजबूत समाज की नींव रखता है। उक्त बाते ऊर्जांचल प्रेस क्लब के प्रमुख आर पी सिंह ने कम्बल वितरण के अवसर पर कही तथा उन्होंने कहा कि ऊर्जांचल में अपनी सेवा से पहचान कायम करने वाले ऊर्जांचल प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा जरूरतमंदों की मदद के लिए कंबल वितरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत गरीब परिवारों और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों के घर-घर जाकर मदद सही लोगों तक पहुंचे।इस पहल से गरीब और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए राहत मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने इस प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की। कंबल वितरण कार्यक्रम के आयोजन के उपलच्य में सहभोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे में मुख्य रूप से बीजेपी के वरिष्ठ नेता शेषनाथ सिंह, राष्ट्रीय स्तर ख्याति प्राप्त कवि कमलेश राजहंस, अवधूत भगवान राम पी जी कॉलेज अनपरा के प्राचार्य डॉ अजय विक्रम सिंह, समाजसेवी विजय तिवारी, दिग्विजय, राहुल, कवि कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन व संचालन अजय कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया।

## कन्टेनर की टक्कर से एक की मौत,दूसरा गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** नेशनल हाईवे 34 में कुंडौरा के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की सदर अस्पताल में मौत हो गई। दूसरे युवक को कानपुर रेफर किया गया। शनिवार को दोपहर में ललपुरा थानाक्षेत्र के पौथिया गांव निवासी अशोक कुमार (24) पुत्र रामबहादुर एवं धर्मेंद्र कुमार (22) पुत्र देवी प्रसाद बाइक से कस्बे से लौटकर पौथिया जा रहे थे। कुंडौरा गांव के सभी हाईवे में तेज रफ्तार कंटेनर संख्या एच आर 55 ए 3430 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर 112 की टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में धर्मेंद्र कुमार की मौत हो गई। अशोक कुमार को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद चालक कंटेनर छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी में खड़ा कराया है।

# सर्वाइकल कैंसर जागरूकता: डीपीएस की छात्राओं को किया गया जागरूक

**सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन महिलाओं का सुरक्षा कवच: डॉ. कल्पना**

अवधनामा ब्यूरो



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के स्त्री रोग व प्रसूति विभाग के तत्वाधान कुलपति प्रो डॉ पीके जैन के निर्देशन में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल में किया गया। स्कूल की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई स्त्री रोग एंव प्रसूति विभाग की विभागध्यक्ष डॉ कल्पना ने छात्राओं को बताया कि ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी)नामक वायरस के कारण सर्वाइकल कैंसर होता है इसलिए सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन महिलाओं का सुरक्षा कवच है। उन्होंने बताया कि 9 से 14 साल की उम्र के बच्चों को 6 महीने के अंतराल पर दो वैक्सीन लगाई जाती है व 15 साल या उससे ज़्यादा उम्र के लोगों को छःमहीने के अंदर तीन वैक्सीन लगाई जाती है अगर आपकी उम्र 27 से 45 साल के बीच है और आप वैक्सीन लगवाना चाहते हैं तो डॉक्टर से सलाह ले सकते है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सोनिया ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों के बारे में बताया मासिक धर्म का असामान्य व अधिक रक्तस्राव होना और एक बड़े अवधि तक रहना, अक्सर दुर्गंध युक्त रक्तयुक्त स्राव, पेल्विक दर्द या असहजता। उन्होंने कहा कि इसलिए इस तरह के लक्षण जब भी देखें तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें व सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग अवश्य करवाएं। डॉ नूपुर मित्तल ने बताया कि सर्वाइकल स्क्रीनिंग सर्वाइकल कैंसर को बचाव का एक तरीका स्क्रीनिंग है जिसमें ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) नामक वायरस की जांच होती है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सर्वाइकल स्क्रीनिंग हर 3 साल में एक बार अवश्य करनी चाहिए हमारे संस्थान की ओपीडी कमरा नंबर 10 में आकर कोई भी महिला सर्वाइकल स्क्रीनिंग करवा सकती है। दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य भावना सिंह ने कहा की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन के संदर्भ में आज बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां हमें डॉक्टर्स से प्राप्त हुई इसलिए में सभी का आभार व्यक्त करती हूं। क्लास 7 की छात्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए वैक्सीन के बारे में जो जानकारी मिली वह हम सभी स्टूडेंट के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी रही। क्लास 8 की सिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम से मिली जानकारी से मैंने सीखा किसी तरह से कोई भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें व सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग जरूर करवाएं। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# संक्षिप्त समाचार

## समाजवादी पार्टी के नेताओ ने किया कंबल वितरण,गरीबों के चेहरे खिले



**हमीरपुर।** सरीला क्षेत्र के दांदौ गांव में समाजवादी पार्टी की राठ विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रही राजपूत चंद्रवति वर्मा और लगभग दर्जन भर समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किया गया कंबल पाकर लोगो के चेहरे खुश नजर आए। ठंड की शुरुआत होते ही निराश्रित लोगों को ठंड से बचाने की जिम्मेदारी भले ही शासन और प्रशासन की हो लेकिन इसमें समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी निराश्रित लोगों के लिए अपने-अपने स्तर से सहायता करते हुए देखे जा रहे हैं राठ विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रत्याशी रही राजपूत चंद्रवती वर्मा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष इदरीश खान, महासचिव सुरेंद्र राजपूत ग्राम प्रधान खेड़ा राम सिंह,दिलीप राजपूत, महिला मोर्चा समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष नीलम यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामसहोदर राजपूत, राठ विधानसभा प्रभारी गोकुल राजपूत सहित तमाम समाजवादी कार्यकर्ताओं ने ग्राम दांदौ पहुंचकर निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किया गया कंबल पाकर दर्जनों लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकी

## नौवें दिन भी अपनी मांगों को लेकर अनशन पर डटे रहे अधिवक्ता



**मौदहा हमीरपुर।** तहसील मौदहा में अधिवक्ताओं ने एक सप्ताह पूर्व तहसील परिसर पर क्रमिक अनशन शुरू कर अपनी नौ सूत्रीय मांगे रख उनके निदान की मांग रखी थी लेकिन उनकी मांगे पूरी होना तो दूर कोई अधिकारी अनशन स्थल तक उनकी समस्या पूछने नहीं पहुंचा जिससे अनशनकारी अधिवक्ताओं में अच्छा खासा आक्रोश पनप रहा है। अवगत हो कि स्थानीय बार संघ ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को धता बताते हुए मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाते हुए पिछले शुक्रवार से तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर अपनी नवसूत्रीय मांगे रख उनके निस्तारण की मांग की थी पिछले नौं दिनों से अधिवक्ता गण क्रमबद्ध क्रमिक अनशन पर बैठ आंदोलन कर रहे हैं। अनशन के 9 दिन बीत जाने के बावजूद कोई जिम्मेदारी अधिकारी अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुनने नहीं पहुंचा जिससे अधिवक्ताओं में अच्छा खासा आक्रोश पनप रहा है। शुक्रवार को भी अधिवक्ता अनशन स्थल पर डटे रहे।

## 30 दिसंबर को इटावा सफारी पार्क पर्यटकों के लिए खुला रहेगा



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** इटावा सफारी पार्क में भ्रमण करने के लिए आने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय मौसम का बड़ा घनिष्ठ संबंध है। क्रिसमस, नवबर्ष एवं शीत कालीन छुट्टियों के दृष्टिगत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं पर्यटक सफारी पार्क भ्रमण के लिए आ रहे है।क्रिसमस के दिन लगभग दो हजार पर्यटकों ने इटावा सफारी पार्क में हल्की धूप-छांव के बीच वन्यजीवों का दीदार किया।पर्यटकों के उत्साह एवं विद्यालयों की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए आने वाले नव वर्ष के अवसर पर दिनांक 30-12-2024 दिन सोमवार को सफारी पार्क की साप्ताहिक बंदी होने के बावजूद भी इटावा सफारी पार्क पर्यटकों के भ्रमण के लिए खुला रहेगा।उक्त जानकारी डा.अनिल कुमार पटेल निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी।

## मिस एवं मिसेज फ्रेशर प्रतियोगिता का आयोजन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** नुमाइश पंडाल में मिस्टर एंड मिस का आयोजन हुआ, जिसमें तुफैल राईन ने टॉप फाइव में जीत कर वाह वाही लूटी। जीत के बाद तुफैल ने अपने अन्दाज से लोगों को खूब प्रसन्न किया। उनकी ड्रेस को देखकर पंडाल में मौजूद लोग प्रसन्न हुए।

## जुआ खेलते आधा दर्जन गिरफ्तार

**भरुआ सुमेरपुर।** पुलिस ने कस्बे की नई बस्ती में छापा मारकर आधा दर्जन लोगों को जुंआ खेलते गिरफ्तार करके 14240 की नगदी बरामद की है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कस्बे के चांद थोक निवासी नितिन चिकवा, भूपेंद्र सिंह, भरत कुमार बिदोखर, राहुल तिवारी, प्रकाश शिवहरे, अशोक प्रजापति को नई बस्ती में जुंआ खेलते हुए पकड़कर 14240 रुपये की नगदी बरामद की गई है। बाद में सभी को निजी मुचलके पर थाने से रिहा कर दिया गया।

## नायब तहसीलदार पर डीएम ने की कार्यवाही

**हमीरपुर।** सोशल मीडिया पर दिनांक-28.12.2024 को प्रकाशित सरकारी गाड़ी में तेल डालने÷ से संबंधित न्यूज का जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने तत्काल प्रभाव से संज्ञान लिया है। उक्त प्रकरण में जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार राठ वीरपाल सिंह पर कार्रवाई की गई है। नायब तहसीलदार राठ वीरपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से राठ तहसील से हटाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय संबंध कर दिया गया तथा उक्त प्रकरण की जिलाधिकारी ने एसडीएम सरीला को जांच सौंपी है।

# हिण्डालको द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त पशुपालक करेंगे अजोला की खेती

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांव में अजोला की खेती को बढ़ावा देने हेतु हिण्डाल्को रेणुकुट के क्लस्टर हेड समीर नायक के मार्गदर्शन एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख अनिल झा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदित्य बिड़ला रुरल टेक्नोलॉजी पार्क म्योरपुर में आयोजित कायक्रम में सर्वप्रथम अंकित द्विवेदी द्वारा उपस्थित सभी किसानों एवं पशुपालकों को अजोला एवं उसके गुणों के बारे में अवगत कराते हुए अजोला की खेती हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गौरतलब है कि अजोला पानी में उगने वाला एक प्रकार का पादप है जो पशुओं हेतु चारे के रूप में उपयोग किया जाता है। दुधारू पशुओं द्वारा अजोला के सेवन से दुध उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि होती है एवं साथ ही उनके स्वास्थ्य पर अनुकुल प्रभाव पड़ता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी विभाग से डॉ. विवेक मिश्रा, संजय मिश्रा, कुमुद यादव, हीराकुड एफ.आर.पी. सस्टेनेबिलिटी विभाग से आलोक कुमार दास, एवं आदर्श पाल सिंह द्वारा अजोला की खेती हेतु सभी पशुपालकों को अजोला बेड का वितरण किया गया। किसानो को सम्बोधित करते हुए डॉ. विवेक मिश्रा ने कहा कि किसान देश व समाजिक उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ग्रामीण विकास विभाग रेणुकूट किसानों के विकास के लिए तत्पर आर्थिक व प्रोद्योगिकी सहयोग प्रदान कर रहा है साथ ही उन्होंने किसानों को जल संचयन के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि 'जल है तो जीवन है। रेणुकूट सी.एस.आर. हेड अनिल झा ने मुख्य अतिथि व सभी सदस्यों और किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों के सहयोग के लिए सी.एस.आर. कई कार्यक्रम चला रहा है। अजोला खेती का प्रशिक्षण एवं कीट वितरण किसानों एवं पशुपालको के आजीविका सृजन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस पहल से पशुओं के दूध उत्पादन क्षमता में वृद्धि व उनके स्वास्थ्य में सुधार आएगा जिससे किसानों एवं पशुपालकों के आय में वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी अन्य तकनीकी के सहायता के लिए सी0एस0आर0 टीम हमेशा किसानों के साथ खड़ा है। ग्रामीण विकास अधिकारी सुभाशीष चक्रवर्ती व रमाकान्त शर्मा ने आये हुए सभी मुख्य अतिथियों व किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम और महिलाओं के बीच नोकझोंक

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** शिकायत के बाद पाथामाई तालाब में अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम एवं पुलिस बल को महिलाओं द्वारा आत्मदाह करने की धमकी देने पर बैक फुट में आना पड़ा और टीम चेतावनी देकर बैरंग लौट गई। नगर पंचायत पाथामाई तालाब के सुंदरीकरण एवं पथवे निर्माण की तैयारी कर रही है। तालाब के पार में कुछ लोगों ने रिहायशी मकान बना रखे हैं। नगर पंचायत ने करीब एक दर्जन लोगों को नोटिस देकर तालाब की पार को खाली करने को कहा था लेकिन किसी ने जगह खाली नहीं की। शनिवार को समाधान में आए नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार, कानूनगो छोटेलाल वर्मा, राजस्व लेखपाल अशोक कुमार व महेंद्र कुमार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य व एसआई मनीष पटेल आदि को साथ लेकर तालाब में पहुंचे और अन्य लोगों के बजाय मुन्ना यादव का मकान ढहाने के लिए बुलडोजर मौके पर बुला लिया। बुलडोजर को सामने देखकर मुन्ना यादव के परिवार की महिलाएं सामने आ गई और बच्चों सहित बुलडोजर के सामने आत्मदाह कर लेने की धमकी दी। इससे राजस्व एवं पुलिस टीम के हाथ पैर फूल गए। टीम ने उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। अधिकारियों से वार्ता के बाद टीम बैरंग लौट गई। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

# राबर्ट्सगंज में बही ग़ज़लों और गीतों की रसधारा

अवधनामा ब्यूरो

**मित्रमंच फाउण्डेशन, सोनभद्र ने ग़ालिब जयंती पर आयोजित किया 22वाँ सालाना मुशायरा, कवि सम्मेलन**




**सोनभद्र।** मित्रमंच फाउण्डेशन, सोनभद्र द्वारा अजीम शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की 227वीं जयंती के मौके पर शुक्रवार को 22वें मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होटल अरिहंत के हॉल में किया गया। इस मुशायरे एवं कवि सम्मेलन में देश भर के नामचीन शायरों, कवियों एवं कवयित्री ने अपनी रचनाएँ पढ़कर श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी। मुशायरा शाम 9.30 बजे से रात्रि 2.30 बजे तक चला। मुशायरे का आगाज मुशायरे एवं कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि सोनभद्र के साहित्य गौरव डॉ. लवकुश प्रजापति, मित्रमंच के संरक्षक-द्वय दया सिंह, उमेश जालान ने ग़ालिब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शम्मा रोशन की रस्म अदा करके की। इसके बाद मित्रमंच के अध्यक्ष विकास वर्मा ''बाबा'' एवं कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष राम प्रसाद यादव, संरक्षक दया सिंह एवं सदस्यों विनोद कुमार चौबे, फरीद अहमद, इकराम खां आदि ने शायरों एवं कवियों का माल्यार्पण कर बैज लगाते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किये। विकास वर्मा बाबा ने कवियित्री प्रतिभा यादव को पुष्प गुच्छ, बैज और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लवकुश प्रजापति ने की एवं मंच संचालन हसन सोनभद्री ने किया। मुशायरा एवं कवि सम्मेलन की शुरुआत मनोज मधुर ने सरस्वती वंदना से की। इसके उपरांत अफ़ज़ल इलाहाबादी ने ग़ालिब की एक ग़ज़ल पढ़कर मुशायरे का सिलसिला आगे बढ़ाया।

सैकड़ों सुधी श्रोताओं ने सभी शायरों की ग़ज़लें-नज़्में, कवियों एवं कवयित्रि के गीत-कविताएं मंत्रमुग्ध होकर सुनीं और भरपूर दाद दी।

कवि लवकुश प्रजापति ने कहा-
''रीत गये सब प्रेम रीत, रसहीन हुई है रसना।
फिर भी ढूंढ रहा मैं तेरी आंखों में मीरा का सपना।।'

विकास वर्मा ''बाबा'' ने कहा-
'कौन किस हद तलक क्या सोचेगा,
इसका तो कोई दायरा ही नहीं।'

हसन सोनभद्री ने कहा-
'सबने पूछा बोलो कुछ लाए कि नहीं।
बस माँ ने पूछा था कुछ खाए कि नहीं।।'

पंडित प्रेम बरेलवी ने कहा-
'जनाब ज़िन्दे क्या मुर्दे भी बोल उठते हैं,
करो जो बात तो हर चीज़ बात करती है।'

अफ़ज़ल इलाबादी ने कहा-
'मेरी तामीर मुकम्मल नहीं होने पाती,
कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है।'

सुहेल आतिर ने कहा-
'कुछ वार ही तलवार के बेकार गये हैं।
ये किसने कहा तुझसे के हम हार गये हैं।।'

मनोज मधुर ने कहा-
'प्यार की रस्म निभाना हमें आता ही नहीं।
रूठना और मनाना हमें आता ही नहीं।।'

कमल नयन त्रिपाठी ने कहा-
'मुझको क़ातिल कहा गया इसी सुबूत पर।
आधा लहू बदन में था बाक़ी ख़ुतूत पर।'

डॉ. मनमोहन मिश्र ने कहा-
'जो मेरे गीतों का इक-इक पेज है।
दर्द का मेरे वो दस्तावेज़ है।।'

प्रतिभा यादव ने कहा-
'पलकों पे कोई ख्वाब सज़ाकर तो देखिए।
दिल में किसी का प्यार बसाकर तो देखिए।'

अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. लवकुश प्रजापति ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कार्यक्रम में पढ़ी गई रचनाओं और श्रोताओं की तारीफ करते हुए सभी का धन्यवाद किया। मित्रमंच फाउण्डेशन, सोनभद्र के अध्यक्ष विकास वर्मा ''बाबा'' ने देश भर से आए हुए सभी शायरों, कवियो, कवयित्री एवं श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुशायरे एवं कवि सम्मेलन की महफ़िल को अगले साल तक के लिए मुल्तवी किया।

कार्यक्रम में मित्रमंच फाउण्डेशन के संरक्षक राधेश्याम बंका एवं मित्रमंच फाउण्डेशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों में उमेश जालान, संदीप चौरसिया, फरीद अहमद, अमित वर्मा, विनोद कुमार चौबे, रामप्रसाद यादव, श्याम राय, नंदलाल केशरी, डॉ. गोविंद यादव, धर्मराज जैन, इकराम खॉ, नन्दकिशोर विश्वकर्मा, राजेश सोनी, आशीष अग्रवाल, रविन्द्र केशरी, मुहम्मद इमरान बख्शी,मुमताज अहमद, आदि सहयोगी, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 48 बिजली अभियंता निलंबित

■ ओटीएस का लक्ष्य पूरा न कर पाने पर हुई कार्रवाई, आक्रोश




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में एकमुश्त समाधान योजना का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर निगमों में अभियंताओं के निलंबन की कार्रवाई शुरू हो गई है। तीन दिन में करीब 48 अभियंता निलंबित किए जा चुके हैं। करीब दो दर्जन से ज्यादा को चार्जशीट दी गई है। तीन दिन पहले एकमुश्त समाधान योजना की समीक्षा करते हुए पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिया था कि खराब प्रदर्शन वाले क्षेत्र के अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस आदेश को आधार बनाते हुए सभी निगमों के प्रबंध निदेशकों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का दावा है कि शनिवार शाम तक एक मुश्त समाधान योजना की आड़ में एक अधीक्षण अभियंता, 12 अधिशासी अभियंताओं, पांच सहायक अभियंता और 30 अवर अभियंता को निलंबित किया गया है। इस दौरान संविदा पर कार्यरत 129 लाइनमैन और 85 मीटर रीडरों को हटा दिया गया है। करीब दो दर्जनों से ज्यादा अभियंताओं और अवर अभियंताओं को चार्जशीट दी गई है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कार्पोरेशन एवं निगमों के प्रबंधन पर कार्मिकों के साथ टकराव का माहौल बनाने, जान बूझकर महाकुंभ से पहले बिजली व्यवस्था बेपटरी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निजीकरण के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन हो रहा है। एकमुश्त समाधान योजना का क्रियान्वयन भी चल रहा है। इसके बाद भी कार्पोरेशन प्रबंधन ने हर डिस्काम से अभियंताओं को निलंबित करना शुरू कर दिया है। यह ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति पैदा करने का साजिश है। अभियंताओं ने कहा कि रविवार को झांसी में होने वाले बिजली पंचायत में भी इस मुद्दे पर मंथन किया जाएगा और कार्पोरेशन के मंसूबे को पूरा नहीं होने दिया जाएगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आर वाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आर बी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम आदि ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अन्य अभियंताओं पर उत्पीड़न की कार्यवाही प्रबंधन की बौखलाहट का नतीजा है। बिजली कर्मचारियों ने प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की आपूर्ति 30618 मेगावॉट का कीर्तिमान बनाकर प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया।

## प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में दिखेगी महाकुंभ की झलक

**लखनऊ।** जनवरी में होने वाले महाकुंभ को लेकर रेलवे की तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों की बोगियों को महाकुंभ की थीम पर तैयार किया जा रहा है। इससे बोगियों का लुक बदल गया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि महाकुंभ को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। शनिवार को डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने प्रयाग स्टेशन का दौरा किया। वहां कराए जा रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा तय समय से पहले काम पूरा करने के निर्देश दिए।

वहीं दूसरी ओर लखनऊ या अन्य रूटों से प्रयागराज की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों को नया लुक दिया जा रहा है। बोगियों को महाकुंभ की थीम की विनाइल कोटिंग की गई है, जो यात्रियों को महाकुंभ की ओर आकृष्ट करेगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा को लेकर प्रयाग के स्टेशनों पर काफी काम किया जा रहा है। 3200 रेलकमी, अधिकारी संभालेंगे मोर्चा सीनियर डीसीएम ने बताया कि 700 कॉमर्शियल डिपार्टमेंट के अधिकारी, कर्मचारी महाकुम्भ के दौरान ड्यूटी देंगे।

## सत्य कैलाश आश्रम और तुलसीदास मंदिर हेतु 2.61 करोड़ जारी

# प्राचीन स्थलों के पर्यटन विकास हेतु राज्य सरकार कटिबद्धः जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** जनपद मैनपुरी में लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र सत्य कैलाश आश्रम और तुलसीदास मंदिर के सौंदर्यीकरण व पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 2.61 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसमें से 1.65 करोड़ रूपये की धनराशि जारी कर दी गई है। इन योजनाओं के पूरा होने से श्रद्धालुओं से काफी सहूलियत होगी। राज्य सरकार प्राचीन धार्मिक स्थलों को विकसित करके श्रद्धालुओं को आकृषित करने का संकल्प लिया है। इससे स्थानीय लोगों को छोटे-मोटे रोजगार प्राप्त होगें।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि मैनपुरी जिले के कुरावली विकासखंड स्थित ग्राम नौरंगपुर स्थित ब्रह्म विद्यापीठ श्री सत्य कैलाश आश्रम की स्थापना श्रीमत्स्यास्वामी धनराज गिरि जी महाराज ने की थी। क्षेत्र का सबसे पुराना आश्रम अपने वेदांत और प्राचीन ज्ञान के लिए प्रसिद्ध है। यह शंकराचार्य की धार्मिक पीठ है। यह एक सिद्ध पीठ की तरह है, जहां वेद तथा संन्यास से संबंधित ज्ञान की शिक्षा दी जाती है। यह स्थल बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। योजना अंतर्गत लगभग 1.38 करोड़ रुपए से पर्यटन विकास किया जाएगा। इसमें 90 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। यहां पर्यटकों के लिए हॉल, शौचालय, गेट, बेंच, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मैनपुरी जिले में ग्राम अड्डूपुर स्थित तुलसीदास मंदिर प्रसिद्ध देवालयों में से एक है। यहां प्रतिदिन रामायण का पाठ होता है। श्रावण मास एवं शिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। पर्यटक सुविधा विकसित करने के लिए लगभग 1.23 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 75 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। इसमें मल्टीपर्पज हॉल, गेट, बेंच, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। घरेलू पर्यटन के मामले में हम देश भर में पहले स्थान पर हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने के प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है।

# रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दिनांक 26 दिसम्बर को राजकीय बालिका इण्टर कालेज, छोटी जुबिली, लखनऊ में रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीन माह के आत्म रक्षा प्रशिक्षण के उपरान्त छात्राओं द्वारा विभिन्न आत्म रक्षा कौशलों का प्रदर्शन किया गया। मास्टर ट्रेनर सुश्री फातिमा जेहरा के नेतृत्व में छात्राओं ने us Turn up kicks flexibility sheik, tiles breaking ग्रुप फाइट का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा बुशरा अलवीरा सहायक प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र विभाग ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती, भाषा विश्वविद्यालय द्वारा अपने ओजपूर्ण भाषण द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आलिया कक्षा-7 द्वितीय स्थान सपना शर्मा कक्षा 10 व तृतीय स्थान रागिनी कक्षा-8 द्वारा प्राप्त किया गया। गुलफ्शा, अंजली गुप्ता और हुमा को भी पुरस्कृत किया गया। स्मृति श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी आकांक्षा सोनकर द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया गया। संस्था प्रमुख डा अंकिता सिंह द्वारा प्रमुख अतिथि का सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन आयोजित

**लखनऊ।** लखनऊ की सुप्रसिद्ध साहित्यिक संस्था लक्ष्य के तत्वावधान में एस एस डी पब्लिक स्कूल, अलीनगर सुनहरा, कृष्णानगर, लखनऊ के मानव मन्दिर सभागार में पुस्तक लोकार्पण, सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ जय प्रकाश तिवारी ने की। डॉ प्रेमलता त्रिपाठी मुख्य अतिथि, डॉ ज्ञानेन्द्र पाण्डेय एवं वेद प्रकाश सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता समारोह में शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि, डॉ प्रेमलता त्रिपाठी की सुमधुर वाणी वन्दना एवं डॉ शरद पाण्डेय शशांक के कुशल संचालन से हुआ। मंचासीन अतिथियों के सम्मान के पश्चात पण्डित बेअदब लखनवी की आध्यात्मिक पुस्तक माँ चन्द्रिका देवी की महिमा व पंजाब से पधारे कवि लेखक दिलीप कुमार पाण्डेय की कृति समीक्षात्मक लेख रचनाशीलता का गणित का विमोचन मंचस्थ मनीषियों द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ ज्ञानेंद्र पाण्डेय सहित समस्त मंचस्थ मनीषियों द्वारा विमोचित पुस्तकों पर अपने अपने विचार प्रकट किये गए।

# प्रभु की लीलाये सांकेतिक उद्देश्य परक है : सुधीर

■ चीर हरण लीला का तात्पर्य है की भगवान ने गोपियों को जल में निर्वस्त्र स्नान नहीं करने का संदेश दिया



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा मे शनिवार को नैमिषारण्य के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने श्री वृंदावन धाम में भगवान श्री कृष्ण की लीला की चर्चा करते हुए कहा कि प्रभु की सभी लीलाये सांकेतिक उद्देश्य परक होती हैं। चीर हरण लीला का तात्पर्य है कि गोपियों में जो अज्ञानता का पर्दा पड़ा हुआ था वह नष्ट कर दिया।

उन्होंने कहा कि चीर हरण लीला का तात्पर्य है की भगवान ने गोपियों को जल में निर्वस्त्र स्नान नहीं करने का संदेश दिया और यह भी की भगवान ने कोई भौतिक वस्त्र नहीं बल्कि गोपियों में जो अज्ञानता का पर्दा पड़ा हुआ था वह नष्ट कर दिया। गोपियो ने प्रार्थना की प्रभु हम तो आपकी चरण दासी हैं प्रभु ने सरस पूर्णिमा को बंशी का वादन किया बंशी का स्वर सुनकर गोपिया दौड़ पड़ी। यमुना के किनारे जहाँ ठाकुर जी बंशी बजा रहे थे। ठाकुर जी ने पूछा यहा क्यो आई गोपिया कहती है मोहन आप बंशी न बजाया करो।

महाराज जी ने जब घनश्याम तेरी बंशी पागल कर जाती है..., गाया तो सभी श्रोता झूमने लगे। आचार्य सुधीर ने कहा कि प्रभु ने दिव्य रास लीला की राश का तात्पर्य ही है जिसमें जीव और ब्रह्म का मिलन हो। भगवान के मथुरा गमन का प्रसंग सुनकर विरह वेदना से वृंदावन के लोग व्याकुल हो उठे भगवान ने सबको समझाया और मथुरा में कंश का संघार किया। अपने माता पिता को कारगार से मुक्ति दिलाई आचार्य श्री ने रुक्मिणी श्री कृष्ण विवाह बहुत धूमधाम से मनाया सभी भक्त मुकुट सिर मोर का.. भजन सुनकर भाव विभोर हो गए कथा मे कैंट उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, आदित्य अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, पवन कुमार, लालजी, सत्यम कुमार, वीरेंद्र अग्रवाल, गोलू, संजय दयाल, संजय भाई, टिंकू भाई, रिंकू भाई

# सुन्दर कांड हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ : डा. ओम प्रकाश

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ज्ञान सरोवर विधालय, वृदांवन कालिन्दी पार्क के निकट अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा (रजि) लखनऊ एवं देवभूमि सरोकार समिति के तत्वावधान में चल रहे 'श्री राम कथा' ज्ञान यज्ञ के आठवें दिन प्रख्यात रामकथा मर्मज्ञ डा. ओम प्रकाश 'मानस रसिक' ने सुन्दर कांड के महत्व के बारे में कहा।

डा. ओम प्रकाश 'मानस रसिक' ने कहा, सुन्दर कांड हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ श्री रामचरितमानस का एक महत्वपूर्ण भाग है। जिसमें भगवान राम के जीवन और उनके भक्त हनुमान की वीरता के बारे में वर्णन किया गया है। भगवान राम ने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। और अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने परिवार और समाज के लिए बलिदान दिया। उन्होंने आगे कहा, सुन्दर कांड पढ़ने से आध्यात्मिक ज्ञान और आत्मशांति की प्राप्ति होती है। अपने जीवन के उद्देश्य को समझने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। हमें भगवान श्री राम एवं हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को एक अच्छा और नैतिक जीवन बनाने का प्रयास करना चाहिए।

मीडिया प्रभारी अशोक असवाल ने जानकारी दी कि 29 दिसम्बर रविवार को श्री राम कथा का अन्तिम दिन में प्रातः 11 बजे विधि विधान से हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर आज महेन्द्र सिंह रावत, गणेश जोशी, विष्णु दत्त जोशी, के एन पाठक, चन्दोला जी, मंगल रावत, आर पी जुयाल, सुरेन्द्र कुमार मालकोट, रेनु शर्मा, संगीता सिंह, बीना नेगी, पुष्पा सांवत, नीलम जुयाल, रजनी राणा, विनीता तिवारी सहित आदि कई राम भक्त मौजूद थे।

## मानव जीवन का लक्ष्य सेवाः सुरेश खन्ना

**लखनऊ।** यूपी के वित्त एवम् संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना बोलेए दीक्षांत के बाद सेवा ही परम धर्म होना चाहिए। सेवा में ही प्रेम है। स्नेह की शर्त संवेदनशीलता है। अतः हमें जीवन में संवेदनशील होना चाहिए। स्टुडेंट्स का लक्ष्य केवल धन प्राप्ति नहींए बल्कि निःस्वार्थ लोक सेवा होना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीए महान दार्शनिक डॉण् सर्वपल्ली राधाकृष्णननए मिसाइल मैन डॉण् एपीजे अब्दुल कलामए महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य के संग.संग श्रीमद भागवत गीताए उपनिषदों और चीन के दार्शनिक कन्यूशियस के उद्धरणों के हवाले से युवाओं को शिक्षा की उपयोगिताए मानव सेवाए कर्मए स्वावलंबनए माता.पिताए गुरु और अतिथियों के प्रति सम्मान भावए दोस्तीए उपलब्धियों और अहंकार को विस्तार से परिभाषित किया।

# कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

■ डॉ. सिंह के जीवन और कामों ने भारत के भविष्य को दिशा दिखाईः अजय राय



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री, महान अर्थशास्त्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शनिवार को प्रदेश भर में कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित कांग्रेसियों ने स्वर्गीय डॉ. सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में मौजूद अजय राय सहित अन्य कांग्रेसियों ने अग्नि की एक लौ जला कर ईश्वर से देश के श्रेष्ठ पुत्र स्व. मनमोहन सिंह को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। पार्टी मुख्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अजय राय ने कहा कि डॉ. सिंह के जीवन और कामों ने भारत के भविष्य को दिशा दिखाई। 1990 के दशक के प्रारम्भ में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। अपनी अद्वितीय दूरदृष्टि के साथ उन्होंने ऐसे सुधारों की शुरूआत की जिन्होंने न केवल देश को भुगतान संकट से उबारा बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए दरवाजे भी खोले। प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. सिंह ने देश का नेतृत्व, शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमता के साथ किया। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहलें हुई जैसे मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, ऐतिहासिक भारत यूएसस सिविल परमाणु संधि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, भूमि अधिग्रहण कानून, कृषि कर्ज माफी योजना, 93वीं संविधान संशोधन जिसने अनुसूचित जातियों/जनजातियों और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आर्टिकल 15 (5) के जरिए सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया। सूचना का अधिकार अधिनियम को पारदर्शिता बढ़ाने, वन अधिकार अधिनियम को जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और अपने कार्यकाल में उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिये। श्री राय ने कहा कि स्व. सिंह असाधारण गुणों के धनी थे। उनकी गरिमा, विनम्रता, शालीनता उन्हें एक दुर्लभ चरित्र वाले नेता के रूप में स्थापित करती है। डॉ. सिंह का नेतृत्व और अर्थशास्त्र में उनका योगदान हमेशा जिन्दा रहेगा और हम सभी देशवासियों को प्रेरित करेगा ताकि हम अपने महान देश की प्रगति और समृद्धि में योगदान कर सकें। इस मौके पर डॉ. सी.पी. राय, सतीश अजमानी, अखिलेश प्रताप सिंह, इन्दल रावत, डॉ. मसूद अहमद, शिव पाण्डेय, दिनेश सिंह, अनिल यादव, मुकेश सिंह चौहान, अरशद खुर्शीद, अर्चना राठौर, डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रियंका गुप्ता, पुनीत पाठक, वेदप्रकाश त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, ममता चौधरी, उरूसा राणा, अनस रहमान, सुशील तिवारी, मोहम्मद शमीम खान, ओबैद नासिर, अनीस अंसारी, संजय दीक्षित, मेहताब जायसी, अनीस अख्तर मोदी, शुएब खान, तनवीर फातिमा, हम्माम वहीद, नुसरत अली, अंशू त्रिपाठी, के.डी. शुक्ला, कनिष्का राफेल, शिफा खान, पुष्पेन्द्र सिंह, मंजूदीप रावत, अय्यूब सिद्दीकी, अरविन्द बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

## दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**लखनऊ।** राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन हेतु आर.डी.एस.ओ. द्वारा राजभाषा विभाग के हिंदी पुस्तकालय में दो-दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रत्येक दिन दो सत्र चलाये गए। कार्मिकों को पहलेदिनके पहले सत्र में राजभाषा संबंधी संवैधानिक व्यवस्था, राजभाषा अधिनियम 1963 तथा राजभाषा नियम 1976 से संबंधित जानकारी एवं दूसरेसत्रमें अनुवाद सरलीकरण तथा दूसरेदिन के दोनों सत्रों में क्रमश हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाने वाले विराम चिह्नों के बारे में जानकारी एवं सामान्य टिप्पण का अभ्यास तथा यूनिकोड इंस्टालेशनएवंई-ऑफिस में हिंदी में कार्य करने के बारे में जानकारी दी गई।

## मजलिसे पंजुम आज

**लखनऊ।** कमर इमाम रिजवी, कमर लखनवी की पत्नी स्वर्गीया मुनव्वर जहां के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे पंजुम रविवार को आयोजित होगी। रविवार शाम 7 बजे हाता मिर्जा अली खां स्थित बुधिया वाली मस्जिद पर होने वाली मजलिस को जामिया नाजमियां के प्रोफेसर मौलाना हसनैन बाकरी जौरासी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीया के आवास पर दिन में 3 बजे होगी।

## एलडीए ने किया सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में विभिन्न प्रकरणों से संबंधित कुल 76 फाइलों का निस्तारण किया गया। लविप्रा के संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम ने बताया कि उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण में लम्बित फाइलों के निस्तारण के लिए शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। सभी विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, लिपिक व अभियंतागण अपने अनुभाग की लम्बित फाइलों के साथ सुबह 10 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। इस दौरान उपाध्यक्ष ने खुद लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की और फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्रवाई कराई। सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में रिफण्ड की 7, रजिस्ट्री के 18, फ्री-होल्ड के 9, नामांतरण की 27 और अभियंत्रण की 15 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।

# डीआरई से बदल सकती है ग्रामीण भारत की तस्वीर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पीसीआई इंडिया के एसोसिएट निदेशक आदिल अब्बास ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि स्वच्छ ऊर्जा तकनीक ग्रामीण भारत में आजीविका के अवसर बढ़ाया जा सकता है।

आजीविका के लिए स्वच्छ ऊर्जा तकनीक का बाजार मूल्य 5000 करोड़ (50 बिलियन) डॉलर है।

विशेष रूप से विकेन्द्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा (डीआरई), लाखों महिला किसानों और लाखों ग्रामीण समूह महिला सदस्य व्यवसायों को ऊर्जा, रोजगार और उत्पादकता संबंधित चुनौतियों से उबरने में सहायता कर सकती है। भारत ने लगभग 100 प्रतिशत विद्युत कनेक्शन का लक्ष्य हासिल कर लिया है, लेकिन अब भी बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

डीआरई तकनीक में हरित विकास की क्षमता मौजूद है। उसकी इस क्षमता को जमीन पर प्रभावी बनाने के लिए इसे बड़े पैमाने पर अपनाना आवश्यक है। और 3.4 करोड़ ग्रामीण ऐसे सूक्ष्म उद्यमों से से जुड़े हैं, जिनमें से कई बिजली गुल रहने की वजह से संकट में रहते हैं। सिंचाई हो या दूसरे काम, बिजली के लिए डीजल तेल से चलने वाले जनरेटर का इस्तेमाल करने पर लागत काफी बढ़ जाती है। लेकिन सौर, पवन और बायोगैस से चलने वाली स्वच्छ प्रौद्योगिकी बिजली आपूर्ति के इस अंतर को पाट रही है। साल 2020 में प्रकाशित मैकिन्सी रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत में कम से कम 900 लाख नए गैर-कृषि रोजगार सृजित करने की जरूरत है। इसके अलावा, 2070 तक नेट जीरो के अपने वादे पर आगे बढ़ते हुए भारत को अपने विकास को हरित यानी उत्सर्जन रहित बनाने की भी जरूरत है। जलवायु रोजगार उत्पादकता की इस त्रिकोणीय चुनौती को हल करने का एक उपाय विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित ऊर्जा- कुशल समाधानों को सक्षम बनाना है। इसमें छोटे सौर पंप, सोलर या बायोमास से चलने वाले कोल्ड स्टोरेज, सोलर रेशम रीलिंग मशीन, सौर ऊर्जा से चलने वाले डीप फ्रीजर, सोलर ड्रायर और सौर ऊर्जा से चलने वाले हाइड्रोपोनिक फोडर स्टेशन (हरा चारा उगाने की प्रणाली) जैसे डीआरई उपाय शामिल हैं। विकेन्द्रीकृत होने के कारण, डीआरई प्रौद्योगिकियों में ग्रामीण भारत में महिलाओं के लिए आर्थिक अवसरों को उपलब्ध कराने की भी क्षमता है। विशेष रूप से, सिल्क रीलिंग मशीन, सोलर ड्रायर और माइक्रो सोलर पंप जैसी तकनीकों में महिलाओं के लिए बहुत से अवसर मौजूद हैं। डीआरई तकनीक में हरित विकास की क्षमता मौजूद है। उसकी इस क्षमता को जमीन पर प्रभावी बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता व आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए इसे बड़े पैमाने पर अपनाना बहुत ही आवश्यक है। ऐसी स्वच्छ तकनीक के उपयोगकर्ताओं के लिए किफायती वित्त पोषण और एक मजबूत एंड-टू-एंड इको-सिस्टम बनाना बहुत जरूरी है। इसे केंद्र और राज्य सरकारों, फाइनेंसरों, अंतिम सिरे तक पहुंचने वाले वितरकों और सिविल सोसाइटी संगठनों (सीएसओ) की मदद से तेज किया जा सकता है।

## निर्वाण गुडेली विपिन अग्निहोत्री के चैट शो का हिस्सा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस जनवरी में अमेजन् प्राइम पर प्रसारित होने वाले चैट शो स्पीक अप में प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और कोच निर्वाण गुडेली शामिल होने जा रहे हैं। निर्वाण गुडेली ने कहा के मुझे उम्मीद है कि मेरी यात्रा को साझा करने से अन्य लोगों को सामाजिक सक्रियता और कोच होने के मूल सिद्धांतों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रसिद्ध फिल्मकार और सामाजिक कार्यकर्ता विपिन अग्निहोत्री के अनुसार इस 12 एपिसोड की श्रृंखला में विभिन्न क्षेत्रों की 12 हस्तियां शामिल होंगी। पांच एपिसोड पहले ही शूट किये जा चुके हैं और आने वाले दिनों में हम बाकी एपिसोड की शूटिंग पूरी कर लेंगे। निर्वाण गुडेली के चयन के बारे में विपिन ने कहा कि वह आज के युवाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# गौरव सरीन का लखनऊ आगमन पर हुआ स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रबुद्ध अधिवक्ता गौरव सरीन , जो विगत माह दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामोद्दिष्ट किये गए हैं, के लखनऊ में उक्त उपलब्धि के उपरान्त प्रथम आगमन पर उनके मित्र अधिवक्ताओं के द्वारा आयोजित समारोह में भव्य स्वागत किया गया। श्री सरीन के पिता माननीय न्यायमूर्ति मनमोहन सरीन जम्मू कश्मीर के मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं एवं उनकी पत्नी चारुल सरीन भी दिल्ली उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में हजारों वादकारियों को न्याय दिलवाने हेतु प्रयासरत हैं। लखनऊ के शालीमार गैलेन्ट के क्लब हाउस में आयोजित सम्मान समारोह एवं रात्रिभोज में , सैकड़ों अधिवक्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे जिन्होंने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ दे कर श्री सरीन, उनकी पत्नी एवं पुत्र शौर्य सरीन जो ओपी जिंदल कॉलेज से विधि की शिक्षा ग्रहण कर रहा है , का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सरीन ने अपने सामाजिक कर्तव्यों एवं दीन, हीन और उपेक्षितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने हेतु विधि व्यवसाय के माध्यम से सार्थक प्रयास कर उनको उनके अधिकारों के रक्षार्थ निःशुल्क विधिक परामर्श देने का प्रण दोहराया।